
राष्ट्रीय मुख्यधारा
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, मंगलवार
25.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 25
हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# पीएम मोदी ने किया ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का उद्घाटन

## विकसित मध्य प्रदेश से विकसित भारत की यात्रा में खास योगदान देगी समिट: पीएम मोदी

एजेंसी। भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मप्र की राजधानी में हो रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 विकसित भारत के प्रयासों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि विकसित मध्य प्रदेश से विकसित भारत की यात्रा में इस समिट की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। इससे पहले पीएम मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 और प्रदेश की 18 नीतियों का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि भारत आने वाले सालों में ऐसे ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व का भविष्य भारत में है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ ही दिन पहले जलवायु परिवर्तन पर यूएन की एक संस्था ने भारत को सौर ऊर्जा की सुपरपॉवर कहा था। इस संस्था ने ये भी कहा कि जहां कई देश सिर्फ बातें करते हैं, वहीं भारत नतीजे लाकर दिखाता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश जनसंख्या के हिसाब से भारत का 5वां सबसे बड़ा राज्य है। मध्य प्रदेश कृषि के मामले में भारत के टॉप के राज्यों में है। खनिज पदार्थ के हिसाब से भी मध्य प्रदेश देश के टॉप 5 राज्यों में है। मध्य प्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का भी आशीर्वाद प्राप्त है। मध्य प्रदेश में हर वो संभावना है, हर वो संभावना है जो इस राज्य को जीडीपी के हिसाब से भी देश के टॉप 5 राज्यों में ला सकता है। मोदी ने कहा, बीते 2 दशकों में मध्य प्रदेश ने परिवर्तन का नया दौर देखा है। एक समय था जब यहां बिजली और पानी की बहुत सारी दिक्कतें थीं। कानून-व्यवस्था की स्थिति तो और भी खराब थी। ऐसी हालत में यहां इंडस्ट्री का विकास बहुत मुश्किल था। बीते 2 दशक में मध्य प्रदेश के लोगों के सपोर्ट से यहां की भाजपा सरकार ने शासन पर फोकस किया। दो दशक पहले तक लोग मध्य प्रदेश में निवेश करने से डरते थे। आज मध्य प्रदेश निवेश के लिए देश के टॉप राज्यों में शामिल हो गया है।

**परीक्षा में काफिला बाधक न बने इसलिए देरी से पहुंचे पीएम, माफी भी मांगी** : पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे यहां आने में विलंब हुआ, इसके लिए मैं आप सबसे क्षमा चाहता हूं। उन्होंने विलंब का कारण बताते हुए कहा कि जब मैं यहां पहुंचा तो एक बात ध्यान में आई कि आज 10वीं और 12वीं के छात्रों की परीक्षा है। उसका समय और मेरा राजभवन से निकलने का समय एक हो रहा था।



### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 : सीएम डॉ यादव ने पीएम मोदी को भेंट की महाकाल की तस्वीर

**भोपाल**। इससे पहले कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर भगवान महाकाल की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में जीआईएस 2025 में शिरकत कर रहे देसी-विदेशी मेहमानों समेत अनेक उद्योगपती भी मौजूद रहे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करने पीएम मोदी राष्ट्रीय मानव संग्रालय पहुंचे थे।

## संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों में महिलाओं की मौजूदगी दीर्घकालिक शांति समझौते में अधिक प्रभावी : राष्ट्रपति



एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में वैश्विक दक्षिण की महिला शांति सैनिकों के सम्मेलन की प्रतिभागियों से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों में महिलाओं की अधिक मौजूदगी हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी होती है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शांति स्थापना मिशन में महिलाओं की मौजूदगी इसे और अधिक विविधतापूर्ण और समावेशी बनाती है। महिला शांति रक्षकों की अक्सर स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है और वे महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। वे लिंग आधारित हिंसा से निपटने, विश्वास बनाने और संवाद को बढ़ावा देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला कर्मियों के उच्च प्रतिशत वाले शांति मिशन हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक महिलाओं को शामिल करें। राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत के योगदान के गौरवशाली इतिहास को याद किया, जिसमें 2,90,000 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सेवा की है। आज, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए, अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में तैनात 9 सक्रिय मिशनों में 5000 से अधिक भारतीय शांति सैनिक हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय महिला शांति सैनिक कर्तव्य की पुकार में सबसे आगे रही हैं। आज छह चल रहे संयुक्त राष्ट्र मिशनों में 154 से अधिक भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात हैं। 1960 के दशक में कांगो से लेकर 2007 में लाइबेरिया में पुलिसिंग तक, हमारी महिला शांति सैनिकों ने व्यावसायिकता और आचरण की उच्चतम परंपराओं का प्रदर्शन किया है। महिला शांति सैनिक नई दिल्ली में "शांति स्थापना में महिलाएं: वैश्विक दक्षिण का परिप्रेक्ष्य" विषय पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेने के लिए आई हैं। इस सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र, नई दिल्ली के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण की महिला अधिकारियों को एक साथ लाना है ताकि शांति स्थापना के लिए समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों और शांति स्थापना मिशनों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### 'मन की बात' को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग




**नई दिल्ली**। नरेन्द्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो केंद्र) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 'मन की बात' को एक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल करने का अनुरोध किया है। यूजीसी के अध्यक्ष को संबोधित पत्र में नमो केंद्र के अध्यक्ष प्रो. जसीम मोहम्मद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकाशवाणी द्वारा प्रसारित रेडियो कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया, जिसने सफलतापूर्वक 110 से अधिक एपिसोड पूरे कर लिए हैं। नमो केंद्र के पत्र में कहा गया है, "मन की बात का यह कार्यक्रम प्रेरणा, प्रोत्साहन और राष्ट्र निर्माण के विचारों का स्रोत रहा है। इसमें सामाजिक सुधार, युवा सशक्तिकरण, नवाचार, आत्मनिर्भरत भारत और भारत की सांस्कृतिक विरासत सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है।" विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप नरेन्द्र मोदी अध्ययन केंद्र ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से उच्च शिक्षा में मन की बात को अनिवार्य विषय बनाने का आग्रह किया है। अनुरोध में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि "इस विषय का अध्ययन छात्रों को दृढ़ संकल्प और सफलता के वास्तविक जीवन के उदाहरणों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का हवाला देते हुए पत्र में कहा गया है, "हम उच्च शिक्षा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन मन की बात को अनिवार्य विषय बनाने की दृढ़ता से अनुशंसा करते हैं। इससे छात्रों को भारत के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण में नेतृत्व की भूमिका के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर घटा, हटाई गईं ग्रैप-2 की पाबंदियां

नई दिल्ली, 24 फ़रवरी (हि.स.)। राजधानी में प्रदूषण का स्तर घट गया है। सोमवार को राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) 186 दर्ज किया गया। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली -एनसीआर में लागू ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण दो की पाबंदियां हटा ली हैं। इसके तहत अब डीजल जनरेटर चलाए जा सकेंगे, वहीं निजी गाड़ियों के लिए पार्किंग फीस भी कम हो सकेगी। हालांकि राजधानी में ग्रैप- एक की पाबंदियां लागू रहेंगी। सोमवार को सीएक्यूएम की उपसमिति ने आपात बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। एक्यूआई में आई गिरावट और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर ग्रैप-2 की पाबंदियां हटाने का फैसला लिया गया है।

**ग्रैप-2 की पाबंदियां हटने इन्हें मिलेगी राहत** : कोयले और जलाऊ लकड़ी पर प्रतिबंधः रेस्तरां और होटलों में तंदूर सहित कोयले और जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर प्रतिबंध था। डीजल जनरेटर पर प्रतिबंधः आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर, डीजल जनरेटर के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। निर्माण और विध्वंस पर प्रतिबंधः निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसमें राजमार्ग, फ्लाईओवर और पाइपलाइन जैसी सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने आएंगे लाखों श्रद्धालु

**काठमांडू**। महाशिवरात्रि पर नेपाल और भारत से बुधवार को करीब दस लाख श्रद्धालु पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने आ सकते हैं। मंदिर प्रबंधन करने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि करीब चार हजार साधु और हजारों की संख्या में श्रद्धालु बागमती नदी के तट पर स्थित इस मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए काठमांडू पहुंच रहे हैं। महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म के दिन के रूप में जाना जाता है। पशुपति ट्रस्ट की प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस दिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कुल 10 हजार सुरक्षाकर्मी और 5 हजार स्वयंसेवक तैनात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर महाशिवरात्रि को रात दो बज कर 15 मिनट पर खुलेगा और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के चारों द्वारों से शिवलिंग के दर्शन की व्यवस्था की गई है। इस बीच काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने महाशिवरात्रि के दौरान मंदिर के आसपास शराब, मांस और मछली के उत्पादन, बिक्री, उपभोग और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए नोटिस जारी किया है। नोटिस के मुताबिक पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र में और उसके आसपास सोमवार से गुरुवार तक शराब, मांस और मछली पर प्रतिबंध रहेगा। नियम का उल्लंघन करने वाले को दंडित किया जाएगा।



# रक्षा मंत्रालय ने तेजस एमके-1 ए का उत्पादन सुचारू करने के लिए बनाई कमेटी

- पांच सदस्यीय समिति एक माह में एलसीए कार्यक्रम में बाधाओं की पहचान करके करेगी सिफारिश




**नई दिल्ली**। बेंगलुरु में 'एयरो इंडिया' के दौरान वायु सेना प्रमुख की नाराजगी के बाद स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके-1ए का उत्पादन सुचारू करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने एक कमेटी का गठन किया है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी यह समिति एलसीए के उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे पर काम करेगी, क्योंकि सरकार वायु सेना के लड़ाकू स्क्वाड्रनों को बढ़ावा देना चाहती है। पांच सदस्यीय समिति को एलसीए कार्यक्रम में बाधाओं की पहचान करने और उत्पादन में तेजी लाने के उपायों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। दरअसल, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बेंगलुरु में 'एयरो इंडिया' के दौरान एलसीए विमान की आपूर्ति में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। बेंगलुरु में एक विमान का निरीक्षण करते समय एयर चीफ को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अधिकारियों से यह कहते हुए सुना गया था कि उन्हें सरकारी एयरोस्पेस कंपनी पर 'कोई भरोसा नहीं' है। एक वीडियो में एपी सिंह को यह कहते हुए सुना गया, "मैं आपको केवल यह बता सकता हूं कि हमारी आवश्यकताएं और हमारी चिंताएं क्या हैं। फिलहाल, मुझे एचएएल पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।" इसी के बाद रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके-1ए के उत्पादन और आपूर्ति में देरी को दूर करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। परिचालन स्क्वाड्रनों की संख्या में लगातार गिरावट को लेकर चिंताओं के बीच भारतीय वायुसेना अपने लड़ाकू जेट बेड़े को मजबूत करना चाहती है।रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय समिति को एलसीए कार्यक्रम में बाधाओं की पहचान करने और उत्पादन में तेजी लाने के उपायों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। उच्चस्तरीय समिति को लड़ाकू जेट बनाने में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाने की भी जिम्मेदारी दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए एक महीने की समयसीमा दी गई है। समीक्षा में विमान निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के तरीकों की खोज की जाएगी, ताकि डिलीवरी में तेजी लाई जा सके।

## बालू से भरे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मारी, दोनों पानी से भरे गड्ढे में गिरे, सात की मौत

**पटना**। पटना के मसौढ़ी में रविवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया है। मसौढी-नौबतपुर मार्ग स्थित धनीचक मोड़ पर बालू से लदे ट्रक ने एक सवारी आटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर पानी से भरे एक गड्ढे में जा गिरा। ट्रक भी उसी गड्ढे में जाकर ऑटो के ऊपर पलट गया। इस हादसे में 7 लोगों की जान चली गई। वहीं सोमवार सुबह आक्रोशित लोगों ने मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग को जाम कर दिया है। करीब 3 घंटे से रोड पर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मसौढ़ी के एसडीओ नव वैभव ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। देर रात हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से राहत कार्य चलाया गया। गाड़ी के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक ऑटो में सभी मजदूर थे और पटना से मजदूरी करके तारेगना स्टेशन पर उतरे। फिर वहां से ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। इस बीच पितवांस की ओर से जा रहे ट्रक का एक्सेल टूट गया और ट्रक असंतुलित होकर ऑटो से टकरा गया। इसके बाद दोनों वाहन पानी भरे गड्ढे में जा गिरे। ग्रामीणों के मुताबिक, खराट गांव के मजदूर प्रतिदिन अपने गांव से ट्रेन पकड़कर पटना मजदूरी करने जाते हैं।

## न्यूयॉर्क से उड़ते ही मिली विमान को बम से उड़ाने की धमकी, रोम में कराई आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली**। रविवार को न्यूयार्क से दिल्ली जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद उसे रोम की ओर डायवर्ट कर दिया। इस घटना से विमान के सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में तनाव का माहौल था, लेकिन विमान को रोम में सुरक्षित लैंडिंग के बाद सभी ने राहत महसूस की। अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट एए 292, जो न्यूयार्क के कैनेडी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरने के बाद जब कैस्पियन सागर के ऊपर थी, तब चालक दल को विमान में बम होने की धमकी मिली। यह धमकी मिलने के बाद विमान को तत्काल यूरोप की ओर मोड़ दिया। चालक दल ने स्थिति को गंभीरता से लिया और विमान को रोम की दिशा में मोड़ते हुए हाई अलर्ट के साथ सुरक्षित लैंडिंग के लिए इटली के रोम में लियोनार्डो दा विंची फ्यूमिसिनो हवाईअड्डे पर उतारने का फैसला लिया। विमान का सुरक्षित लैंडिंग के बाद एयरलाइंस ने कहा कि न्यूयार्क से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एए 292 को विमान में संभावित खतरे के कारण डायवर्ट किया गया। इस मामले की जांच की जा रही है और विमान में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। इस घटना के बाद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




## खाद्य सुरक्षा, जलवायु लचीलापन और डिजिटल सशक्तीकरण सिर्फ़ नीतियां नहीं, भविष्य की राह हैं : चंद्रशेखर पेम्मासानी

एजेंसी। नई दिल्ली

पिछले कुछ दिनों में 21वें अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) के विचार-मंथन सत्र से जो सामूहिक दृष्टिकोण सामने आया है, वह निश्चित रूप से एशिया और अफ्रीका-क्षेत्र के बीच गहरे संबंधों को मज़बूत करेगा और यह इस क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में काफ़ी मददगार साबित होगा। यह बात केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कही। एएआरडीओ के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि एशिया के चावल के खेतों से लेकर अफ्रीका के भूदृश्यों तक हमारी लोक परंपराओं और घनिष्ठ समुदायों में जो सामूहिक दृष्टि उभरी है, हमारे लोग उसी भविष्य-सम्मान, अवसर और प्रगति की तलाश में हैं। उन्होंने बताया कि एएआरडीओ की अध्यक्षता संभालना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी भी है, खाद्य सुरक्षा, जलवायु लचीलापन और डिजिटल सशक्तीकरण पर हमारी गतिविधियां और चर्चाएं केवल नीतियां नहीं हैं, यह भविष्य का रास्ता है। इस सम्मेलन ने इस बात की पुष्टि की है कि विकास तब सबसे मजबूत होता है जब यह समुदाय में निहित होता है, स्थानीय ज्ञान, प्रौद्योगिकी और दक्षिण-दक्षिण सहयोग से प्रेरित होता है। एएआरडीओ में भारत के रुख को व्यक्त करते हुए डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि हमारी यात्रा साझा है और हमारी प्रगति सामूहिक होनी चाहिए। हममें से प्रत्येक को एक-दूसरे से सीखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए कि विकास एशिया-अफ्रीका के सबसे दूरदराज के गांवों तक भी पहुंचे। प्रत्येक प्रतिभागी को उनकी अंतर्दृष्टि, मैत्री और एकता के लिए धन्यवाद देते हुए डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि यह मंच एक नई प्रतिबद्धता प्रदान करेगा और एकजुट मिशन के साथ उद्देश्य में मजबूती के लिए दृष्टि प्रदान करेगा।



# थरूर को मनाने कांग्रेस ने चला बड़ा दांव- मुख्यमंत्री पद का दिया ऑफर

**नई दिल्ली**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर वैसे लंबे समय से अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं लेकिन बढ़ती नाराजगी अनयिंत्रत हुई तो कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ ही उन्होंने मोर्चा खोल दिया। बीते एक सप्ताह से आ रहे उनके बयान साफ संकेत दे रहे थे कि वे जल्द कांग्रेस छोड़ेंगे और दूसरी पार्टी में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस भी जानती है कि थरुर एक कददावर नेता हैं और पार्टी को उनकी जरुरत है। शायद यही वजह है की कांग्रेस ने उन्हे मनाना शुरु कर दिया है और मुख्यमंत्री का ऑफर भी दे दिया है। चार बार कांग्रेस से सांसद रह चुके शशि थरूर ने हाल ही में केरल कांग्रेस में नेतृत्व के अभाव को लेकर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए थे। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात कर अपनी भूमिका को लेकर चर्चा की, जिससे यह अटकलें और तेज हो गईं कि वह पार्टी से दूरी बना सकते हैं। हालांकि, केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सुधाकरण ने इस संभावना से इनकार किया और कहा कि थरूर न तो पार्टी छोड़ेंगे और न ही सीपीएम में शामिल होंगे।थरूर ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर कांग्रेस अगले विधानसभा चुनावों में सत्ता में आती है, तो वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में रहेंगे। उनका दावा है कि विभिन्न सर्वेक्षणों में उन्हें केरल में सबसे लोकप्रिय कांग्रेस नेता के रूप में दिखाया गया है। यह बयान कांग्रेस के राज्य नेतृत्व के लिए असहज करने वाला साबित हो रहा है। वहीं, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य रमेश चेन्निथला ने थरूर को दी गई जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें हमेशा प्रमुख भूमिकाएं दी हैं। चेन्निथला ने कहा, कांग्रेस को थरूर की जरूरत है, तभी तो उन्हें चार बार सांसद बनाया गया, केंद्रीय मंत्री पद दिया गया और पार्टी की शीर्ष संस्थाओं में शामिल किया गया।



## जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में हो सकती है बारिश और बर्फबारी

**नई दिल्ली**। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कल यानी मंगलवार से दो दिन दिन बारिश और बर्फबारी का जताया है। हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में 26 और 27 फरवरी को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी देखने को मिलेगा। इसके चलते पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 1 मार्च तक बारिश हो सकती है। हालांकि अधिकांश राज्यों में इस हफ्ते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में तापमान 6.1 डिग्री पहुंच गया है। प्रदेश में हल्की सर्दी का दौर फिर आ गया है। दिन में ठंडी हवा चल रही है तो रात में ठंड हैं। रविवार की रात प्रदेश के तीन शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल गया। प्रदेश के पूर्वी जबलपुर, सागर, शहडोल-रीवा के साथ भोपाल संभाग में भी पारा लुढ़का गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी यानी 24-25 फरवरी को भी हल्की सर्दी का एहसास होगा।

## कांग्रेस में जल्द होगी संगठनात्मक सर्जरी, प्रियंका गांधी को मिलेगी जिम्मदारी!

**नई दिल्ली**। कांग्रेस कई राज्यों में चुनाव हार चुकी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का रिजल्ट जीरो रहा है। ऐसे में पार्टी के लिए लगातार हार चिंता का कारण बन रही है। यही वजह है कि कांग्रेस चुनाव प्रबंधन तंत्र मजबूत करने के लिए विचार विमर्श कर रही है। इसकी कमान प्रियंका गांधी को सौंपी जा सकती है। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) में भी व्यापक बदलाव किए जाने की संभावना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'निष्क्रिय' सदस्यों को हटाने का फैसला कर लिया है। इनमें एके एंटनी, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक और आनंद शर्मा शामिल हैं। दरअसल, पार्टी नेतृत्व को 36 सदस्यीय सीडब्ल्यूसी में कुछ नवनियुक्त पदाधिकारियों को शामिल करना है और इस वजह से कार्यसमिति में कुछ नई जगह बनानी होंगी। जयराम रमेश, गौरव गोगोई, रणदीप सुरजेवाला और चरणजीत सिंह चन्नी की भी जगह खाली हो रही है। गौरव गोगोई को असम में कांग्रेस का चेहरा बनाए जाने की संभावना है, जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025



# मंईयां और अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई गतिशिल : राज्यपाल

एजेंसी:रांची

रांची, 24 फ़रवरी (हि.स.)। छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकसित झारखंड की यात्रा को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस यात्रा में मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशिल हुई है। राज्यपाल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद पहल को बढ़ावा देने के लिए 163 करोड रुपए से रांची के कोर कैपिटल एरिया, धुर्वा में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। धुर्वा में ही 3.45 एकड़ भूमि पर झारखंड वर्ल्ड ट्रेड सेंटर भी बनाया जा रहा है। इससे राज्य में निर्यात से संबंधित जरूरी आधारभूत संरचनाओं का विकास,



निर्यात की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की लागत राशि में से 47 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए इस वित्त वर्ष में 81 भर्ती कैंपों और 63 रोजगार मेलों का आयोजन कर 8499 युवाओं का चयन किया गया है। साथ ही स्किल कॉन्कलेव का आयोजन कर 21861 प्रशिक्षण लेनेवालों को रोजगार ऑफर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों में 59 कांड दर्ज किए हैं। इसमें कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से चलाए गए नक्सली अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और नौ नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। वहीं 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि छात्रों को आर्थिक सशक्तिकरण करने के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि को बढ़ाकार क्रमश : 500 को बढ़ाकर 1500 और 2250 को बढ़ाकर 4500 रुपए कर दिया गया है।

# मनरेगा घोटाला मामले में कार्यपालक अभियंता ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, कोर्ट ने दी जमानत




एजेंसी:रांची

खूंटी मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित जय किशोर चौधरी ने सोमवार को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के बॉन्ड पर जमानत दे दी। दरअसल, खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला के दौरान जय किशोर चौधरी कार्यपालक अभियंता थे। चौधरी पर मनरेगा योजना में करोड़ों रुपये के घोटाला में शामिल होने का आरोप है। ईडी ने उन्हें अपनी प्रोसिक्यूशन कंप्लेन में आरोपित बनाया था। इसके बाद से उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। इसी बीच सोमवार को उन्होंने विशेष कोर्ट में सरेंडर करदिया। इसके साथ ही चौधरी ने कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया। कोर्ट में चौधरी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने बहस की। इसके बाद विशेष कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के बॉन्ड पर जमानत दे दी। जमानत मिलने से जय किशोर चौधरी को बड़ी राहत मिली है।

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से गुमशुदा दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई के संबंध में अपडेट रिपोर्ट मांगी

एजेंसी:रांची

साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनो बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना आदि के बारे में सरकार के आवेदन पर यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया) ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को सीलबंद रूप में अनुसंधानकर्ता को सौपा जाएगा। वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि केंद्र की रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई और तेज होगी। कोर्ट ने दोनों गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में




राज्य सरकार से अपडेट जानकारी मांगी है। वही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि उसने सीलबंद रिपोर्ट अनुसंधानकर्ता को सौंपी है या नहीं। अगली सुनवाई मार्च माह में होगी। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने यूआईडीएआई को दोनों बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित मांगे गए बॉयोमेट्रिक उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के आवेदन की आलोक में जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया था। दरअसल, कुलदेव साह और वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/2022 में बी हांसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# किड्स कैम्पस हाई स्कूल को आईसीएसई बोर्ड की मिली मान्यता




एजेंसी:रांची

**हजारीबाग** । किड्स कैम्पस हाई स्कूल को आईसीएसई बोर्ड से मान्यता मिली है। इससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। सोमवार को प्राचार्य अबरार अहमद ने पत्रकारों बताया कि स्कूल की स्थापना 2009 में शुरु थी। 2025 में स्कूल को आईसीएसई बोर्ड से मान्यता मिली है। यह हजारीबाग शहर में कार्मेल स्कूल के बाद दूसरा सबसे बड़ा आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूल बन गया है। आईसीएसई बोर्ड से मान्यता मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन गौरव महसूस कर रहा है। हमारे यहां शिक्षा से जुड़े हुए सभी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए हम कटिबद्ध है। आईसीएसई गाइडलाइंस के अनुसार स्कूल में तमाम गतिविधि संचालित है। इसमें वार्षिक पैरेंट्स डे, खेलकूद, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित तमाम गतिविधियों को शामिल किया गया है। साथ ही पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला की सुविधा अलग-अलग रूप में स्थापित की गई है। इसमें सभी तरह के साइंस (विज्ञान, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायो, मैथमेटिक्स, एआई रोबोटिक, लैंग्वेज) से जुड़े लैब शामिल है। कंप्यूटर एप्लीकेशन शिक्षा की सुविधा है।

# रोजगार सृजन मेला, 363 को मिला ऑफर लेटर


एजेंसी:रांची

**पलामू** । ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से सोमवार को डालटनगंज के दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में 4वें जनजातीय गौरव दिवस पर जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सफलता के लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस एवं एप्लीकेशन आवश्यक है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है और तकनीक का विस्तार हुआ है। ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने अनुशासन पूर्वक सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए जीवन शैली को बेहतर बनाने की सीख दी। उन्होंने एआई तकनीक, चैट जीपीटी आदि तकनीक के प्रयोग एवं उसके सकारात्मक प्रभाव से जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने बालक-बालिकाओं की ओर से पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के लिए चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो. रजा, साजीद, राणा गोपाल को सांकेतिक रूप से मुख्य मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेला के दौरान 363 युवक-युवतियों को 25 कंपनियों में रोजगार के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। रोजगार मेला के दौरान 1440 युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर इनकी योग्यता के अनुरूप 754 को शॉर्ट लिस्ट किया जा चुका है। अन्य आवेदकों के आवेदनों की जांच की जा रही है, ताकि उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार प्रदान किया जा सके। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार ने कहा कि सफलता के लिए मेहनत आवश्यक है। कर्म ही पूजा है, का अनुसरण हम सभी को करनी चाहिए। रोजगार के लिए जाने के पूर्व किन-किन प्रमाण पत्रों, दस्तावेजों की आवश्यकता होगी, इसका मूल्यांकन कर साथ रख लें, ताकि आवश्यकता अनुसार उसे तुरंत प्रस्तुत किया जा सके। श्रम अधीक्षक-सह-श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी एतवारी महतो ने सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय से पहुंचे प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। यहां मेला आयोजित हुआ है। कंपनियां आई हैं। अथार्त रोजगार आपके द्वार आया है। युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उनकी हुनर, स्कील के अनुरूप रोजगार और वेतन प्राप्त होगा। जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से पलामू में 18549 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। वहीं 1310 ग्राम संगठन एवं 60 संकुल संगठन हैं। इससे दो लाख दो हजार से अधिक परिवार जुड़ा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिलवाकर सभी को रोजगार से जोड़कर आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मौके पर एक लघु फिल्म के माध्यम से उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। रोजगार के क्षेत्र में लक्ष्य के विरुद्ध बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रूप में सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर हुसैनाबाद, दूसरे स्थान पर हैदरनगर एवं तीसरे स्थान पर मोहम्मदगंज प्रखंड रहा। इनके बीपीएम को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय के प्रोग्राम मैनेजर 'नियोजन' साईं दत्ता मुखर्जी, प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी, जेएसएलपीएस पलामू के जिला वित प्रबंधक इमरान अहमद प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित युवक-युवती एवं नियोक्ता उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने तबादले में किया संशोधन, कुलदीप कुमार बने रहेंगे सदर थाना प्रभारी

एजेंसी:रांची

रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची जिला बल में स्थानांतरण किए हुए पदाधिकारियों के आदेश को 24 घंटे के भीतर संशोधित करते हुए बदल दिया है। 23 फरवरी को उन्होंने थाना प्रभारियों का तबादला किया था। सोमवार को उन्हें अपने आदेश में संशोधन करना पड़ा। आदेश में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार का तबादला किया गया था, वहीं नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को हटाना पड़ा था। रांची जिले में 23 फरवरी को एसएसपी ने चार इंस्पेक्टर और तीन सब इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया था। इस आदेश में संशोधन करते हुए दो इंस्पेक्टर के पदस्थापन को बदला गया है। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को सदर थाना से तबादला करते हुए डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया था लेकिन नये आदेश के बाद उन्हें




फिर से सदर थाना प्रभारी बनाया गया है। दूसरी तरफ पुलिस केंद्र में पदस्थापित रणजीत सिन्हा को सदर थाना प्रभारी बनाया गया था, लेकिन आदेश में संशोधन करते हुए उन्हें टाटीसिलवे थाना प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा मनोज कुमार को नामकुम थाना प्रभारी बनाया गया। साथ ही नामकुम थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित ब्रह्मदेव प्रसाद को पुलिस लाइन में क्लोज किया गया। वहीं दीपिका प्रसाद को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है।

# कोलकाता से प्रयागराज जा रही बस दुर्घनाग्रस्त

एजेंसी:रांची

**हजारीबाग** । हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र में महाकुंभ के लिए कोलकाता से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं की बस सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा सियरकोनी 19 के पास पीके इंटरनेशनल होटल के नजदीक हुआ। हादसे में 30 के करीब यात्री घायल हुए हैं। इनमें से दो की स्थिति गंभीर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़क किनारे प्याज लदा एक ट्रक खड़ा था। पीछे से आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर इस ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एनएचएआई



के एम्बुलेंस से सभी घायलों को चौपारण सरकारी अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार मामूली रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों का इलाज जारी है। सभी यात्री खतरे से बाहर हैं।

# आरपीएफ ने शराब के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

एजेंसी:रांची

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के औरंगाबाद निवासी राहुल कुमार और श्रीधर कुमार शामिल है। आरपीएफ के एएसआई रवि शेखर ने सोमवार को बताया कि रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान प्लेटफार्म संख्या तीन पर एक हरे, काले रंग के कैनवास झोले के साथ दो व्यक्ति संदिग्ध तरीके से बैठे हुए पाए गए। इसके बाद उनके झोले की जांच करने पर 750 एमएल की "आइकोनिक व्हाइट व्हिस्की" की 18 बोतलें बरामद हुईं। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि उन्होंने उपरोक्त प्रतिबंधित वस्तुओं को हटिया से खरीदा था और अपने




निजी लाभ के लिए अतिरिक्त पैसे लेकर बेचने के लिए बिहार ले जा रहे थे। बरामद शराब का बाजार मूल्य 12 हजार 420 रुपये बताया जा रहा है। बरामद शराब और गिरफ्तार दोनों आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा अध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री



**एजेंसी : रांची** । झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है। सत्र प्रारंभ होने से पहले विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्प भेंट किया। दूसरी ओर विधानसभा में मुख्यमंत्री सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा माणिक लाल हेंब्रम ने किया।

### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू

**एजेंसी : रांची** । झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार के उपलब्धियों का बखान किया। इसी दौरान भाजपा की ओर से विरोध प्रकट किया गया। भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्यपाल से झूठ बोलवाया जा रहा है। जो बाते कही जा रही है वो असत्य है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने अभिभाषण के दौरान कही गयी बातों का विरोध किया। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में सरकार विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट भी पेश करेगी।



### सरकार ने हाई कोर्ट को बताया कि नेता प्रतिपक्ष ना होने से लोकायुक्त सहित अन्य पदों पर नहीं हो पा रही नियुक्ति

**एजेंसी : रांची** । राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण उक्त नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। इसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च माह के अंतिम सप्ताह की तिथि निर्धारित की है। राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद कुछ वर्षों से रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने को लेकर हाईकोर्ट काफी गंभीर है और कोर्ट ने सरकार को उक्त पदों पर जल्द नियुक्ति का निर्देश भी दिया है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा नहीं होने के कारण नियुक्तियों पर पेंच फंसा हुआ है।

### लगभग एक घंटे तक चला राज्यपाल का अभिभाषण

**एजेंसी : रांची** । बजट सत्र में सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण लगभग एक घंटे तक चला। राज्यपाल का अभिभाषण सुबह 11.35 बजे से शुरू हुआ और दोपहर 12.32 बजे समाप्त हुआ। इसके पूर्व विधानसभा पहुंचने पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने बुके देकर उनका स्वागत किया और उनकी अगवानी की। वहीं इस मौके पर मुख्या सचिव अलका तिवारी और गृह सचिव वंदना दादेल भी मौजूद थीं। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भ्रष्टाचार के मुददे पर विपक्ष के विधायक सीपी सिंह और नीरा यादव ने विरोध जताया। **दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि**- बजट सत्र में पहले दिन सदन में शोक प्रकाश के दौरान दिवंगत हुए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पूर्व सुबह 11.5 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। वहीं सदन की कार्यवाही को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### एबीवीपी करेगी शैक्षणिक सर्वेक्षण: याज्ञवल्क्य शुक्ला

**एजेंसी : रांची**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर की ओर से यशवंत स्मृति भवन में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में होने वाले शैक्षणिक सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अभाविप बिहार झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला एवं प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारे उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिसर में कार्य करने वाला सक्रिय छात्र संगठन है, रांची में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को किस प्रकार उपलब्ध हो और परिसरों में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल किस प्रकार से बनाया जा सके। इसके लिए वर्तमान परिदृश्य में शैक्षणिक सर्वेक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिषद शैक्षणिक सर्वेक्षण करायेगी। सर्वेक्षण के पश्चात हम इस स्थिति में रहेंगे कि परिसरों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किन स्तरों पर सुधार की जा सकती है। इसके लिए अभाविप का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल एवं कुलपति से संवाद स्थापित कर झारखंड के सभी विश्वविद्यालय में इस प्रकार की पहल करेगी, जिससे उच्च शिक्षा का स्तर ठीक किया जा सके। कार्यशाला में शैक्षणिक सर्वेक्षण परिसरों में किस प्रकार से संचालित होंगे इसके लिए कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें परिषद कार्यकर्ताओं ने एक फॉर्मेट तैयार किया है उस फॉर्मेट के माध्यम से विद्यार्थियों से उनके परिचय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे और विद्यार्थियों के उत्तर और उनके सुझाव के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।




### मुख्यमंत्री से विधानसभा में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**एजेंसी : रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधान सभा में विभिन्न सरना समिति एवं आदिवासी संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण से संबंधित कुछ मांगो से अवगत कराया। मौके पर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक राजेश कच्छप सहित सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, जय आदिवासी परिषद, आदिवासी जन परिषद एवं सिरम टोली सरना समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो थर्मल से बाइक द्वारा कुम्भ स्नान को गए दो युवक



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल जनता नगर निवासी तथा एसटीपी का कार्य करने वाली कंपनी भरत जी पटेल में बतौर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत अमित कुमार अपने कार्यालय के सहयोगी सन्नी सिंह के साथ अपनी अपाची बाइक से शनिवार को सुबह आठ बजे प्रयागराज के लिए निकले और रविवार को ढाई बजे प्रयागराज पहुंच स्नानादि कर प्रयागराज से चलकर सोमवार को साढ़े तीन बजे बोकारो थर्मल पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन कर ली। अमित ने 1150 किलोमीटर की आवाजाही की यात्रा बाइक से तय की।

### चोरी के पांच मोबाइल सहित एक चोर को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** चोरी के पांच मोबाइल सहित एक चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना सोमवार की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत कंजकिरो शिशुटोला निवासी एक युवक ने गोमिया थाना अंतर्गत पिपराडीह स्थित सीसीएल कॉलोनी निवासी एक युवक से तीन माह पूर्व एक विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल खरीदा था। बाद में उक्त युवक को उसी मोबाइल पर रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू थाना की पुलिस ने फोन कर कहा कि जिस मोबाइल का प्रयोग वह कर रहा है, वह पतरातू से चोरी हुआ है और उस मोबाइल को वह स्थानीय थाना में जाकर जमा कर दे। साथ ही, उक्त युवक को पुलिस ने चोरी में संलिप्त युवक को पकड़वाने में सहयोग करने को कहा। उक्त युवक चोरी का मोबाइल पेंक नारायणपुर थाना में जमा करने गया तो थाना प्रभारी ने मोबाइल जमा लेने से इंकार कर दिया।

सोमवार को उक्त युवक ने चोरी का मोबाइल बेचने वाले चोर को फोन कर एक और मोबाइल खरीदने की बात कही। मोबाइल चोर ने उसे गोमिया थाना अंतर्गत डीएवी स्वांग के समीप बुलाया। बाद में उक्त युवक कंजकिरो के पूर्व पंसस राम लखन महतो सहित अन्य युवकों को लेकर डीएवी स्वांग के समीप पहुंचे, जहां मोबाइल चोर पांच मोबाइल लेकर पहुंचा। राम लखन महतो सहित सभी युवकों ने मोबाइल चोर सहित सभी चोरी के मोबाइल को लेकर बोकारो थर्मल थाना पहुंच, थाना के अनि अजीत कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार को सुपुर्द कर दिया। पकड़ा गया मोबाइल चोर गोमिया थाना के पिपराडीह निवासी लोकनाथ सिंह का पुत्र मोहित सिंह है। मोहित सिंह ने थाना में बताया कि उसका बड़ा भाई प्रयागराज में है और वहां से मोबाइल चोरी कर गोमिया उन लोगों के पास भेजता है। स्थानीय थाना से पतरातू पुलिस को पकड़े गये चोर एवं जब्त किए गए मोबाइल की सूचना दी गई। सूचना पर पतरातू पुलिस बोकारो थर्मल पहुंच, पकड़े गए मोबाइल एवं चोर को अपने साथ ले गई।

### चंद्रपुरा- विष्णुगढ़ सड़क निर्माण की मांग

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः चंद्रपुरा :** धनबाद जिला अंतर्गत लोहापट्टी फोरलेन से चंद्रपुरा - नावाडीह होते हुए विष्णुगढ़ (हजारीबाग) तक फोरलेन सड़क निर्माण कराने की मांग तेज होने लगी है। आजसू पार्टी नेता बीगन महतो एवं भरत महतो ने गिरिडीह सांसद से इस सड़क के निर्माण कराने की मांग की है। आजसू नेता ने कहा कि इस रोड का निर्माण होने से चंद्रपुरा एवं नावाडीह प्रखंड का चहुंमुखी विकास होगा। रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं इसका सर्वाधिक लाभ दोनों प्रखंड क्षेत्र के किसान एवं उच्च शिक्षार्जन करने वाले गरीब तबके के विद्यार्थियों को होगा। ग्रामीण इलाके की इस सड़क के निर्माण होने से जरूरतमंद लोगों को हजारीबाग आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। फिलहाल लोग चंद्रपुरा प्रखंड से नावाडीह - डुमरी - बगोदर से विष्णुगढ़ अथवा चंद्रपुरा से बेरमो - गोमिया - कोनार - विष्णुगढ़ होते हुए हजारीबाग जाते हैं। इस सड़क का निर्माण होने से इस इलाके की दूरी हजारीबाग से करीब 30 किमी कम हो जाएगी।

### परीक्षा पेपर लीक मामले में करें डिजिटल उपकरणों का उपयोग : डीजीपी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के क्रम में डीजीपी ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की वर्तमान स्थिति, जांच में हुई प्रगति और आगे की रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा किया। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों से परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखने को कहा। उन्होंने इस मामले की जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिये और सभी संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस मामले के अनुसंधान में डिजिटल तकनीकी उपकरण का उपयोग कर गहराई से जांच करने और दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके अलावे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के उपायों पर भी बल दिया।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जैक की ओर से प्रश्न पत्र को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाई जाने वाली पूरी प्रक्रिया को अधिकारी समझें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पेपर लीक कहां से हुआ। साथ ही बरामद डिजिटल डिवाइस की जांच का निर्देश भी डीजीपी ने दिया । ताकि, पूरे प्रकरण के मुख्य अभियुक्त साजिशकर्ता को चिन्हित किया जा सके।

बैठक में आईजी असीम विकांत मिंज, संजीव कुमार, वाई एस रमेश सहित कई अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए।

# सेक्टर 12 स्थित क्लब मोड़ पर 24 घंटे का अष्टजाम हरि कीर्तन शुरू

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारोः** सेक्टर 12 स्थित क्लब मोड़ पर श्री राम क्लब की ओर से 24 घंटे का अष्टजाम हरि कीर्तन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत स्थानीय विद्वान पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिसमें चार यजमानों ने भाग लिया। पूजा के उपरांत स्थानीय और बाहरी प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हरिनाम संकीर्तन किया गया, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखा गया।

श्री राम क्लब के अध्यक्ष रिंकू सिंह ने बताया कि यह हरिनाम संकीर्तन पहली बार आयोजित किया गया है। भविष्य में इस स्थान पर एक भव्य मंदिर की स्थापना की योजना है, जिसमें श्री बजरंगबली और श्री शनि महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

अष्टजाम के दौरान निकाली गई झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। संध्या समय भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था।

इस भव्य कार्यक्रम में श्री राम क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आयोजन में रिंकू सिंह, चुमन कुमार, अमरनाथ पोद्दार, संतोष कुमार, शिव कुमार, भारत यादव, उत्पल सिंह, श्री राम गुप्ता, अनिल सिंह, पीयूष कुमार समेत कई गणमान्य लोग और सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति रही।

भक्तों ने इस आयोजन को भक्ति भाव से सराबोर बताते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई।

## झामुमो की बैठक में दांतू पंचायत कमिटी का हुआ गठन



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला कमिटी के निर्देश पर कसमार प्रखंड के दांतू पंचायत कमिटी के गठन को लेकर सोमवार को दांतू में बैठक की गई। इस दौरान वरीय झामुमो नेता फारूक अंसारी एवं महेंद्र सिंह की उपस्थिति में पंचायत कमिटी का गठन किया गया। पंचायत कमिटी में आजाद अंसारी को अध्यक्ष, आशीष रविदास एवं शंकर महतो को उपाध्यक्ष, दीपक कुमार नायक को सचिव, केदार नायक को कोषाध्यक्ष, बाबू जान को संगठन सचिव, इसराफिल अंसारी को मीडिया प्रभारी एवं गुही घांसी, तिलेश्वर घांसी, अघनु घांसी, प्रदीप घांसी, संजीव कुमार, बलदेव घांसी, अनवर अंसारी, कैलाश सिंह एवं संतोष नायक को पंचायत कमिटी का कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## तेनुघाट वन क्षेत्र में अवैध सफेद पत्थर तस्करी पर वन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारोः** गोमिया प्रखंड के लोधी पंचायत अंतर्गत तेनुघाट वन क्षेत्र के बनचतरा जंगल में अवैध रूप से जमा किए गए सफेद पत्थरों पर वन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जंगल में अवैध रूप से भंडारित सफेद पत्थरों को जब्त कर गोमिया स्थित वन कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। सूत्रों के अनुसार, इन पत्थरों की चमक अन्य पत्थरों की तुलना में अधिक होती है, जिससे तस्कर इन्हें ऊंचे दामों पर बेचने का प्रयास करते हैं।

सूचना मिलते ही वन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल में छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि पत्थरों को तस्करों द्वारा जंगल में इकट्ठा कर ट्रकों के माध्यम से बाहर भेजा जा रहा था। वन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर के सहारे पत्थरों को जब्त कर कार्यालय तक पहुंचाया। जब्त किए गए पत्थरों की मात्रा लगभग तीन ट्रैक्टरों के बराबर बताई गई है।

इस कार्रवाई को रविवार शाम अंजाम दिया गया, जिसे अवैध पत्थर तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच जारी है और अवैध तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि वन विभाग भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा।

## चंद्रपुरा में राज्य स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर 01 मार्च को

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बोकारो एवं डालसा द्वारा आगामी 01 मार्च 2025 को जिले के चंद्रपुरा स्थित डीवीसी प्लस टू हाई स्कूल मैदान में राज्य स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन होगा। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका ने शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मनी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित जिले के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में निदेशक डीआरडीए ने शिविर में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। इसके लिए अपने - अपने कार्यों दायित्वों को ससमय निष्पादन करने एवं लाभुकों की विवरणी तैयार कर समर्पित करने को कहा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, क्रमवार मंच, लाभुकों को लाने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

# डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरुकता कार्यशाला आयोजित

### निवेश सहित वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुए शिक्षक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक विकास लाने में युवा पीढ़ी की जागरूकता के निमित्त शिक्षाविदों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के भास्कर वर्मा (प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट) और जेके सिन्हा (वित्तीय सलाहकार) ने सभी को वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य के लिए धनराशि के समुचित प्रबंधन की जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने सुरक्षित भविष्य के लिए वर्तमान परिदृश्य में व्यवस्थित निवेश पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक वित्तीय योजना और लेन-देन, स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, बीमा, निवेश और बैंकिंग के कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने कहा कि निवेश किया गया आपका पैसा वास्तव में आपके लिए काम करता है और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है। उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को उन्होंने बचत की महत्ता, इसके फायदे, समय के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव, महंगाई के विभिन्न कारकों, पैसिव इनकम, लिक्विडिटी, शेयर मार्केटिंग आदि पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के साथ ही इस इंटरैक्टिव सेशन का समापन हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने वित्तीय मामलों की अद्यतन जानकारी की दिशा में उक्त कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों में शुरू से ही वित्तीय साक्षरता को लेकर बल दिया तथा कार्यशाला में शामिल शिक्षकों से अपने ज्ञानार्जन से छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का आह्वान भी किया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रतिभागी हुए सम्मानित



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चंद्रपुरा :** गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 में चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पपलो के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। गायत्री परिवार ने चंद्रपुरा में कार्यक्रम आयोजित कर अव्वल प्रतिभागियों के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को प्रमाण-पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। गायत्री परिवार बोकारो के आरएन पांडेय दिलीप जायसवाल, शर्मा जी एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक श्यामदेव प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की चहुंमुखी उन्नति के लिए बच्चों में भारतीय संस्कृति ज्ञान का बोध एवं क्वालिटी एजुकेशन अति आवश्यक है।

# 5 पुस्तकों का कुलपति ने किया विमोचन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहिबगंजः** एसकेएमयू दुमका के कुलपति प्रो. डॉ. विमल प्रसाद सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में साहिबगंज महाविद्यालय के रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार के द्वारा रचित पांच पुस्तकों का विमोचन किया। जिसमें "मास्टरिंग केमिस्ट्री ए कॉम्प्रिहेंसिव अप्रोच" प्रकाशक 'नाइनेटल्स पब्लिशिंग', "एनवायरनमेंटल साइंस" प्रकाशक ' जे. ई. सी. पब्लिकेशन', "ए टेक्स्टबुक ऑफ ग्रीन केमेस्ट्री" प्रकाशक एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस', "एडवांसेज इन केमेस्ट्री रिसर्च" प्रकाशक ' साइंटिफिक इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस', "ए टेक्स्टबुक ऑफ इनऑर्गनिक पॉलिमर केमिस्ट्री" प्रकाशक ' एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस' शामिल है। इस दौरान एसकेएमयू के कुल सचिव डॉ. राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह, ओएसडी परीक्षा डॉ. इंद्रनील मंडल एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष सह विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र विश्वविद्यालय विभाग के डॉ. संजय कुमार सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर कुलपति ने डॉ. अनिल कुमार को अपने शोध कार्य में और अधिक तन्मयता से कार्य में लगे रहने को कहा जिससे डॉ. कुमार भविष्य में महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं देश के गौरवान्वित महसूस करवाएंगे। उधर डॉ. कुमार ने बताया कि उपरोक्त सभी पुस्तक स्नातक, स्नातकोत्तर, शोध कार्य, नेट, गेट, मेडिकल के छात्रों के लिए उपयोगी है। ज्ञातव्य हो कि डॉ. कुमार द्वारा 120 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित है जहां कुल मिलकर 24 पुस्तक प्रकाशित है जिसमें अब तक विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों एवं अवार्ड से सम्मानित है।

# कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, तालझारी में बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहिबगंजः** कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, तालझारी में जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बाल विवाह, बाल शोषण, बाल तस्करी और पोक्सो एक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें यह समझाया गया कि ये कुरीतियां बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं और समाज में इनके खिलाफ सख्त कानून बनाए गए हैं।

विशेष रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की भूमिका और महत्त्व पर प्रकाश डाला गया, ताकि किसी भी संकट की स्थिति में छात्राएं त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। छात्राओं को बताया गया कि यह हेल्पलाइन बच्चों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है।

कार्यक्रम में छात्राओं को अपने अधिकारों को समझने और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक रहने का संदेश दिया गया। साथ ही, यह भी बताया गया कि सुरक्षित और सशक्त बचपन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है।

इस जागरूकता अभियान में विद्यालय की शिक्षिकाएं, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल रहीं। छात्राओं ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए सवाल पूछे और अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता जाहिर की।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025



# डुमरशाल में जूनियर किसान क्लब द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन





**पाकुड़िया** : डुमरशाल में जूनियर किसान क्लब द्वारा भव्य दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बिंदास बॉयज, दुमका और एफ.सी. चंपागढ़ के बीच खेला गया। रोमांचक मैच के दौरान दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में एफ.सी. चंपागढ़ ने विजयी ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

इस टूर्नामेंट के साथ-साथ खेल और शारीरिक गतिविधियों से संबंधित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष, पाकुड़ जुली हेंब्रम और झामुमो अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जुली हेंब्रम ने कहा, "फुटबॉल केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और संघर्ष का प्रतीक है। इस तरह के आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

सरकार भी खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ चला रही है, जिसका लाभ युवाओं को उठाना चाहिए।" मोतीलाल हांसदा ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि "खेलकूद के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और बड़े स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।

हमें अपने ग्रामीण इलाकों में इस तरह के आयोजन को लगातार बढ़ावा देना चाहिए ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिले।" इस टूर्नामेंट में मुख्य रूप से भुवेंद्र हांसदा, मंज़र आलम, माइकल टुडू, छोटू भगत, सुनील मुर्मू, बप्पी टुडू, पिंकी सुशील, मास्टर क्लब के अध्यक्ष बिर्नाल, सचिव जितमोहन राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को आगे बढ़ाने के लिए समर्थन देने की बात कही। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपने हुनर को निखारने का मौका मिले।

# पर्यटन स्थल को विकसित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला पर्यटन पदाधिकारी ने धरनी पहाड़ का किया स्थल निरीक्षण



**पाकुड़** : पिछलों दिनों जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, पाकुड़ की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार हिरणपुर प्रखंड स्थित धरनी पहाड़ (पर्यटन विभाग द्वारा सी श्रेणी में अधिसूचित) का सौंदर्यीकरन, पेयजल, सोलर आधारित लाईट एवं अन्य पर्यटकीय सुविधा का विकास किया जाना है।

इसी क्रम में उपायुक्त महोदय पाकुड़ से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में कार्यकारी एजेंसी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता राहुल श्रीवास्तव एवं जिला पर्यटन पदाधिकारी राहुल कुमार के द्वारा धरनी पहाड़ का स्थल निरीक्षण किया गया एवं वहाँ किए जाने वाले कार्यो का आकलन किया गया। गौरतलब हो की हाल ही में पर्यटको की सुविधा हेतु जिले के विभिन्न जगहों पर स्मार्ट साइनेज जिले के पर्यटन कार्यालय द्वारा लगवाया गया है। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता मंडल जी एवं अन्य मौजूद थे।



# नबीनगर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में निकाला गया प्रभात फेरी




**पाकुड़** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज पाकुड़ प्रखंड के नबीनगर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी निकाल कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी चन्द्रशेखर घोष के द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा पर विशेष रूप से जागरूकता फैलाई गई। लोगों को बताया गया कि निर्धारित उम्र सीमा से पहले बाल विवाह एक अपराध है ऐसे विवाह देश और समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करते है बच्चों को शिक्षा, रोजगार, से वंचित होना पड़ता है साथ ही स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बाल श्रम, डायन प्रथा के नुकसानों पर वस्तृत जानकारी दी गई। वहीं अन्य प्रखंडों में पीएलवी मल्लिका सरकार, मोलिता कुमारी, जयंती कुमारी समेत अन्य ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता व सरकारी योजनाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को दी। नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में लोगों को बताया।

## अपूर्ण योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का दिया निर्देश

# उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सांसद एवं विधायक निधि योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की....






**पाकुड़** : उपायुक्त मनीष कुमार ने सांसद योजना एवं विधायक योजना मद में लंबित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित डी.सी विपत्र पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि उक्त सभी फंड विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़ी हैं, स्वास्थ्य केन्द्र, पुल-पुलिया निर्माण, पथ, भवन या अन्य आधारभूत संरचना निर्माण से जुड़ी योजनाओं से समाज का एक बड़ा वर्ग लाभान्वित होता है, ऐसे में जरूरी है कि योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए लोगों तक लाभ पहुंचाई जाए। विधायक निधि एवं सांसद निधि अंतर्गत पूर्ण हुए कार्यों की यूटिलाइजेशन सार्टिफिकेट जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, विशेष कार्य पदाधिकारी समेत व अन्य उपस्थित थे।

# सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा आयोजित

**हिरणपुर** : श्री चिंताहरण मदादेव भागवत समिति के द्वारा सोमवार से सप्ताहव्यापी संगीतमय श्रीमद भागवत कथा आयोजित की गई। इसको लेकर सुबह भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 108 कुंआरी कन्याओं ने भाग लिया। इस कलश यात्रा में सिवनी मध्यप्रदेश से पधारे कथा वाचक अनन्या शर्मा सहित यजमान डाक्टर साहा व धर्मपत्नी भानु देवी ने भाग लिया। कलश यात्रा में शामिल लोग गाजे बाजे के साथ महावीरी ध्वज थामे हुए था। जो जयश्रीराम , हर हर महादेव की जयजयकार की गई। काफी उत्साह व उमंग के साथ सभी महिला पुरुष श्रधालुओ ने इसमे शामिल होकर निकट के तालाब में गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी कलश में जल भरा गया। इसके बाद जयकारा लगाते हुए नगर परिक्रमा किया। जिससे पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि शाम से भागवत कथा प्रारम्भ होगी। कथा आज से दो मार्च तक चलेगी। वही तीन मार्च को ज्ञान यज्ञ के साथ साथ महाप्रसाद का वितरण होगा।



# संस्था ने रेस्क्यू कर बचाया छोटे नंदी की जान





**पाकुड़** : सत्य सनातन संस्था के कोषाध्यक्ष एवं गौ सेवक दल के प्रमुख अमर ठाकुर ने सोमवार को पाकुड़ रेलवे फाटक के समीप एक छोटे नंदी जिसको किसी अनजान वाहन या किसी व्यक्ति द्वारा गंभीर चोट पहुंचा दिया था,को दोपहर 12 बजे देखा और उनकी व्यथा देख वो रह नहीं पाए उन्होंने तुरत संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे से संपर्क किया, श्री चौबे ने बात को गंभीरता से लेते हुए तुरत जिला अध्यक्ष हर्ष भगत के साथ उक्त स्थान पहुंचे तो देखा कि नंदी को काफी गंभीर चोट लगा है, एवं वो लहूलुहान है, उसका रेस्क्यू करने के लिए अध्यक्ष रंजित चौबे ने 1962 पर सूचना प्राप्त के 15 मिनट के अंदर ही 1962 के टिम मौके पर पहुंचे और संस्था के सदस्यों के सहयोग से उक्त छोटे गंभीर रूप से घायल नंदी का रेस्क्यू किया गया, मौके पर संस्था के दीपक राज गुप्ता, धीरज राज गुप्ता ,अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का जनमुद्दों को लेकर अहम बैठक



**पाकुड़** : झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पाकुड़ की बैठक लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मार्क बास्की की अध्यक्षता में लड्डु बाबू बगान में जिला स्तरीय बैठक हुई! बैठक में जिले के सभी प्रखण्ड से पार्टी एवं जयराम महतो समर्थक कार्यकर्ता उपस्थित हुए! बैठक को संबोधित करते हुए मार्क बास्की ने कहा जनमुद्दों को लेकर प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर आंदोलन किया जाएगा आजादी के बाद कई गाँवों में पानी, बिजली, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं से अब भी वंचित हैं ऐसे गाँवों की सूची बना कर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा! जिले में अवैध खदान, सरकारी योजनाओं में हो रहे लुट समेत विभिन्न मुद्दाओं को लेकर आंदोलन किया जाएगा! मौके पर मो. सलीम, गोल्डेन हांसदा, शिव मुर्मू, मो.जहांगीर, नंदकिशोर पंडित संजीत टुडू, जोहन मुर्मू मो.शब्बीर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए!

# ग्रामीण विकास विभाग की परिकल्पना पर कार्य करें सीएफपी





**पाकुड़** : उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सीएफपी क्लस्टर फैसिलिटेशन प्रोजेक्ट के कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। उपायुक्त ने कहा कि पाकुड़ जिले के तीन प्रखंड लिट्टीपाड़ा, महेशपुर एवं पाकुड़ में मनरेगा के तहत् सीएफपी परियोजना संचालित है। उपायुक्त ने सभी सीएफपी कर्मी को अपना मूल दायित्व का निर्वहन बेहतर तरीके से करने को कहा। साथ ही संबंधित प्रखंड एवं पंचायत के लिए डीपीआर तैयार करेंगे और निर्धारित समय सीमा के अंदर डीपीआर बनाते हुए योजनाओं की स्वीकृति कराएंगे। उपायुक्त ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया की एनआरएम योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करेंगे। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजनाओं में प्राक्कलन के अनुरूप पौधा रोपण जल कुंड निर्माण, नाडेप निर्माण, सीआईबी निर्माण एवं एच टेका लगाने का निर्देश दिया गया एवं 15 दिन के अंदर प्राक्कलन के अनुसार बिरसा हरित ग्राम योजना सह सभी मनरेगा योजनाओ की रख रखाव पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदय के द्वारा परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करते हुए योजनाओं की निरीक्षण करने एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारियो के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी मनरेगा योजनाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, सीएफपी जिला समन्वयक जियाउल आलम तथा सभी सीएफपी कर्मी उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
RNI : JHAHIN/2014/54374
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी



## संक्षिप्त समाचार

### कैरम में सहजाद आलम बने विजेता, अभिषेक सिंहदेव उपविजेता

**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला के अपना चौक स्थित कैरम क्लब की ओर से सात दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. फाइनल मुकाबला अभिषेक सिंहदेव व सहजाद आलम के बीच खेला गया. इसमें सहजाद आलम विजेता घोषित किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह में जलेश कवि ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया. सिंगल कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 फरवरी को हुआ था, जिसमें 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया. विजेता को पांच हजार, उपविजेता को तीन हजार व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया. तीसरे स्थान के लिए इश्तियाक अहमद बनाम राजेश साहू के बीच खेला गया, जिसमें इश्तियाक अहमद विजेता रहा. उसे एक हजार दिया गया. राइजिंग प्लेयर के तौर पर गुलशन, नदीम, शुभम एवं विवेक को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता का अंपायर के रूप में रवि, राजकुमार, संतोष,चेतन, उत्तम, संदीप, बापी ,निजामुद्दीन, गुड्डू सेन तथा स्कोरिंग के रूप में बिट्टू, बुधे एवं पिंकू वोसा ने अहम भूमिका निभायी.

### रांची के 33 रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट होंगे बंद, नगर निगम के नए आदेश से मचा हड़कंप

**रांचीधनबाद, एजेंसी।** नगर निगम की ओर से शहरी क्षेत्र में संचालित 33 रूफटार बार व रेस्टूरेंट को तत्काल प्रभाव से पूर्ण रुपेण बंद करने का आदेश दिया गया है।33 रूफटॉप बार और रेस्टूरेंट के संचालकों की ओर से संतोषप्रद साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में शनिवार को अपर प्रशासक संजय कुमार की कोर्ट से यह आदेश पारित किया गया है।अपर प्रशासक के कोर्ट में रांची नगर निगम क्षेत्र में संचालित 36 रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालकों के विरुद्ध अनधिकृत निर्माण वाद चल रहा था।जांच के दौरान मात्र तीन रूफटाप बार व रेस्टूरेंट का नक्शा स्वीकृत पाया गया।शेष 33 रूफटाप बार व रेस्टूरेंट संचालकों की ओर से संतोषप्रद साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया।इन 33 रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालकों को अनधिकृत संरचना के पुनरीक्षण के लिए आदेश की तिथि से 30 दिनों के अंदर झारखंड भवन उपविधि–2016 के तहत विहित प्रक्रिया बीपीएएमएस के तहत भवन प्लान का आवेदन देने के लिए निर्देश दिया गया है।यदि संबंधित आदेश से 30 दिनों के अंदर संबंधित रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालकों की ओर से भवन उपविधि के विहित प्रपत्र में आवेदन नहीं दिया गया तो 30 दिनों के अंदर संबंधित संरचना को हटाना सुनिश्चित किया जाएगा।यदि संचालक की ओर से 30 दिनों की अवधि के अंदर संबंधित संरचना नहीं हटाया गया तो रांची नगर निगम की ओर से संरचना को हटा जाएगा।साथ ही संबंधित संरचना को हटाने में हुए व्यय की वसूली संबंधित रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालक से की जाएगी।

### शिवरात्री पर बाबा भोले को चढ़ाया जाता है सिंदूर, सिर्फ इस मंदिर में है यह परंपरा

**देवघर, एजेंसी।** साल में एक बार सिर्फ महाशिवरात्रि के दिन बाबा बैद्यनाथ के विग्रह पर सिंदूर चढ़ाने की परंपरा है।बैद्यनाथ धाम में भगवान शिव के साथ माता पार्वती भी विराजमान हैं।इस बार फरवरी 26 को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी।बैद्यनाथ मंदिर के स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज ने बताया कि शिवरात्रि के दिन होने वाली पूजा को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। महाशिवरात्रि के दिन पट सुबह चार बजे आम भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा।वहीं, रात के नौ बजे तक श्रद्धालु जलार्पण और दर्शन कर सकेंगे। परंपरा के अनुसार, इस दिन श्रृंगार पूजा नहीं होता है, इसलिए पट खुलते ही श्रद्धालुओं की पूजा शुरू हो जाती है।देवघर में हर वर्ष फागुन चतुर्दशी तिथि यानी शिवरात्रि के मौके पर चार पहर में माता पार्वती व बाबा भोलेनाथ का अभिषेक पूजन होता है।इसके बाद चार पहर का पूजा शुरू किया जाता है।प्रत्येक पहर में बाबा बैद्यनाथ के विग्रह पर बेलपत्र से सिंदूर दान किया जाता है।पूरे भारतवर्ष में यह परंपरा कहीं भी नहीं है।सिर्फ बाबा बैद्यनाथ धाम में ही यह परंपरा निभाई जाती है।बता दें कि जब माता सती ने अपना शरीर का त्याग कर दिया, उसके बाद उनके शरीर को भोलेनाथ अपने कंधे पर लेकर भ्रमण करने लगे।इसके बाद भगवान विष्णु को सभी देवता ने आग्रह किया कि भोलेनाथ को इस मोह से मुक्ति मिले और उनका क्रोध शांत हो इसके लिए उपाय करें।

# विपक्ष को हावी होने का मौका नहीं देगा सत्तापक्ष



**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष को सत्तापक्ष हावी होने का मौका नहीं देगा। रविवार को सत्तापक्ष के विधायकों की संयुक्त बैठक में इस बाबत रणनीति बनी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। उन्होंने सभी विधायकों को हर हाल में सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

झामुमो, कांग्रेस, राजद के विधायकों की डॉ. श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बैठक हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि नए विधायक और अनुभवी सदस्य बेहतर तालमेल और परस्पर सहयोग व समन्वय से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लें। सदन में जनहित में विषयों का निष्पादन कराने में सत्तापक्ष सकारात्मक रूप से सहयोग करे। बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू सहित झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा-माले के विधायक शामिल हुए।

बैठक के बाद राज्य सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि सदन के सुचारू संचालन की पूरी तैयारी है। सत्तापक्ष ने सत्र को लेकर कमर कस ली है। विपक्ष के हर सवाल का जवाब मंत्री देंगे। बजट सत्र में वित्तीय विधेयक भी आएंगे। ऐसी स्थिति में विपक्ष मतदान की मांग करा सकता है। सभी विधायकों को सत्र के दौरान रोजाना सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि मंत्रियों को विषयों का अध्ययन एवं समाधान के साथ सदन में आने को कहा गया है। जोर विषयों के निष्पादन पर रहेगा। सभी सदस्य एक-दूसरे को पूरा सहयोग करेंगे। विपक्ष के सवालों और सकारात्मक सुझावों को सरकार स्वीकार करेगी।

सोमवार से विधानसभा सत्र की शुरुआत हो रही है और हमेशा की तरह यह बजट सत्र भी हंगामेदार होने की संभावना है। सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से सत्र को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। सभी दलों ने अपने-अपने मुद्दों को जोर-शोर से उठाने की रणनीति बनाई है और इसी क्रम में हंगामा होता है।कई बार हंगामा इतना बढ़ जाता है कि लोगों को सदन की मर्यादा तक की चिंता नहीं रहती।

विधायी कार्यों के साथ-साथ राजनीति चलती रहे तो कहीं से भी किसी को आपत्ति नहीं है। सदन की मर्यादा प्रभावित होने से ना सिर्फ झारखंड की छवि खराब होती है, बल्कि राजनीतिक दल भी सवालों के घेरे में आते हैं।सार्वजनिक तौर पर कोई भी राजनीतिक दल हंगामा करने को सही नहीं मानता, लेकिन मुद्दों के प्रति इन दलों की प्रतिबद्धता ही हंगामा का बड़ा कारण बनती है। कई बार हंगामे के कारण सदन चल नहीं पाता और इससे आम लोगों का काम काज प्रभावित होता है। सदन में विधायक अपने-अपने क्षेत्रों का मुद्दा उठाते हैं, ताकि समस्याओं का समाधान हो सके। हंगामे के कारण समाधान का रास्ता भी बाधित हो जाता है।

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी अपनी तैयारी कर ली है। सत्ताधारी गठबंधन की ओर झामुमो, कांग्रेस और राजद विधायक दल की बैठक अलग-अलग हुई तो देर शाम संयुक्त बैठक भी हुई।दूसरी ओर, भाजपा ने भी अपने विधायकों को रविवार को ही बुलाया और प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पार्टी ने रोजगार और महिलाओं के मुद्दे पर सरकार को घेरने का निर्णय लिया है। पेपर लीक प्रकरण, जेपीएससी अध्यक्ष का नहीं होना आदि विषयों पर राज्य सरकार के खिलाफ सदन में मुद्दा उठाने का निर्णय लिया है।

दूसरी ओर, झामुमो और कांग्रेस ऐसे मुद्दों पर विपक्ष को करारा जवाब देने की तैयारी में है। राजनीतिक दलों की इन्हीं तैयारियों के बीच कहीं ना कहीं जनता का काम अटक जाता है। हंगामा होने से ना सिर्फ मुद्दे नतीजे तक नहीं पहुंच पाते हैं, बल्कि समय और पैसा भी बर्बाद होता है।

## झरिया बाजार समिति की दुकानों पर दबंगों का कब्जा, 100 दुकान और गोदाम, 7 से ही आता है किराया



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले की झरिया बाजार समिति की दुकानों पर दबंगों का कब्जा है. यहां लगभग 30 गोदाम व दुकान हैं. इसके अलावा 70 के आसपास छोटी दुकानें है. इसमें मात्र छह से सात गोदामों से बाजार समिति को किराया आता है. शेष गोदामों व दुकानों पर दबंगों का कब्जा है. यहां जनप्रतिनिधि भी दुकानों को कब्जा करने में पीछे नहीं हैं. स्थानीय दबंग के अलावा जनप्रतिनिधियों का दर्जनों दुकानों पर अवैध कब्जा है. बाजार समिति के पदाधिकारियों की सांठ-गांठ से स्थानीय दबंग हर माह लाखों रुपये भाड़ा वसूलते हैं. यह राशि दबंग या अधिकारियों की जेब में जाता है. शुक्रवार को बाजार समिति के सचिव विपुल कुमार ने झरिया बाजार समिति का निरीक्षण किया. इस क्रम में कई दुकानों पर अवैध कब्जा का मामला सामने आया. इसके अलावा जिनके नाम से गोदाम-दुकान आवंटित है, उन्होंने भी इसे किराया पर दे रखा है. अवैध कब्जाधारियों व भाड़े पर चल रही दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है. इन्हें नोटिस भेजा जा रहा है.

झरिया बाजार समिति में अवैध शराब का कारोबार चलता है. 1986 में झरिया बाजार से फल व सब्जी कारोबारियों को यहां शिफ्ट कराने के लिए दुकानें बनायी गयी. अब यहां अवैध शराब की फैक्ट्री चल रही है. इसके अलावा चरस, गांजा व अफीम भी बिकता है.

## बच्चों को पढ़ाई संग सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों की शिक्षा दें



**राजनगर, एजेंसी।** राजनगर प्रखंड( हेंसल) के डांगरडीहा साईं सरस्वती इंग्लिश स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैलाश चंद्र मिश्र ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के बारे में भी बताना चाहिए. कहा कि बच्चों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए.

अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करना चाहिए. उन्होंने कहा कि सरायकेला ज़िला छऊ नृत्य के लिए दुनियाभर में विख्यात है. ऐसे में ज़िले के हर स्कूल के एनुअल फंक्शन में छऊ नृत्य की प्रस्तुति होनी चाहिए.इस अवसर पर फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी प्रैक्टिकल लैब का उद्घाटन किया गया. कहा गया कि लैब का उद्घाटन होने से बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में मदद मिलेगी. साथ ही 45 कंप्यूटर वाले एक अत्याधुनिक लैब का भी उद्घाटन किया गया. वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. समारोह में बीइओ नवल किशोर सिंह, बीपीओ ममता कुमारी, जिला परिषद सदस्य अमोदिनी महतो, मुखिया निर्मला सरदार, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक उपस्थित थे.

# हेमंत सरकार ने मनरेगा मजदूरों को दी खुशखबरी, अब मिलेगा पहले से डेढ़ गुना अधिक भुगतान



**रांचीधनबाद, एजेंसी।** झारखंड के मनरेगा श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें पहले की तुलना में अब कम काम करने पर भी उतनी ही राशि मिलेगी, जितनी पूर्व में मिल रही थी।

नई गणना के अनुसार अब पहले की तुलना में डेढ़ गुना कम काम करने पर भी उतना ही मेहनताना मिलेगा, जितना पूर्व में मिलता था। पूर्व में मनरेगा मजदूरों को 73 सीएफटी मिट्टी काटने पर एक दिन की हाजिरी मानी जाती थी, लेकिन अब यह आंकड़ा 50.4 सीएफटी पर सीमित हो गया है। दिव्यांग जनों और महिलाओं के लिए आंकड़ा और भी कम हो गया है, इन्हें एक दिन की मजदूरी के लिए अब कम मेहनत करना होगा। मनरेगा के तहत टाइम एंड मोशन स्टडी (टीएमएस) के माध्यम से पूरे देश में मजूदरी तय की जा रही है।

झारखंड में इसके माध्यम से यह निर्धारित हो चुका है कि अब एक दिन की हाजिरी के लिए मजूदरों को 50.4 सीएफटी मिट्टी काटना होगा। जाहिर बात है कि मेहनत कम करना होगा। आंकड़ों की तुलना करें तो पहले से 45 प्रतिशत कम मेहनत पर ही एक दिन की हाजिरी निकल जाएगी।

इस प्रकार मजदूरों के पूर्व की तुलना में डेढ़ गुना अधिक तक भुगतान होने की संभावना बन गई है। हेमंत सोरेन सरकार लगातार इसके लिए केंद्र से संपर्क में थी और इन्हीं प्रयासों के आधार पर यह सफलता मिली है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय में सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी इस मामले में राज्य सरकार के पक्ष को सुना और झारखंड की दावेदारी को लेकर सकारात्मक रुख अख्तियार किए रहे।

झारखंड के अधिकतर ग्रामीण इलाकों में पठारी और पहाड़ी इलाके शामिल हैं। इन इलाकों में मिट्टी कोड़ने का काम बहुत ही मेहनत का है। सामान्य मैदानी इलाकों से कहीं अधिक यहां के श्रमिकों को मेहनत करनी पड़ती है और यह प्रमाणित होने के बाद झारखंड के मजदूरों को यह लाभ मिलेगा। - मृत्युंजय वर्णवाल, मनरेगा आयुक्त।

वहीं दूसरी ओर बिसरा के बंडामुंडा में नव निर्मित अपार्टमेंट में शनिवार की शाम एसी फिट करने के दौरान दूसरी मंजिल से गिरने के कारण एक मजदूर की मौत हो गई है।

घटना की सूचना मिलने पर बंडामुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूर के शव को अपने कब्जे में लेकर एंबुलेंस के जरिए पोस्टमार्टम के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल भेज दिया।

मजदूर की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। अपार्टमेंट में मजदूर से बगैर सुरक्षा के काम कराया जा रहा था। जिसके कारण मजदूर दूसरी मंजिल से काम करते समय गिर गया। सिर पर गंभीर चोट आने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# निकाल लीजिए गर्म कपड़े, इतना गिरेगा तापमान, 7 जिलों में बिजली कड़केगी, बारिश होगी, होगा वज्रपात



**धनबाद, एजेंसी।** अगर आप झारखंड में हैं और गर्म कपड़े रख दिये हैं, तो एक बार फिर से अपने गर्म कपड़ों को बाहर निकाल लीजिए. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड में एक बार फिर ठंड बढ़ने वाली है. दरअसल, 24 घंटे के दौरान 2 से 3 डिग्री तक तापमान में गिरावट का अनुमान मौसम केंद्र ने जताया है. इसकी वजह से लोगों को ठंड का अहसास होने लगेगा. साथ ही राज्य के 7 जिलों में बिजली कड़कने, बारिश और वज्रपात का अलर्ट भी जारी कर दिया गया है.

मौसम केंद्र ने कहा है कि कोल्हान प्रमंडल के सभी 3 जिलों और संताल परगना के 4 जिलों में सोमवार (24 फरवरी) को कुछ जगहों पर हल्की बारिश होगी. मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है. मौसम केंद्र के मुताबिक, कोल्हान के सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम जिले में मौसम खराब रहेगा. संताल परगना के दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिले में भी गरज के साथ बारिश एवं वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है.

मौसम विभाग ने तापमान का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि झारखंड में अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले 4 दिन तक इसमें कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है. इससे पहले मौसम विभाग ने कहा था कि 23 फरवरी को झारखंड के पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा हुई.

मौसम वैज्ञानिक ने कहा है कि गांगेय पश्चिम बंगाल से दक्षिणी छत्तीसगढ़ और ओडिशा तक एक ट्रफ गुजर रहा है. यह ट्रफ समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है. इसका असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है. इसकी वजह से कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. बंगाल से सटे संताल परगना और ओडिशा से सटे कोल्हान में बारिश, वज्रपात होने की संभावना है.

मौसम विभाग ने कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में कहीं-कहीं गरज और आंधी के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में हुई. यहां 37.4 मिलीमीटर वर्षापात हुआ.

## मजदूरों के सुख-दुःख में परिवार की तरह सदैव खड़ा रहता है किम्स यूनियन : संग्राम सिंह



**बोकारो, एजेंसी।** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ-किम्स यूनियन का वार्षिक मिलन समारोह रविवार को सिटी पार्क के वनभोज स्थल पर हुआ. किम्स यूनियन के महामंत्री संग्राम सिंह ने कहा = किम्स यूनियन सदा मजदूर हित में मजदूर के साथ रहती है. मजदूरों के सुख-दुःख में किम्स यूनियन एक परिवार की तरह सदैव खड़ा रहती है. अध्यक्षता किम्स यूनियन के अध्यक्ष भीम सिंह ने की. आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया.

कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी सहित अधिशासी निदेशकों की टीम, बोकारो जनरल अस्पताल के विभिन्न विभागों के चिकित्सक, विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष शामिल हुए. जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बीके चौधरी, एयरटेल यूनियन के महामंत्री एके पांडेय, एचएमएस के रमाकांत वर्मा, युवा मजदूर संघ के महामंत्री अनिरुद्ध राय भी सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित थे.

कार्यक्रम में बीपी सिंह, अनिल सिंह, केके उपध्याय, सुनील चौधरी, आरएन मिश्रा, रंजेश सिंह, इंद्रजीत सिंह, सौरभ पटेल, पवन पांडेय, सुजीत राय, उमाशंकर, सीपी अग्रवाल, वाइके सिंह, राजा जनक, राजीव सिंह, सुजीत राय, प्रवीण कुमार, कार्तिक राय, सिकंदर बादशाह, मधेस सिंह, शहंशाह परवेज, ललित, मनोज पाठक, मनोज दुबे, ओम प्रकाश सिंह, महाराज, आशुतोष झा, आशुतोष सिंह, जय सिंह, कृष्णा महतो, उत्तम झा उपस्थित थे.

## प्रदेश में भाजपा की नेतृत्व संकट, प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति में हो रही देरी




**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सत्ता में वापसी का सपना टूटने के बाद भी भाजपा का द्वंद्व खत्म नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव के तीन महीने बाद भी अभी तक नेता प्रतिपक्ष का नाम तय नहीं हो पाया है, जबकि सोमवार से बजट सत्र की शुरुआत भी होने जा रही है। इसी चक्कर में प्रदेश अध्यक्ष की उम्मीदवारी पर भी पर्दा पड़ा हुआ है, जिसके दावेदारों की लंबी लाइन है। सब कुलबुला भी रहे हैं, क्योंकि इंतजार लंबा हो रहा है।

फिलहाल इतना तय है कि पहले नेता प्रतिपक्ष का चेहरा सामने आएगा, उसके बाद ही प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की बारी आएगी। मगर द्वंद्व इसलिए कि नेता प्रतिपक्ष का रास्ता भी प्रदेश अध्यक्ष से होकर ही गुजर रहा है।

दरअसल, झारखंड में ओबीसी और आदिवासी समुदाय की बड़ी आबादी है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दोनों को साध कर आगे बढ़ना चाहता है। विधानसभा में नेता के लिए भाजपा के पास विकल्प सीमित है।

आदिवासी समुदाय से सिर्फ दो विधायक हैं। बाबूलाल मरांडी एवं झाविमो से आए चम्पई सोरेन। बाबूलाल अभी प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। यदि उन्हें सदन के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी जाती है तो फिर प्रदेश अध्यक्ष किसी ओबीसी या सवर्ण को दिया जा सकता है। ऐसे में मजबूत दावेदार रघुवर दास हैं, जिनकी क्षमता पर किंतु-परंतु नहीं है।

ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर हाल में झारखंड की राजनीति में सक्रिय होने वाले रघुवर को अगर राष्ट्रीय कमेटी में जगह दी जाती है तो प्रदेश अध्यक्ष के बाकी दावेदारों के बीच इतनी रस्साकशी है कि केंद्रीय नेतृत्व को भी सोचना पड़ सकता है। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल बहुत तेजी से उभरकर ऊपर आए हैं। संगठन पर राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा की अच्छी पकड़ है। आरएसएस के साथ अच्छे समन्वयक भी हैं।

तीन दशकों से भाजपा के विभिन्न पदों पर काम करते आ रहे आदित्य साहू की दावेदारी भी किसी से कम नहीं है। हाल के दिनों में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो की संभावनाओं को भी संबल मिला है। केंद्रीय नेतृत्व की उलझन किसी सवर्ण नेता को भी लेकर भी है। लोकसभा चुनाव में राजपूत समुदाय से किसी को प्रत्याशी नहीं बनाया गया था। ऐसे में चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह या रांची के विधायक सीपी सिंह को भी बड़ी जिम्मेवारी देने पर विचार किया जा सकता है।

हालात बता रहे कि विधानसभा चुनाव में शिकस्त के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड में दिलचस्पी लेना कम कर दिया है। झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर 2024 को आया था। इस हिसाब से पूरे तीन महीने गुजर गए। इस दौरान प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी सिर्फ एक बार रांची गए और हार की समीक्षा कर लौट आए। दोबारा जाना जरूरी नहीं समझा है।

इसी तरह चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता विस्व सरमा ने भी झारखंड से मुंह मोड़ लिया। किसी को मतलब नहीं रह गया है। यही कारण है कि सदस्यता अभियान में भी सुस्ती दिख रही है। अभी तक बूथ कमेटियों के गठन का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। इसके लिए प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेता भी तेजी नहीं दिखा रहे हैं।

## चांडिल में इको कॉटेज के नाम पर दुबारा विस्थापित नहीं होंगे ग्रामीण



**चांडिल/चौका, एजेंसी।** चांडिल प्रखंड के डिमुडीह, केसरगाड़िया एवं बोराबिंदा के ग्रामीणों ने विस्थापित ग्राम सभा सशक्तिकरण मंच के बैनर तले रविवार को चांडिल डैम में प्रस्तावित आइलैंड इके कॉटेज का विरोध किया. ग्रामीण रामसिंह मुर्मू ने बताया कि किसी भी हाल में डिमुडीह, केसरगाड़िया एवं बोराबिंदा क्षेत्र को पर्यटक स्थल बनने नहीं देंगे. उन्होंने कहा कि जब चांडिल डैम बना उस समय रोजगार देने का वादा किया था. अभी तक विस्थापितों को रोजगार नहीं मिला है.

विकास के नाम पर सिर्फ लूट हो रही है. दलाल लोग विस्थापितों को ही शोषण कर रहे हैं. आज विस्थापित मत्स्यजीवी सहकारी स्वावलंबी समिति के लोग 500-600 आदमी के सदस्य के नाम पर 5-6 लोग ही समिति चला रहे हैं. उसमें जो भी सदस्य हक और अधिकार की मांग करते हैं उसे हटा दिया जा रहा है. खाली विभागीय पदाधिकारी से मिलकर बंदरबांट की जा रही है. आज चांडिल डैम का पूर्ण विकास होता और यहां के विस्थापितों की चिंता रहती तो आज विस्थापित परिवार के लोग पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि जगह नहीं जाना पड़ता. सिर्फ यहां पर विकास के नाम पर विस्थापितों को दिग्भ्रमित करने की काम किया जाता है. विकास के नाम पर विस्थापितों को ठगने का काम किया जाता है. अब यह नहीं होने देंगे. विस्थापितों को दूसरी बार विस्थापित नहीं होने देंगे. ग्रामीण मकरा सोरेन ने बताया कि 16 फरवरी को राज्य के पर्यटक मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक सविता महतो एवं विभाग के पदाधिकारी व प्रतिनिधि आये थे. पर्यटक स्थल का निरीक्षण किया था. इसका ग्रामीणों को पता तक नहीं था. इसमें बताया गया था कि केशरगाड़िया में जो टापू है उसमें आइलैंड कॉटेज बनेगा. इसका किसी भी ग्रामीणों को पता नहीं है. वहां पर आदिवासियों का जाहेरेथान है. यहां आदिवासी समाज पूजा पाठ करते आ रहे हैं. ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी हाल में यहां पर पर्यटक स्थल बनने नहीं देंगे.

# आना बरात का



डॉ. प्रशान्त करण

बरात के कई भेद हैं, प्रकार हैं। चुनाव के समय प्रचार में निकले नेता जी अपने चमचों, गुर्गों के साथ वोट मांगने इस भाव से आते हैं, जैसे पिछले जमाने में कन्या पक्ष के साथ बरात लाने का अनुरोध करने आए हों। हम मतदाता उम्मीदवार के बरात लेकर जाएँ और विवाहोपरांत उनके गुर्गे कुर्सी की पालकी लेकर भाग जाएँ। सचिवालयों की बरात के प्रकार अलग होते हैं। किसी से मोटी रिश्वत लेकर उनका न्यायोचित कार्य कराने के बाद बाबू आदेश पत्र की छायाप्रति देकर मुस्कुराकर कहता है - "काम तो हुआ न? अब चाय-पानी भी तो कराइए।" जिसका काम हुआ, वह समझता है कि चलो करा देते हैं, अकेला है। वह आदमी बाबू को लेकर सचिवालय के बगल में फूस के ढाबे में चल देता है। बाबू चलते-चलते अपना दाहिना हाथ हवा में ऊपर उठाता है और लहराता है। ढाबे तक पहुँचते-पहुँचते बाबू के पीछे-पीछे बाबुओं की बरात ढाबे आ जाती है और जिसका काम हुआ है, उसकी दयनीय अवस्था हो जाती है, मानो कन्या की बरात आ गई हो। सभी ऐसे बाराती चार-पाँच प्लेट मिठाई खाने के बाद नमकीन पर टूट पड़ते हैं और अंत में हर बाबू दो-चार ग्लास चाय सुड़क लेता है।

हमारे बालपन में विवाह के बरात में जाना एक भाग्य खुलने जैसा हुआ करता था। पैदल, फिर बस की छत तक लदकर जाना, किसी ग्रामीण विद्यालय के कमरों में बिछे पुआल पर तने जाजिम पर मसनद लगाकर पसर जाना, अँधेरा होने से पहले मच्छरों से युद्ध करना आदि प्रारंभिक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता। फिर पेट्रोमैक्स के प्रकाश में बरात निकलती। दरवाजा लगते-लगते अधिकतर बारातियों और सरातियों में झगड़ा, मार-पीट तक के नियम निभाए जाते। फिर मान-मनौअल का क्रम चलता। वर के परिछन के बाद बाराती भोजन पर टूट पड़ते। हर खाने वाले पर कम से कम एक ग्रामीण लगे रहते खिलाने के लिए। जो कम खाए, उसे लज्जित भी किया जाता। अगर नाच का कार्यक्रम हुआ तो नर्तकी की हर अदाओं पर बंदूकों से गोलियाँ छूटतीं। घंटे भर में सामियाने की छत तारामंडल बन जाता।

बरात महाशिवरात्रि की शाम शिव जी भी कई शहरों में पारंपरिक ढंग से निकाली जाती है। आयोजनकर्ता दो माह पूर्व से चंदे एकत्रित करता है। श्रद्धालु अलग-अलग वस्त्रालंकरण, साज-सज्जा, रंग-रोगन से इस प्रतिस्पर्धा में तैयारी कर सम्मिलित होते हैं कि दर्शकगण उन्हें पौराणिक कथाओं में वर्णित शिव जी के असली बाराती लगें। इसमें शिव, सभी देवतागण, असुर, गण, पिशाच का रूप भरे पड़े मिलेंगे। शिव बरात की रेलमपेल में कितनों की जेबें भी कट जाती हैं।

मार्च माह आने को कुण्डी खटकाने लगा है। शिव जी की बारातियों को आत्मा में धारण कर एक बरात कोषागारों में और दूसरे प्रकार की विभागों के कोषाध्यक्ष-बाबुओं, बड़े बाबुओं के आस-पास मंडराती दिखती है। एक से एक खुर्राट, मँजा-सधा, पेशेवर आपूर्तिकर्ताओं के साथ-साथ विपत्रों के अनुलग्नकों के फर्जी निर्माणकर्ता सभी बाराती। इधर आपूर्त का आदेश हस्ताक्षरित हुआ नहीं कि आपूर्ति का विपत्र आपूर्ति प्राप्ति के प्रमाणपत्र के साथ भुगतान के लिए प्रस्तुत। प्रश्नपत्र लीक हुआ नहीं कि उत्तरपुस्तिका की चिट मिल गई। यह बरात सचिवालय परंपरा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

अब निश्चित पाठकों को करना है कि वे किस बरात में सम्मिलित होने की इच्छा रखते हैं।

# महाकुंभ ने व्यापकता के लिए अनेक कीर्तिमान स्थापित किए

डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

इस बार के महाकुंभ ने अपनी व्यापकता के चलते अनेक कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं। सबसे बड़ा कारण यही है कि महाकुंभ 144 साल बाद आया है। पिछले महाकुंभ में जो जीवित थे वह अब नहीं हैं। जो इस महाकुंभ में पुण्य स्नान कर पाए हैं वह अगले महाकुंभ में उपस्थित नहीं होंगे। क्योंकि महाकुंभ महत्वपूर्ण और इन सबको अपने आप में समेटने वाला तीर्थराज प्रयाग किन मायनों में विशिष्ट है। आईए इन सभी पहलुओं पर धार्मिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक नजरिए से दृष्टिपात करते हैं। जैसा कि सर्व विदित है महाकुंभ में सबसे अधिक मान्यता गंगा, यमुना और सरस्वती की है। तो सबसे पहले इन नदियों के महत्व पर वार्ता करते हैं। जहां तक गंगा जी की बात है तो उनका धार्मिक महत्व जीव मात्र के उद्धार से ही जुड़ा हुआ है। यह कथा सभी ने कई बार पढ़ी होगी कि भगवान श्री राम के पूर्वज महाराज सगर ने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा छोड़ा तो उसे इंद्र ने चोरी करके कपिल मुनि के आश्रम में बांध दिया। ऐसा उसने यज्ञ को असफल करने के लिए किया था। क्योंकि इंद्र को आशंका थी, यह यज्ञ संपन्न होते ही राजा सगर इंद्रासन के अधिकारी हो जाएंगे। घोड़े की सुरक्षा में तैनात राजा सगर के पुत्र उसे खोजते हुए कपिल मुनि के आश्रम में पहुंचे और वहां घोड़े को पाकर कपिल मुनि को ही दोषी समझ बैठे और उन पर मिथ्या आरोप करने लगे। इस पर कपिल मुनि ने क्रोध अग्नि से राजा सगर के सभी पुत्रों को भस्म कर दिया। उनके उद्धार के लिए अनेक सूर्यवंशियों ने तपस्या की ओर अपने प्राण होम कर दिए। इसी वंश में भागीरथ जी उत्पन्न हुए उन्होंने तपस्या करके गंगा मां को पृथ्वी पर लाने के लिए मना लिया। किंतु उनका तेज प्रवाह पृथ्वी को रसातल में ना डुबा दे, इसके लिए भागीरथ जी ने शंकर जी की तपस्या की। उन्होंने प्रसन्न होकर गंगा जी को शीश पर धारण करने के लिए सहमति जाता दी। इस प्रकार भगवान वामन के चरण धोने के लिए ब्रह्मा जी के कमंडल से उत्पन्न होने वाली गंगा जी देवलोक से चलकर पृथ्वी की ओर बढ़ीं तो उनका तेज प्रवाह रोकने के लिए शंकर जी ने उन्हें अपनी जटाओं में बांध लिया और फिर अनुशासित तरीके से उनकी धारा को पृथ्वी की ओर प्रवाहित कर दिया। फल स्वरुप राजा सगर के पुत्रों का उद्धार तो हुआ ही, गंगा मैया तभी से जीव मात्र का पृथ्वी पर कल्याण कर रही हैं। इसके बाद यमुना जी का क्रम आता है। धर्म ग्रंथो के मुताबिक गंगा ज्ञान का, तो यमुना जी भक्ति रस का प्रतीक हैं। यही कारण है कि यमुना जी का भारतीय वांग्मय में अपना उत्कृष्ट स्थान भी है। पुराणों में यमुना के रंग को श्रीकृष्ण के रंग से जोड़ा गया है। यमुना को श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नदी भी कहा जाता है। भक्ति साहित्य कहता है, यमुना सरस्वती की सहायक नदी है जो बाद में गंगा में मिल जाती है। उस मिलन स्थल को संगम कहते हैं। शास्त्र में यमुना को यमराज की बहन का दर्जा भी दिया गया है। जैसा कि धर्म ग्रंथ बताते हैं, यमराज और यमुना दोनों का ही रंग काला है। मान्यता यह भी है कि यमुना और यमराज सूर्य की दूसरी पत्नी छाया की संतानें हैं। छाया दिखने में काली होती है, इसलिए यमुना और यमराज का रंग भी काला ही हुआ। पौराणिक कथा ये भी है कि श्रीकृष्ण ने यमुना में ही कालिया नाग का वध किया था। फल स्वरूप कालिया नाग के विष से यमुना नदी का रंग और अधिक काला हो गया। तभी से यमुना की कृष्ण भक्ति चरमोत्कर्ष तक पहुंची और आशीर्वाद स्वरूप वह देव नदी गंगा मैया के समकक्ष स्थापित हुईं और तीर्थराज प्रयाग में इन दोनों महान नदियों का मिलन हो गया। इस विषय में तीसरा क्रम सरस्वती नदी का आता है। तीर्थराज प्रयाग में संगम के पास स्थित एक रहस्यमयी स्थल सदैव ही भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा है। यह स्थान है सरस्वती कूप, जिसे सरस्वती नदी का गुप्त स्रोत माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सरस्वती नदी का प्रवाह इसी कूप से होता है और यही जल संगम में जाकर मिलता है। प्रयागराज किले के भीतर स्थित इस कुएं को वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन के माध्यम से संगम से जुड़ा पाया है। 2016 में किए गए एक परीक्षण में इस कूप के जल में रंग मिलाकर देखा गया। बाद में यह रंग युक्त जल त्रिवेणी के संगम स्थल पर प्रकट होता पाया गया, जिससे सिद्ध हुआ कि यह जल त्रिवेणी संगम में प्रवाहित होता है। उल्लेखनीय है कि इसे सरस्वती कूप कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां सरस्वती का उद्गम बद्रीनाथ के पास माणा गांव से होता है। एक पौराणिक कथा के अनुसार, महर्षि वेदव्यास जब 18 पुराणों की रचना कर रहे थे, तो सरस्वती नदी की तीव्र प्रवाह वाली जलधारा से उत्पन्न ध्वनि के कारण भगवान गणेश को सुनने में कठिनाई हुई। तब भगवान शिव के आदेश पर सरस्वती नदी पाताल लोक की ओर प्रवाहित हो गईं। एक कथा यह भी प्रचलन में है कि जब महर्षि वेदव्यास जी और गणेश जी पुराणों की रचना कर रहे थे तब सरस्वती नदी का तीव्र प्रवाह वाला जल तेज कोलाहल मचा रहा था। इससे गणेश जी और वेदव्यास जी की एकाग्रता भंग हो रही थी। गणेश जी ने सरस्वती नदी से धीरे बहने का आग्रह किया, इस पर भी सरस्वती नदी का प्रवाह कम नहीं हुआ तो क्रोधित होकर गणेश जी ने सरस्वती नदी को भूमिगत होने का शाप दे दिया। तब से सरस्वती नदी का प्रवाह भूमि के नीचे की ओर हो गया। लेकिन जब वे प्रयागराज पहुंचीं, तो भगवान विष्णु के अवतार वेणी माधव ने उन्हें धरातल पर लौटने और संगम में विलीन होने के लिए राजी किया। इसी कारण सरस्वती कूप को अदृश्य सरस्वती का प्रमाण माना जाता है। वैदिक काल में सरस्वती की बड़ी महिमा थी और इसे 'परम पवित्र' नदी माना जाता था। क्योंकि इसके तट के पास रह कर तथा इसी नदी के पानी का सेवन करते हुए ऋषियों ने वेद रचे और वैदिक ज्ञान का विस्तार किया। सरस्वती नदी को प्लाक्ष्वती, वेदवती, वेद्समृति, अन्नवती, और उदकवती जैसे नामों से भी जाना जाता है। सरस्वती नदी जहां गंगा और यमुना से मिलती है वह संगम स्थल तीर्थराज प्रयाग में सर्वाधिक पवित्र माना जाता है। यही कारण है कि महाकुंभ में संगम सभी श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा का केंद्र बना रहता है। ऐसा भी नहीं है कि तीर्थराज प्रयाग केवल गंगा यमुना और सरस्वती के संगम की वजह से ही विश्व प्रसिद्ध है। ऐसी अन्य कारण भी है जिनके चलते प्रयाग पूजनीय बना हुआ है। इन्हीं में से एक विशेषता है, इस तीर्थ स्थल में अक्षय वट का होना। हमारे धार्मिक ग्रंथ बताते हैं कि ब्रह्मा जी ने अक्षयवट के पास स्थित हवनकुंड में प्रथम यज्ञ और हवन किया था। इसमें 33 कोटि देवी-देवताओं का आह्वान किया गया था। यज्ञ समाप्त होने के बाद ही इस नगर का नाम प्रयाग रखा गया। 'प्र' का अर्थ प्रथम और 'याग' का अर्थ यज्ञ-अनुष्ठान से है। वैसे भी अक्षय' का शाब्दिक अर्थ ही कभी नष्ट न होना होता है। मान्यता तो यह भी है कि भगवान शिव और माता पार्वती ने अपने हाथों से इस अक्षयवट को यहां पर लगाया था। धार्मिक मान्यता है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश, सदैव ही अक्षय वट में विराजमान रहते हैं। जब धरती पर प्रलय होती है तो उस समय भगवान विष्णु बालक रूप धारण करके इसके पत्ते पर अवतरित होते हैं और सृष्टि का संचालन करते हैं। इसलिए इस वृक्ष के पत्ते को तोड़ने की मनाही है। जो पत्ते अपने आप नीचे गिर जाते हैं, श्रद्धालु उन्हें ही प्रसाद समझ कर अपने घरों को ले जाते हैं। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि प्रभु श्रीराम को जब 14 वर्ष का वनवास मिला तो वे सीता जी और लक्ष्मण जी के साथ चित्रकूट की ओर जाते समय इस वटवृक्ष के नीचे ठहरे थे। धर्म और आध्यात्मिक क्षेत्र के विद्वानों का मत है कि शुद्ध अंतर्मन के साथ यहां आने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसकी एक परिक्रमा पूरे ब्रह्मांड के बराबर है। इतिहास में दर्ज है कि औरंगजेब ने इस अक्षयवट को कई बार कटवाया और जलवाया। नष्ट करने का हर संभव प्रयास भी किया, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। तीर्थराज प्रयाग स्थित अकबर किले के अंदर पातालपुरी मंदिर में अक्षय वट के अलावा 43 देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। इसमें ब्रह्मा जी द्वारा स्थापित वो शूल टंकेश्वर शिवलिंग भी है, जिस पर मुगल सम्राट अकबर की पत्नी जोधाबाई जलाभिषेक किया करती थीं। शूल टंकेश्वर मंदिर में किए जाने वाले जलाभिषेक का जल सीधे अक्षयवट की जड़ों में जाता है। वहां से जल जमीन के अंदर से होते हुए सीधे संगम में मिलता है। हमारे ऋषि मुनि बताते रहे हैं कि अक्षयवट के नीचे से ही अदृश्य सरस्वती नदी भी बहती है। संगम स्नान के बाद अक्षय वट के दर्शन-पूजन से वंशवृद्धि से लेकर धन-धान्य की संपूर्णता तक की मनौती पूरी होती है। इस अक्षय वट को लेकर एक और कथा प्रचलन में है कि जब राजा दशरथ की मृत्यु के बाद पिंडदान की बेला आई तो भगवान राम पूजन सामग्री एकत्रित करने चले गए। उस वक्त देवी सीता अकेली बैठी थीं, तभी दशरथ जी प्रकट हुए और बोले कि मुझे जोरों की भूख लगी है, अतः मेरा जल्दी से पिंडदान करो। उस समय सीता जी को कुछ नहीं सूझा। उन्होंने अक्षयवट के नीचे बालू का पिंड बनाकर राजा दशरथ के लिए दान किया। उस दौरान उन्होंने ब्राह्मण, तुलसी, गौ, फाल्गुनी नदी और अक्षय वट को पिंडदान से संबंधित दान-दक्षिणा दी। जब राम जी पहुंचे तो सीता ने कहा कि पिंड दान हो गया। अक्षयवट ने इस बात की साक्षी दी और सीता जी द्वारा दी गई रामचंद्र जी की मुद्रा रूपी दक्षिणा उन्हें दिखाई। इस पर सीता जी ने प्रसन्न होकर अक्षयवट को आशीर्वाद दिया और कहा कि संगम स्नान करने के बाद जो कोई अक्षयवट का पूजन और दर्शन करेगा, उसी को संगम स्नान का फल मिलेगा। धार्मिकता से हटकर देखा जाए तो प्रयाग का ऐतिहासिक महत्व भी कम नहीं है। प्रयागराज किले के निकट एक प्राचीन इमारत है, जिसका निर्माण सम्राट अशोक ने 249 ईसा पूर्व में करवाया था।

# तमिलनाडु में हिन्दी विरोध के मायने

डॉ. आरबी चौधरी

तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित पोलाची में तमिल समर्थकों ने 23 फरवरी को रेलवे स्टेशन के बोर्ड पर हिन्दी में लिखे नाम पर कालिख पोतकर भाषा विवाद को और गरमा दिया। रेलवे सुरक्षा बल ने इन लोगों की पहचान कर मामला दर्ज किया है। सच पूछिए तो यह घटना एक बड़े विवाद का हिस्सा है, जिसमें तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के माध्यम से हिन्दी थोपने का आरोप लगाया है। द्रमुक इस आरोप से इनकार करते हुए भाजपा के साथ वाक युद्ध में लगी हुई है। तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की जड़ें 20वीं सदी की शुरुआत से हैं। विरोध प्रदर्शन तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा की इच्छा से प्रेरित है। अधिकांश तमिल आज भी हिन्दी को अपनी पहचान के लिए खतरा मानते हैं।इतिहास के पन्ने को पलटने पर ज्ञात होता है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1937 में स्कूलों में अनिवार्य हिन्दी शिक्षण की शुरुआत की। तमिलनाडु में इसका व्यापक विरोध हआ। विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व पेरियार ई.वी. रामासामी और जस्टिस पार्टी ने किया। 1937-1940 के आंदोलन के दौरान 1,198 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया और 1,179 को दोषी ठहराया गया। सबसे बड़ा हिन्दी विरोधी आंदोलन 1948-1950 के बीच हुआ। इस दौरानहड़तालें हुईं। वर्ष 1965 में मदुरै में हिन्दी विरोधी दंगे भड़क उठे जिसके परिणामस्वरूप लगभग 70 लोग मारे गए।आज भी तमिलनाडु में हिंदी विरोध विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। द्रमुक और अन्य दल गैर-हिन्दी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का विरोध कर रहे हैं। जबकि भारत सरकार हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने के प्रयास में लगी हुई है। वर्तमान विरोध ने यह स्वीकार करना आरंभ कर दिया है कि हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भी आधिकारिक भाषा बनी रहे। वर्तमान विरोध सिर्फ राजनीतिक क्रियाकलाप है। वैसे, तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की वास्तविकता जटिल है। इसमें राजनीतिक और सांस्कृतिक दोनों कारक शामिल हैं। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वर्तमान विरोध तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा करने की वास्तविक इच्छा से प्रेरित है। बुद्धिजीवी और आम आदमी इसे राजनीतिक दलों द्वारा लाभ प्राप्त करने के साधन के रूप में देखता है।सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडीज के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-25 आयु वर्ग के 71 प्रतिशत लोगो ने बिना समझे-बूझे हिन्दी थोपने का विरोध किया। यूगऊ के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-24 वर्ष की आयु के तमिलनाडु के 63 प्रतिशत निवासियों का मानना था कि स्कूलों में हिन्दी को जरूर पढ़ाया जाए लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए। कुछ लोग तर्क देते हैं कि हिन्दी जानने से नौकरी के अवसर बढ़ सकते हैं और व्यापार और व्यापार संबंधों को सुविधाजनक बनाया जा सकता है। तमिलनाडु में भी मनोरंजन की दुनिया का लुफ्त उठाने के लिए हिन्दी भाषा को व्यावसायिक भाषा माना जाता है। लेकिन राजनीतिक के संवर्ग के लोग इसे तमिल संस्कृति और भाषा के लिए खतरा मानते हैं।नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की 60 फीसदी आबादी हिन्दी बोलती है। भाषा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान परिदृश्य में तमिलनाडु की 40 फीसद आबादी को हिन्दी का कुछ ज्ञान है और धीरे-धीरे लोग हिन्दी को सीख रहे हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में हिन्दी पढ़ने की गति तेज हुई है। लोग प्रदेश से बाहर जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहते हैं और देशभर में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा हिन्दी का लाभ उठाना चाहते हैं। इस कार्य में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का बहुमूल्य योगदान है। सन् 1964 में सभा को संसद ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की संस्था' घोषित किया था।देखा जाए तो डुओलिंगो, इटालकी और प्रीप्ली जैसे कई ऐप और ऑनलाइन प्लेटफार्म हिन्दी भाषा के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और तमिलनाडु सहित भारत के तमाम हिस्सों में इन्हें काफी डाउनलोड और उपयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त, लिंग और ड्रॉप्स जैसे कुछ ऐप हिन्दी सीखने के लिए इंटरैक्टिव और गेमीफाइड पाठ प्रदान करते हैं, जो तमिलनाडु की युवा आबादी को आकर्षित कर सकते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार, दक्षिण भारत में लगभग 30 फीसद लोग हिन्दी गाने सुनते हैं। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि तमिलनाडु में लगभग 70 फीसद छात्र हिन्दी की अज्ञानता के कारण केंद्रीय नौकरी में नहीं जा पाते हैं। इन बातों को स्वीकार करते हुए तमिलनाडु सरकार ने 1968 में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया था। अंततः, तमिलनाडु पर हिन्दी थोपने या न थोपने का निर्णय एक जटिल मुद्दा है। इसमें कई कारक शामिल हैं।

## सूडोकु नवताल- 7352

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें कि दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बातें शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हँसी-मज़ाक में बीतेगा।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या राशि**: आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें।

**धनु राशि** : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करियर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको ख़ुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी।

**मीन राशि** : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें।

# निवेश के सूत्र समझते हैं डॉ. मोहन यादव

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

निवेश का महत्व अर्थ की महत्ता के साथ सदियों से रहता आया है, किंतु यह निवेश तभी संभव है जब परस्पर के संवाद में गहराई हो, आत्मीयता के साथ ही आर्थिक लाभ का पक्ष भी दोनों ओर से बराबर जुड़ा हो। यह सूत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अच्छे से समझते हैं। एक व्यापारी, उद्योजक और निवेशक अपनी पूंजी के प्रवाह को किसी स्थान पर लगा देने के पूर्व वह यह आश्वस्ती अवश्य चाहता है कि जहां वह अपना अर्थ व्यय कर रहा है या भविष्य की दृष्टि से अपने रुपयों का निवेश कर रहा है, वह हर हाल में न केवल सुरक्षित हो, बल्कि सर्व सुविधा सम्पन्न भी हो, ताकि आगे किसी भी प्रकार की कोई बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े। वैसे संवाद से निरुक्त के आचार्य यास्क भी याद आते हैं। वास्वत में ऋषि यास्क निरुक्त के वे लेखक हैं, जो शब्द व्युत्पत्ति, शब्द वर्गीकरण एवं शब्दार्थ विज्ञान पर एक तकनीकी प्रबन्ध प्रस्तुत करते हैं। जिसमें कि उनके द्वारा सबसे अधिक परस्पर के संवाद पर जोर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भी इन दिनों एक संवाद होता देखा जा रहा है। यह संवाद राज्य में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए पर्याप्त रोजगार हो और वह सुख से अपना जीवन निर्वाह करे, इसके लिए किया जा रहा है। जिसके कि वाहक बने हैं, राज्य के प्रमुख होने के नाते डॉ. मोहन यादव । एक मुख्यमंत्री के तौर पर नितरोज नवाचार करना एवं आर्थकि समृद्धि के लिए प्रयास करते हुए उन्हें देखा जा रहा है। इस दिशा में मध्यप्रदेश के भोपाल में हो रही "इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025" ने निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए 'अनंत संभावनाओं' की एक दिशा तय कर दी है। इस आयोजन की सफलता इससे भी समझी जा सकती है कि देश के किसी प्रधानमंत्री ने इसके महत्व को समझते हुए यहीं रात्रि विश्राम करने के लिए अपना कार्यक्रम बनाया ताकि अधिकतम लोगों से मिलकर मध्य प्रदेश की समृद्धि से देश के विकास के लिए जरूरी विमर्श किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले कौन प्रधानमंत्री भोपाल में रुका है, यह याद नहीं आता, बहुत पहले इतिहास में किसी ने स्वाधीनता के पश्चात यहां अपनी रात व्यतीत की होंगी। निश्चित ही यह मोहन सरकार की सफलता ही है कि मप्र के विकास की अपार संभावनाओं में वे हर अवसर का भरपूर उपयोग कर लेना चाहते हैं। वस्तुतः इस आयोजन के पूर्व समय पर दृष्टि डालें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए इतने अधिक संकल्पित दिखाई दे रहे हैं कि देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद वे विदेशी उद्योजक से संवाद करने के लिए जापान जा पहुंचे थे। वहां उन्होंने जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश के संबंध में संवाद करने के साथ ही उनसे यह भी वादा ले लिया था कि आगामी माह में होने जा रही 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट वे मप्र आ रहे हैं और यहां अपने उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा निवेश भी करेंगे। जहां जिस भी देश में मुख्यमंत्री गए और वहां के उद्योगपतियों से



संवाद किया, वहां कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी-आईटीईएस और रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस और रक्षा, सहित पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित बातचीत इतनी सफल रही है कि यूके, जर्मनी, जापान समेत अनेक देशों से मध्य प्रदेश आनेवाले उद्योगपतियों की एक बड़ी संख्या है जो यहां आकर अब निवेश के लिए अपने क्षेत्र का निर्धारण करते हुए उद्योग स्थापित करेंगे। आज जापान, मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-जापान व्यापार सूएसडी 22.85 बिलियन तक पहुंचा, जिसमें मध्यप्रदेश ने एल्यूमिनियम, केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, और वस्त्र जैसे उत्पादों का निर्यात किया। राज्य में ब्रिजस्टोन, पैनासोनिक, सनोह, एनएचके, और कोमात्सू जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं।जापान "इन्वेस्ट मध्यप्रदेश. – ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025" में 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग ले रहा है। इसी तरह से जर्मनी पार्टनर कंट्री केरूप में शामिल हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी के म्यूनिख दौरे के दौरान सीआईआई और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर - सेंट्रल इंडिया के समन्वय से जर्मन निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया था। समिट में 60 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी, जिसमें डिपार्टमेंटल समिट, पार्टनर कंट्री सेशन, प्री-बिड सत्र, थीम आधारित सेशन और उद्योगपति एवं निवेशकों के साथ बैठकें शामिल हैं।इसमें भी मोहन सरकार ने एक नवाचार यहां यह किया है कि उसने देश भर के अधिक से अधिक आंत्रप्रेन्योर से सीधा संवाद किया है और अपने इस भव्य, दिव्य आयोजन में 10,000 से ज्यादा आंत्रप्रेन्योर और लीडर्स को एक साथ आमंत्रित किया। ताकि वे अपने लिए मध्य प्रदेश में संवाभनाएं तलाश सकें। वैसे डॉ. मोहन यादव आर्थकि विकास के लिए एक बड़ा कार्य इंडस्ट्रियल सेक्टर पीथमपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन और धार को मिलाकर एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का है, जोकि उनकी एक बड़ी परियोजना है। यह एरिया इतना व्यापक है कि इसमें मोहन सरकार करीब 10000 किलोमीटर में नई इंडस्ट्रीज लगाने जा रही है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'***; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर, नीतीश सरकार लागू करेगी कैडेर मैनेजमेंट मॉड्यूल

**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी महकमों में काम करने वाले कर्मचारियों की सही संख्या बल एवं उनकी कार्य कुशलता के साथ कार्मिकों से जुड़ी अन्य जानकारियां एक क्लिक पर मिल सके, इसके लिए सरकार कैडर मैनेजमेंट मॉड्यूल लागू करने की तैयारी में है।

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के स्तर पर इस दिशा में काम भी प्रारंभ कर दिया गया है। कैडर मैनेजमेंट मॉड्यूल लागू करने के लिए मिशन के सभा कक्ष में इसे लेकर बैठक भी हो चुकी है। पिछले वर्ष 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच हुई बैठक में विभागों से कार्मिकों से जुड़ी कई प्रकार की जानकारियां मांगी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, संसदीय कार्य विभाग, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पथ निर्माण लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग समेत सात विभागों ने वांछित जानकारियां मिशन को मुहैया करा भी दी हैं, परंतु अधिकांश विभाग इस मामले में अभी पीछे चल रहे हैं। जिसके बाद विभागों को नए सिरे से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग से जो आंकड़े मांगे गए हैं उनमें सेवा संवर्ग का नाम, नियंत्रण पदाधिकारी, उप सेवा संवर्ग यदि कोई हो, पद सोपान, नियुक्ति प्राधिकार, कोटिवार कुल स्वीकृत बल, पद नाम, पे-बैंड जैसी जानकारियां हैं। सूत्रों की माने तो ऐसी जानकारियां एक प्लेटफॉर्म पर रहने से कार्मिकों के तबादला-पदस्थापन, व्यक्तिगत जानकारी, नियमित पद की जानकारी तो सरकार के पास



होगी ही तबादला, पदस्थापन, प्रोन्नति, वगैरह में भी कोई समस्या नहीं आएगी।

विभाग को नए सिरे से जानकारी देने के लिए जारी निर्देश पत्र में यथाशीघ्र जानकारी फॉर्मेट में देने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी ओर, साइबर अपराधियों से जुड़ी जानकारी साझा करने और प्रभावी कार्रवाई के लिए जल्द ही बिहार समेत सभी राज्यों के साइबर थाने और इससे जुड़े पदाधिकारी एक पोर्टल से जुड़ेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार के स्तर से माई भारत पोर्टल बनाया रहा है। अगले माह इस पोर्टल को लॉन्च करने की तैयारी है।

राज्य के 40 साइबर थानों को इससे जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आईईसी) के विशेषज्ञ, आर्थिक अपराध इकाई के अंतर्गत काम करने वाली राज्य स्तरीय साइबर सेल के चुनिंदा पदाधिकारी भी इससे जुड़ेंगे। पुलिस सप्ताह के उद्घाटन सत्र में इससे संबंधित विस्तृत प्रस्तुति एनसीआईआईपीसी (नेशनल क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर) के डीजी नवीन कुमार सिंह ने दी।

केंद्रीय माई भारत पोर्टल का उद्देश्य साइबर सेल से जुड़े तमाम प्रमुख पदाधिकारियों, पुलिस इकाइयों, साइबर थानों और संस्थानों को जोड़कर एक समेकित नेटवर्क तैयार करना है। इसकी मदद से किसी तरह के साइबर अपराध की घटना होने पर आपसी समन्वय की बदौलत इसका निपटारा जल्द हो सकेगा। सभी राज्यों का साइबर अपराध से संबंधित डाटाबेस तैयार हो सकेगा। किसी मामले के समाधान में विशेषज्ञों का उचित मार्गदर्शन मिलेगा।

## नियोजित शारीरिक शिक्षकों को जल्द मिलेगा सरकारी टीचर का दर्जा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में कार्यरत इन शिक्षकों की बल्ले-बल्ले होने वाली है. बिहार के करीब तीन हजार से अधिक नियोजित शारीरिक शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से खुशखबरी है. अब इन नियोजित शारीरिक शिक्षकों को सरकारी शिक्षक का दर्जा मिलने का रास्ता साफ हो गया है. बता दें, इन्हें स्पेशल टीचर के रूप में योगदान देने पर लगी रोक को शिक्षा विभाग ने हटा लिया है. ऐसे में अब जल्द ही इन नियोजित शारीरिक शिक्षकों को स्पेशल टीचर के रूप में प्रोविजनल अपॉइंटमेंट लेटर मिलेगा. बता दें, ये सभी शिक्षक प्रारंभिक स्कूलों में कार्यरत हैं.

शिक्षा विभाग ने इसको लेकर प्रदेश के सभी जिलों को पत्र भेजा है. साथ ही वीसी के जरिए हुई मीटिंग में भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं. ये सभी सक्षमता परीक्षा पास कर स्पेशल टीचर के रूप में कार्यरत हैं. बता दें, पहले जिलों के मार्गदर्शन मांगे जाने पर शिक्षा विभाग की तरफ से जारी लेटर में कहा गया था कि ये सभी कक्षा एक से पांच के बीच नियोजित शारीरिक शिक्षक हैं. कक्षा छह से आठ वाली सक्षमता परीक्षा में पास हुए हैं. इसलिए इन शिक्षकों को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र नहीं दिया जाएगा.



इसको लेकर शारीरिक शिक्षकों ने डेलिगेशन विभाग में आकर अपनी आपत्ति जतायी. इसके बाद शिक्षा विभाग ने इस लेटर पर पुर्नविचार किया. इसमें पाया गया है कि साल 2012 के पहले कक्षा एक से आठ तक के नियोजित शिक्षकों के लिए एक ही तरह का बेसिक ग्रेड का ही पोजिशन बनाया गया था. मतलब, पहली से पांचवीं और छठी से आठवीं तक के शिक्षकों की एक ही ग्रेड थी. इस पुनर्विचार में 2012 की नियमावली में बदलाव किया गया था. इसी आधार पर साल 2012 के पहले के नियोजित शारीरिक शिक्षक जो सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं उनको विशिष्ट शिक्षक (मूल कोटि) के रूप में प्रोविजनल अपॉइंटमेंट लेटर जारी करने का आदेश जारी हुआ है.

## वोटर लिस्ट में डिजिटल लिटरेसी का असर : 89 हजार वोटरों की ऑनलाइन इंट्री

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मतदाता खासतौर पर युवा अब बीएलओ पर निर्भर नहीं हैं. वह एनवीएसपी पोर्टल (नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल) पर ऑनलाइन आवेदन कर न सिर्फ नाम जुड़वा रहे हैं, बल्कि वोटर लिस्ट में नाम पता के त्रुटि को ठीक करा रहे हैं. 28 जनवरी 2024 से लेकर 20 फरवरी 2025 तक डेटा को देखें तो करीब 89 हजार वोटरों की ऑनलाइन इंट्री है. इसमें 51828 वोटरों ने नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6, नाम हटाने के 1782 ने फार्म 7 और नाम पता, बूथ व उम्र में संशोधन के लिए 35177 ने फॉर्म आठ में आवेदन किया है. जबकि बीएलओ के माध्यम से आवेदन करने में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है. बार बार आवेदन रिजेक्ट होता है. ऑनलाइन आवेदन करने जहां एक ओर लोग घर बैठे वोटर बन रहे हैं. वहीं वोटर लिस्ट में भी गड़बड़ी की शिकायत कम आ रही है.

जिले में 11 लाख से अधिक युवा वोटर हैं. सभी 18 से लेकर 39 वर्ष आयु के वोटर हैं. इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू हो चुकी है. जिले में अगर उम्र वार मतदाता सूची पर गौर करें तो सबसे अधिक मतदाता 30 से 39 साल के हैं. इनकी संख्या 10.36 लाख के करीब है. वही दूसरे नंबर पर 40 से 49 साल के वोटर आते हैं. तीसरे नंबर पर 20 - 29 साल के मतदाता हैं. 80 साल के ऊपर के मतदाता सिर्फ 62 हजार हैं. जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 34 लाख 14 हजार 396 हैं.

वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करें. एनवीएसपी पोर्टल (नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल) पर जाएं. 1950 टोल फ्री नंबर पर कॉल करें. वहीं ऑफलाइन के लिए स्थानीय बीएलओ से संपर्क करें. फॉर्म-6 भरें. मतदाता सूची में अपना नाम, बूथ पता या चुनाव के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 1950 पर डायल करें. यह कॉल सेवा मुफ्त है यदि कोई लोभ-लालच देता है तो सीधे अपने मोबाइल पर सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करायें.

## दस साल से फरार वांटेड नक्सली वीफन यादव बिहार में गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया जिले में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है. सशस्त्र सीमा बल और स्पेशल टास्क फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोस्ट वांटेड नक्सली वीफन यादव को गिरफ्तार कर लिया. 44 वर्षीय वीफन यादव पर हत्या, अपहरण और अवैध हथियार रखने सहित कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे.

रविवार को 29वीं वाहिनी एसएसबी, गया की 'सी' समवाय डुमरिया और एसटीएफ भदवर की टीम ने छकरबंधा गांव में दबिश दी. विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने यह ऑपरेशन चलाया और वीफन यादव को धर दबोचा. वह छकरबंधा थाना



क्षेत्र का ही रहने वाला है और गया के डुमरिया थाने में उसके खिलाफ दो बड़े आपराधिक मामले दर्ज थे.

वीफन यादव पर 22 सितंबर 2013 और 7 दिसंबर 2014 को दर्ज मामलों में हत्या, अपहरण, दंगा, आपराधिक साजिश और अवैध हथियार रखने जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई थीं. वर्ष 2014 में उसने एक व्यक्ति का अपहरण कर जंगल में गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में पहले ही चार लोग जेल भेजे जा चुके हैं. सुरक्षाबलों ने उसे डुमरिया थाने के हवाले कर दिया है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

एसएसबी कमांडेंट हरे कृष्ण गुप्ता के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया. नक्सल प्रभावित गया जिले में यह कार्रवाई सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे इलाके में सक्रिय नक्सली नेटवर्क को करारा झटका लगा है. सुरक्षाबलों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में नक्सल विरोधी अभियान और तेज किया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी.

## महेंद्र सिंह धोनी के साथ क्रिकेट खेल चुके शख्स की हत्या, घर में घुसकर मारी गोली

**भागलपुर, एजेंसी।** एक और शहर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हाई अलर्ट मोड पर था। दूसरी ओर, रात 10ः00 बजे शहर में मर्डर हो गया। मामला विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत टीएनबी कॉलेज परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर का है। जहां प्रभु नारायण मंडल (40) को सरकारी क्वार्टर में घुसकर सीने में गोली मार दी गई। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक प्रभु नारायण मंडल, पिता स्वर्गीय रूप नारायण मंडल मूलरूप से ललमटिया थाना अंतर्गत नसरतखानी का रहने वाला था। साथ ही टीएनबी कॉलेज में तृतीय वर्गीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। वह सद्भावना कप में महेंद्र सिंह धोनी के साथ क्रिकेट खेल चुका था।

वहीं, घटना स्थल पर मौजूद लोगों और प्रत्यक्षदर्शी सत्यम ने सरकारी क्वार्टर के पीछे रहने वाले टीएनबी कॉलेज के कर्मचारी शंभू नाथ झा के बेटे संजीव झा पर हत्या का आरोप लगाया है। इस घटना को सदर अस्पताल में मौजूद लोग टीएनबी कॉलेज मैं बगीचा को लेकर 12 लाख के बकाए से भी जोड़ रहे हैं। वहीं, घटना के बाद परिजनों का




रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभु नारायण चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी भी नहीं हुई थी। वहीं, घटना के बाद सदर अस्पताल में विश्वविद्यालय थाना के साथ-साथ तातारपुर थाना की भी पुलिस मौजूद थी। घटना के बाद सीटी डीएसपी भी मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल पर कमरे में मौजूद मृतक प्रभु नारायण मंडल के दोस्त सत्यम ने बताया कि भारत पाकिस्तान के मैच खत्म होने के बाद हम लोग मैच पर ही चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हमलोग हर दिन साथ में ही बैठते थे। इसी बीच पास के ही क्वार्टर के रहने वाले शंभू नाथ झा का बेटा संजीव झा कमरे में पहुंचा और जेब से पिस्टल निकालकर प्रभु के सीने में गोली मार दी और वहां से फरार हो गया।

सत्यम ने आगे कहा, जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक प्रभु छटपटाने लगा। मैं उसे वहां से घसीटते हुए पहले बाहर लाया फिर अन्य लोगों को फोन कर उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन मैं अपने दोस्त को नहीं बचा पाया।

## महाकुंभ जाने के दौरान एनएच पर भीषण टक्कर, सासाराम में 4 श्रद्धालुओं की मौत

**रोहतास, एजेंसी।** महाकुंभ में जाते समय रोहतास जिले में दो भीषण सड़क हादसे हुए. इन हादसों में चार लोगों की जान चली गई. पहला हादसा रोहतास में नेशनल हाईवे पर चेनारी थाना अंतर्गत सरैया के पास हुआ. जहां ट्रक और पिकअप की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए. इनका इलाज सासाराम सदर अस्पताल में चल रहा है. वहीं दूसरी घटना एनएच 2 पर ताराचंडी धाम के पास हुई. यहां तेज रफ्तार कार ने दो श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई.

पहली घटना नेशनल हाईवे पर चेनारी थाना अंतर्गत सरैया के पास उस समय घटी जब पश्चिम बंगाल से पिकअप पर सवार होकर लोग प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे थे, तभी नेशनल हाईवे पर ट्रक और पिकअप में टक्कर हो गई. पिकअप में सवार दो लोगों की मौत हो गई. मृतक पश्चिम बंगाल के बाकुड़ निवासी हरि प्रसाद सरदार और बंशी मंडल बताए जाते हैं. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है.

सदर अस्पताल के डॉक्टर राजीव रंजन ने बताया कि पिकअप और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम लाया गया है.



सभी का इलाज चल रहा है.

दूसरी घटना रविवार देर रात की है. जब औरंगाबाद के दाउदनगर थाना क्षेत्र के गंगाबिगहा गांव निवासी इंद्रदेव प्रजापति और राम यादव अन्य ग्रामीणों के साथ बस से प्रयागराज जा रहे थे. इस दौरान रास्ते में ताराचंडी धाम पर जब उनकी बस रुकी तो श्रद्धालु नारियल खरीदने के लिए बस से उतर गए. नारियल खरीदकर जब वे वापस लौट रहे थे तो तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी. इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल जाते समय दम तोड़ दिया.

## कदमकुआं में छह दुकानों में लगी आग, एक की दम घुटने से मौत

**पटना, एजेंसी।** एक ट्रक के धक्के से बिजली का तार टूटने से हुए शॉर्ट सर्किट से कदमकुआं थाने के अर्पणा कॉम्प्लेक्स में शनिवार की देर रात करीब 2ः30 बजे भीषण आग लग गयी, जिसमें दाऊजी मिष्ठान भंडार समेत छह दुकानें जल कर राख हो गयीं. दाऊजी मिष्ठान भंडार सुरेंद्र मित्तल की है. करीब पांच घंटे तक इस अगलगी में 50 लाख का नुकसान हुआ है. सूचना मिलने के बाद फायरकर्मी मौके पर पहुंचे और मित्तल के तीन स्टाफ को 52 मीटर ऊंची हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से बचाया. आग बुझाने के दौरान मिठाई दुकान के स्टाफ 22 वर्षीय मनीष कुमार की दम घुटने से मौत हो गयी. वह यूपी के हाथरस का था और पांच माह पहले ही यहां आया था. कदमकुआं थानेदार राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया गया है. परिवार को सूचना दे दी गयी है. मित्तल ने बताया कि 25-30 लाख का नुकसान हुआ. कदमकुआं थानेदार राजीव कुमार ने बताया कि चालक फरार हो गया है. ट्रक को जब्त कर लिया गया है.

एक प्लाइ लदे ओवरलोड ट्रक रात को रास्ते से गुजर रहा था. अपर्णा मार्केट के पीछे गोदाम है. उसी गोदाम में ओवरलोडेड बड़ा ट्रक सामान लेकर आया था. बिजली का तार सटने के बाद फंस गया और खींचाता चला गया. इससे शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गयी. थोड़ी देर में ही आग धधकने लगी. इस मार्केट के ग्राउंड फ्लोर पर दाऊजी मिष्ठान भंडार के अलावा प्रतीक कुमार की खिलौने की दुकान फंजू ट्वॉय, श्याम का श्री श्याम स्टूडियो, दीपनारायण की सोफा- बेडिंग की दुकान और मिक्सिंग की दुकान है, जबकि श्रीनिवास की घड़ी की दुकान है. प्रथम तल्ले पर बैंक है. बैंक को भी खासी क्षति हुई है. आग की तपिश इतनी ज्यादा थी कि छत का सीमेंट झड़ कर नीचे गिर गया. सीढ़ी से लेकर पूरा भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इन छह दुकानों में एक भी सामान नहीं बचा. एफएसएल की टीम को बुलाया गया. जिला अग्नि पदाधिकारी मनोज नट ने बताया कि पूरे ऑपरेशन में करीब ढाई लाख लीटर पानी खर्च हुआ. मनीष की मौत दम घुटने से हुई है. तीन स्टाफ को बचा लिया गया. 52 मीटर के हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म से ऊपर से पानी की बौछार से आग बुझ पायी.

दाऊजी मिष्ठान भंडार के मालिक सुरेंद्र मित्तल जगतनारायण रोड में रहते हैं. उन्होंने बताया कि मुझे बैंक के स्टाफ ने फोन कर बताया कि दुकान में आग लग गयी है. दुकान के पास ही गोदाम है, जहां चार स्टाफ सोये हुए थे. आग लगने की बाद सभी स्टाफ जग गये और आग बुझाने लगे. आग धधक रही थी. तीन स्टाफ आग बुझा रहे थे. मनीष छत पर चला गया. गेट में ताला लगा हुआ था. नीचे आग धधक रही थी. दम घुटने से उसकी जान चली गयी.

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में एक साथ उठी दो भाइयों की अर्थी, ओवरटेक करने के दौरान सड़क हादसे में गई जान

**मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार के मोतिहारी के चकिया थाना क्षेत्र में रविवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ. जिसमें दो ममेरे भाइयों की मौत हो गई. हादसा सेमरा गांव के पास एनएच-27 पर हुआ, जब तेज रफ्तार आर-15 बाइक ओवरटेक करने के प्रयास में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया. मृतकों की पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के चितहा गांव निवासी 22 वर्षीय आशुतोष कुमार और आदापुर थाना क्षेत्र के 22 वर्षीय साहिल कुमार के रूप में हुई. साहिल, आशुतोष का मामा का लड़का था. दोनों अपने बहनोई गोलू ठाकुर के घर कुआंवा गांव जा रहे थे, जब यह हादसा हुआ. घटना की सूचना मिलते ही चकिया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर जाम हटवाया और यातायात बहाल किया. शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया. दुर्घटना की खबर सुनते ही मृतकों के परिवार में मातम छा गया. पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की जांच जारी है. चकिया थानाध्यक्ष ने लोगों से सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है.

### एसकेएमसीएच के आसपास के 15 नर्सिंग होम सील, होगी एफआइआर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** स्वास्थ्य विभाग के नियम कानून ताक पर रख अस्पताल का संचालन करने वालों पर नकेल कसने की कार्रवाई शुरू हो गयी है. इसी क्रम में रविवार को डीएम सुब्रत कुमार सेन के आदेश पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसकेएमसीएच के आसपास के अस्पताल पर धावा बोला. बिहार क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट का उल्लंघन करने वाले 17 नर्सिंग होम को सील करने को कहा गया. दो नर्सिंग होम में मरीज एडमिट रहने के कारण तत्काल 15 नर्सिंग होम को सील किया गया है. इनके विरुद्ध अहियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है.दरअसल, डीएम को सूचना मिली कि एसकेएमसीएच के आस पास में अवैध अस्पताल का संचालन हो रहा है. इसके बाद एसडीओ पूर्वी, सिविल सर्जन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने एसकेएमसीएच के बाहर संचालित 17 नर्सिंग होम की जांच करने का निर्देश दिया. इस दौरान सिविल सर्जन एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के दल ने बिहार क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत संस्थान के निबंधन, लाइसेंस, डाक्टर की विशेषज्ञता, तकनीकी स्टाफ की योग्यता / विशेषज्ञ सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों एवं शर्तों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की. जांचोपरांत सरकारी मार्गदर्शिका के तहत निर्धारित मानदंडों एवं शर्तों का उल्लंघन पाया गया.

### चाइना लीची में मंजर कम, किसान हुए निराश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** इस बार चाइना लीची की फसल काफी कम होगी. पेड़ों पर पिछले साल से 40 फीसदी कम मंजर हैं. इसके अलावा बाढ़ प्रभावित रहे क्षेत्रों में औराई और मुशहरी में चायना लीची के पेड़ों में मंजर नहीं आये हैं. किसानों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ नहीं भी आयी है, वहां अधिक देर तक ठंड पड़ने के कारण मंजर में काफी कमी है. मुशहरी के किसान राजीव कुमार ने बताया कि शाही लीची ठीक है, लेकिन चाइना में काफी कम मंजर होने से हमलोग निराश हैं. जिले में लीची की फसल में 65 फीसदी चाइना होती है. कारोबार का मुख्य केंद्र यही लीची रहती है, लेकिन इस बार स्थिति अच्छी नहीं है. इससे लीची का बाजार प्रभावित होगा. मीनापुर के किसान सुबोध कुमार ने बताया कि हमारे यहां चाइना लीची में 30 फीसदी की गिरावट है. कई प्रखंडों में चाइना लीची काफी कम होगी. हमलोगों ने ऐसी उम्मीद नहीं की थी, लेकिन इस बार की स्थिति अच्छी नहीं है. जिले में लीची की फसल 12 हजार हेक्टेयर में होती है. करीब एक लाख टन लीची का उत्पादन होता है. जिसमें चाइना लीची की मात्रा सबसे अधिक होती है, लेकिन इस बार चाइना लीची का फलन कम हो रहा है. किसानों का कहना है कि पिछले साल शाही के अलावा चाइना लीची भी अमेरिका, इंग्लैंड और सऊदी अरब के देशों में भेजी गयी थी. इस बार एक्सपोर्ट कम हो जायेगा. इसका घाटा हमलोगों को उठाना पड़ेगा. जितने मंजर अभी चायना में दिख रहे हैं, वह भी बचा रहेगा, यह कहना भी अभी मुश्किल है. कांटी के किसान बबलू शाही ने बताया कि दस दिनों के अंदर चायना फसल की वास्तविक स्थिति का पता लगेगा.

### प्रयागराज होकर चलने वाली बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 28 फरवरी तक रद्द

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए भीड़ को देखते हुए हाल में कई गाड़ियों का रूट बदल दिया गया. एक बार फिर से रेलवे की ओर से कई गाड़ियों को रद्द करने के साथ पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार की गाड़ियों का मार्ग बदला गया है जिसमें अपरिहार्य कारणों से ट्रेनों के परिचालन में बदलाव की बात कही गयी है. इसमें बरौनी-अहमदाबाद को 28 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है. सोनपुर मंडल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने इस बारे में जानकारी दी. दूसरी ओर ट्रेनों के लगातार रद्द होने और डायवर्ट होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गयी है.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### 28 फरवरी तक संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों को नहीं मिलेगा मार्च में वेतन, दिया गया आदेश



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी के उन राज्य कर्मचारियों को फरवरी के वेतन का भुगतान मार्च में नहीं किया जाएगा जिन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पार्टल में नहीं दिया है। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से 28 फरवरी तक अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दे देना है। प्रदेश में जिन भी कर्मचारियों ने यह ब्योरा नहीं दिया है उनका फरवरी माह का वेतन रोक दिया जाएगा।

मालूम हो कि सभी कर्मचारियों को 31 दिसंबर 2024 को ही अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देना था। इसके बाद संपत्ति का ब्योरा देने की यह तिथि बार-बार बढ़ाई जाती रही है। जनवरी और फरवरी के पहले सप्ताह में यह तिथि दो बार बढ़ाई गई है।

**सीएम ने दिए थे ये निर्देश –** सीएम ने निर्देश दिए थे कि सर्विस बुक को मानव संपदा पोर्टल पर ई-सर्विस बुक के रूप में परिवर्तित करते हुए सभी तरह के अवकाश और एसीपी आदि संबंधी कार्य भी 1 जनवरी 2024 से मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएं। वर्ष 2023-24 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर)मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन दाखिल की जाए। स्थानांतरण की स्थिति में कार्यमुक्त किए जाने और कार्यभार ग्रहण करने की कार्यवाही भी मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से की जाए। इस डेट को दो बार बढ़ाया जा चुका है।

### हादसों में जा रही जान, फिर भी नाबालिगों के हाथ में थमा रहे दोपहिया की कमान



**अलीगढ़ , एजेंसी।** हाथरस हादसे में तीन भाई-बहनों सहित चार की मौत से सिस्टम के साथ-साथ अभिभावकों पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। न तो ट्रिपलिंग पर पुलिस वाले रोक रहे हैं न लगातार हो रहे हादसों के बावजूद अभिभावक ही बच्चों को वाहन देने से बाज आ रहे हैं। पिछले पांच साल में हादसों में 258 नाबालिगों की मौत हो गई है। उसके बावजूद नाबालिग व नवयुवा ट्रिपल राइडिंग कर फर्राटा भरते फिर रहे हैं। नया कानून लागू होने के बाद एक साल में अलीगढ़ जिले में अब तक 37 नाबालिगों के चालान हुए हैं। ट्रिपलिंग राइडिंग पर भी 15,670 चालान हुए हैं। कहने को हम सिस्टम को भला बुरा कहते रहें। लेकिन, जवाबदेही तो हमारी भी बनती है कि अपने नाबालिग बच्चों के हाथों में वाहन न थमाएं। अगर घर का नवयुवा दोपहिया लेकर फर्राटा भर रहा है और ट्रिपलिंग कर रहा है तो उसे हिदायत दें। नए कानून के बाद नाबालिगों के हाथों में वाहनों की रोकथाम के प्रयास होते रहते हैं। प्रयास बिना चालान समझाने व हिदायत देकर छोड़ने का रहता हैं। जो नहीं मानते या कई बार नियम तोड़ते दिखते हैं, तब चालान किया जाता है। अब नए सिरे से इस दिशा में अभियान छेड़ा जाएगा। ट्रिपलिंग पर लगातार कार्रवाई जारी है। - मुकेश चंद्र उत्तम, एसपी यातायात

**क्या है नया कानून –** 1 जून 2024 से यूपी में 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन चलाते मिले तो वाहन मालिक व अभिभावक पर कार्रवाई का आदेश है। बीएनएस के तहत 25,000 रुपये तक जुर्माना, वाहन को 12 माह के लिए सीज व अपराध करने वाले बच्चे 25 साल की उम्र तक लाइसेंस लेने के लिए अयोग्य घोषित किए जाएंगे।

# अक्षय कुमार ने संगम में लगाई डुबकी, बोले- शानदार इंतजाम है

**प्रयागराज , एजेंसी।** प्रयागराज में चल रही महाकुंभ के 43वें दिन भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है। अभिनेता अक्षय कुमार भी प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद संगम में पवित्र डुबकी लगाई। त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बाद, अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि मैं यहां इतनी अच्छी व्यवस्था करने के लिए सीएम योगी जी को धन्यवाद देता हूं।

### मैं सारे कर्मचारी और पुलिस का धन्यवाद करता हूं: अक्षय

अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा, बहुत ही अच्छा लगा। यहां पर बहुत ही अच्छी व्यवस्था है मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं...इस कुंभ में सभी बड़े-बड़े लोग आ रहे हैं और जो इंतजाम किया गया है वो बहुत ही अच्छा है। मैं सारे कर्मचारी और पुलिस का धन्यवाद करता हूं।





### महाशिवरात्रि के पहले ट्रेनों में उमड़ी भीड़, रेलवे ने चलाई सौ से अधिक स्पेशल ट्रेनें

महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पहले प्रयागराज आने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। रविवार को भी प्रयागराज आने वाली ट्रेनों में खचाखच भीड़ रही। इस दौरान यात्रियों में धक्का-मुक्की भी होती रही। देर शाम तक प्रयागराज के स्टेशनों से 102 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा चुका था, इसमें सर्वाधिक 50 स्पेशल सिर्फ प्रयागराज जंक्शन से चलीं।

महाशिवरात्रि के पूर्व महाकुंभ नगर में बाहर से आने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है। कई नियमित ट्रेनें निरस्त होने की वजह से स्पेशल ट्रेनों से काफी संख्या में यात्री प्रयागराज पहुंच रहे हैं। शनिवार 22 फरवरी की ही बात करें तो 338 ट्रेनों का संचालन संगम नगरी के स्टेशनों से हुआ।

इसमें 149 स्पेशल ट्रेनें शामिल रहीं। रविवार को भी स्नान के बाद वापसी करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी, झूंसी स्टेशनों पर खूब रही। इस वजह से इन चारों ही स्टेशनों से देर शाम तक क्रमशः 50, 16, 11 एवं 12 स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा चुका था। इसके अलावा शहर के सभी स्टेशनों से 106 रेगुलर ट्रेनें भी चलाई गईं।

रविवार दोपहर एक बारगी जानसेनगंज चौराहे पर जब भीड़ का रेला बढ़ा तो कुछ देर के लिए वहां लोगों को रोका भी गया। जंक्शन के आश्रय स्थल से लोगों को प्लेटफार्म पर लगी स्पेशल ट्रेनों में भेजा जाता रहा। इसके बाद ही जानसेनगंज से लोगों को लीडर रोड होते हुए जंक्शन भेजा जाना शुरू किया गया।

इस दौरान प्रयागराज आने वाली लंबी रूट की कई ट्रेनों में यात्रियों की खूब भीड़ आई। लालगढ़-सूबेदारगंज, जम्मू मेल, संगम एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस आदि ट्रेनों के आरक्षित कोच में उपलब्ध बर्थ के मुकाबले दो गुना से ज्यादा यात्री यहां उतरे। लंबी दूरी की ट्रेनों में चढ़ने के लिए भी यात्रियों को खासी जद्दोजहद करनी पड़ी। कई ट्रेनों के कोच में लगी इमरजेंसी खिड़की से भी यात्री अंदर घुसते दिखाई दिए। बिहार जाने वाली ट्रेनों के शौचालय में भी यात्री घुस गए। दानापुर जा रही मिथिलेश यादव ने बताया कि उन्होंने इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी।

सीमांचल एक्सप्रेस में उन्होंने चढ़ने के लिए आरपीएफ कर्मियों की मदद मांगी। तब कहीं जाकर वह ट्रेन में चढ़ सकीं। बिहार के गया शहर जाने वाले आरपी रस्तोगी ने बताया कि जोधपुर-हावड़ा एक्सप्रेस निरस्त हो जाने की वजह से वह अब स्पेशल ट्रेन से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन जाएंगे। वहां से कोई दूसरी ट्रेन पकड़कर गया के लिए रवाना होंगे।

# जिसने मारा है पीठ पर खंजर, दोस्त तो है मगर... दोस्ती पर बाराबंकवी का शेर, मायने हैं बहुत गहरे




**आगरा , एजेंसी।** ताज महोत्सव के तहत सूरसदन प्रेक्षागृह में रविवार की शाम कुल हिंद मुशायरे में नामचीन शायरों ने अपने कलाम से वाहवाही लूटी। डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने फरमाया 'मैं तो मामूली सा मिट्टी का दिया हूं फिर भी लोग करते हैं हवाओं से शिकायत मेरी, जिसने मारा है पीठ पर खंजर, दोस्त तो है मगर पुराना नहीं'। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने शमा रोशन कर मुशायरे का आगाज किया।

शायर कलीम समर ने कुछ यूं बयां किया, 'मरने से क़ब्ल बीवियां मेरी बची थीं तीन, जो कुछ भी जायदाद थी तीनों में बांट दी'। सदारत कर रहे डॉ. हिलाल बदायूंनी ने अर्ज किया 'मुकद्दर में हमारे कब है बिस्तर, सफर में नींद पूरी कर रहे हैं'। सलीम अमरोहवी ने पेश किया 'उसने वादा किया है आने का, राह हम क्यों ना उम्रभर देखें'। शाहिद अंजुम ने अपने शेर से ऊंचाइयों पर पहुंचाया 'हवा किसी की तरफ देर तक नहीं रहती, चराग़ सोच रहे हैं हवा हमारी है'। डॉ. नदीम शाद ने कुछ यूं कहा 'ये नाक़दरी हमारी इसलिए है, तेरा होने में जल्दी कर गए हम'।

डॉ. साबिर बेहटवी ने कलाम पढ़ा 'भले ज़रा सा हो लेकिन ज़रूर होता है, बुलंदियों पे पहुंचकर ग़ुरूर होता है'। कुंवर जावेद ने बयां किया 'सितम तो ये है उसी से दुआ सलाम नहीं, वो जिसके घर के बराबर में घर हमारा है'। डॉ. सबा बलरामपुरी ने यह सुनाकर दाद पाई 'ना सितारे फूल जुगनू ना तो आफताब आए, तेरी मुंतज़िर हैं आंखें इन्हें तेरा ख़्वाब आए'। अतुल अजनबी, दाऊद इकबाल ने भी अपनी रचनाओं से वाहवाही लूटी।

देर रात तक मुशायरा चलता रहा। संचालन शायर अमीर अहमद एडवोकेट ने किया। तरुण पाठक, कर्नल जीएम ख़ान, डॉ. त्रिमोहन तरल, अब्दुल क़ुद्दूस ख़ां, हरीश चिमटी, भरतदीप माथुर, ज़ाकिर सरदार, पूनम ज़ाकिर, डॉ. नसरीन बेगम, मोहम्मद हुसैन, समी आगाई, महमूद उज्जमा, शिवराज यादव आदि ने शायरों का इस्तकबाल किया।

# जामा मस्जिद में पुताई- सजावट के लिए मांगी अनुमति, कमेटी ने ASI को भेजा पत्र... डीएम बोले- लगी है रोक

**संभल , एजेंसी।** संभल की जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने एएसआई के मेरठ कार्यालय को पत्र भेजा है। इसमें जामा मस्जिद की पुताई व सजावट किए जाने के लिए अनुमति मांगी गई है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली ने कहा है कि रमजान माह से पहले जामा मस्जिद में सफाई, पुताई व सजावट कराई जाती है। यह वर्षों से कराई जाती है।

इसके लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई है। इस कार्य को कराने पर एएसआई द्वारा भी कोई आपत्ति नहीं की गई है। लेकिन 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद शांति व्यवस्था कायम रखने और किसी तरह का विवाद उत्पन्न न हो। इसलिए सफाई, पुताई और सजावट की अनुमति दी जाए।



जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने बताया कि जल्द ही एएसआई के मेरठ कार्यालय से अनुमति मिलने की उम्मीद है। उसके बाद सफाई, पुताई और सजावट का कार्य कराया जाएगा। मालूम हो जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में पांच लोगों की जान चली गई थी। 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इसके बाद से ही जामा मस्जिद और उसके आसपास पुलिस-प्रशासन की निगरानी रहती है। मस्जिद समिति द्वारा मरम्मत की अनुमति मांगे जाने पर डीएम राजेंद्र पेंसिया ने स्पष्ट किया कि यह संरचना पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एएसआई की संपत्ति है। इस पर किसी भी तरह की कार्रवाई पर कोर्ट ने रोक लगा रखी है।

डीएम ने बताया कि एसडीएम को मस्जिद की सफाई और पेंटिंग के लिए एक आवेदन मिला था, जिसे बिना किसी संशोधन के एएसआई को भेज दिया गया है। मामले को लेकर प्रशासन पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया का पालन कर रहा है। फिलहाल, इस पर कोई निर्णय एएसआई द्वारा ही लिया जाएगा।

# कानपुर में पैसों के लिए फेल किए जाने से फांसी पर लड़की छात्रा : जांच शुरू

सुनील बाजपेई

**कानपुर** । 20 हजार नहीं देने पर फेल किए जाने से नाराज छात्रा ने फांसी लगा ली।जानकारी होने पर उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से जहां उसके परिवार में कोहराम मचा है। वहीं राम नर्सिंग कॉलेज के छात्रों में भी रोष व्याप्त है । फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक दोषी पाए गए व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मिली जानकारी के मुताबिक बर्रा दामोदर नगर के रहने वाले जयकरन सचान प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी रश्मि सचान टीचर है। मौके पर पहुंची पुलिस को जानकारी देते हुए पिता जयकरन ने बताया कि बेटी आरती सचान (21) रामा यूनिवर्सिटी से नर्सिंग के चौथे साल की पढ़ाई कर रही है। 20 फरवरी को उसका सेमेस्टर रिजल्ट आया था। इसमें उसे आधे नंबर से फेल कर दिया गया। इस वजह से आरती तनाव में थी।

पिता द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक वह मां से भी फोन पर बात करते हुए रिजल्ट को लेकर रोई थी।

इस घटना की जानकारी तभी जब मिलने के बाद उसका फोन नहीं उठा। तब वहां पहुंचकर खिड़की से झांक कर देखा तो कमरे में आरती फांसी के फंदे सी लटकी हुई थी जिसे उतारने के बाद लगाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चर्चा का विषय बनी इस घटना की जांच पुलिस शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक आरोप सही पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ यात्रा: मुरादाबाद में रात आठ बजे से हाईवे पर नहीं चलेंगे वाहन

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सोमवार रात आठ बजे से दिल्ली हाईवे पर जीरो ट्रैफिक लागू कर दिया जाएगा। यह व्यवस्था 26 फरवरी की शाम पांच बजे तक लागू रहेगी। हाईवे पर सभी प्रकार के वाहनों का संचालन रोक दिया जाएगा। इस दौरान केवल कांवड़ियों के जत्थे और उनके वाहन को ही आने-जाने की अनुमति रहेगी। इस दौरान वाहनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि सोमवार रात आठ बजे से मुरादाबाद से दिल्ली, मेरठ की ओर जाने वाले सभी वाहन बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली जाएंगे। यह वाहन इसी मार्ग से वापस लौटेंगे। मेरठ जाने के लिए वाहन हापुड़ से मेरठ जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात आठ बजे से बुधवार रात की शाम पांच बजे तक हाईवे पर जीरो ट्रैफिक कर दिया जाएगा।




**इन वाहनों से गुजारे जाएंगे वाहन –** अमरोहा से रामपुर, बरेली की ओर जाने वाले सभी भारी वाहन कैलशा, बागड़पुर, डींगरपुर तिराहा, पाकबड़ा से डींगरपुर, कुंदरकी, बिलारी, शाहाबाद होकर रामपुर जाएंगी और इसी मार्ग से वापस लौटेंगे। मुरादाबाद से बिजनौर या हरिद्वार आने जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन काशीपुर तिराहा, ठाकुरद्वारा भूतपुरी चौराहा (अफजलगढ़), शेरकोट, धामपुर, नहटौर होते हुए बिजनौर या हरिद्वार जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे। बिजनौर या धामपुर से मुरादाबाद, रामपुर या बरेली की तरफ जाने वाले हल्के वाहन स्योहारा, सूरजननगर, ठाकुरद्वारा, भोजपुर एवं काशीपुर तिराहा से दलपतपुर जीरो प्वाइंट होते हुए एनएच-9 से जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे।

**चौरासी घंटा और झारखंडी मंदिर पर 150 पुलिसकर्मी तैनात –** महाशिवरात्रि को देखते हुए नागफनी थाना क्षेत्र के चौरासी घंटा और झारखंडी मंदिर पर 150 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दोनों मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। मझोला क्षेत्र के ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, नया मुरादाबाद महाकालेश्वर मंदिर में पुलिसकर्मियों की तैनाती गई है।

# छावनी के फूलों ने लूटी महफिल... जीते 48 पुरस्कार; अंतिम दिन पुष्प प्रदर्शनी देखने उमड़े लोग

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में सुंदर, आकर्षक और सुगंधित फूलों से सजी पुष्प प्रदर्शनी में अंतिम दिन भी लोगों की भीड़ उमड़ी। रविवार सुबह 10 बजे से ही लोगों का आना शुरू हो गया था, जो शाम तक जारी रहा। रंग बिरंगे फूल देख लोग फोटो खिंचवाने से खुद को नहीं रोक पाए। शाम को पुरस्कार वितरण में कैंट बोर्ड ने 48 श्रेणियों में पदक जीते। सुंदर पुष्पों से सजी प्रदर्शनी को देखने के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार समेत कई अधिकारी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आयोजित प्रदर्शनी में बहुत ही सुंदर फूल सजे हैं। शहर में ऐसे आयोजन बहुत कम होते हैं। सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचती रही। वहीं किड्स जोन में भी पूरे दिन बच्चों की भीड़ रही। रंग-बिरंगे गुब्बारों से बच्चे खेलते रहे। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने बताया कि पुष्प प्रदर्शनी में बहुत ही सुंदर पुष्प लाए गए हैं। इन फूलों ने तीन दिन में शहर के लोगों का मनमोह लिया है। यहां कई असाधारण वैरायटी के पौधे और पुष्प रखे गए हैं, जिन्हें लोगों ने बहुत ही मेहनत से तैयार किए है। महापौर उमेश गौतम ने कहा कि हर वर्ष बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी लगाई जाती है। शहर भर के लोग यहां आकर अपने पुष्पों को प्रस्तुत करते हैं। बरेली वासियों के लिए यह बहुत ही सुखद क्षण होता है। इसे देखकर दुखी चेहरों पर भी मुस्कान आ जाती है



जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि यहां पर सुंदर फूलों से सजी प्रदर्शनी लगाई गई है है। वर्षों पुराने बोन्जाई के पौधे बहुत ही सुंदर तरीके से सजाए गए हैं। सालों की मेहनत के बाद यह पौधे तैयार किए गए हैं। प्रदर्शनी के लिए सभी को बधाई। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि यह रविवार बेहद खूबसूरत है। दोपहर में यहां आना बहुत ही सुंदर अनुभव रहा। फूलों की तमाम वैरायटी यहां देखने को मिली हैं। इतनी वैरायटी कम ही देखने को मिलती हैं। हर वर्ष ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन होते रहना चाहिए। डीआरएम इज्जतनगर, डीएम आवास, बरेली क्लब, बीबीएल स्कूल, जीआरएम समूह, एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज, आईवीआरआई, जाट रेजीमेंट, क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ, आईजी कार्यालय, मॉडर्न ज्वैलर्स, एमजेपीआरयू, बरेली कॉलेज, डॉ. ममता सिंह, बीएल एग्रो, केसीएमटी, रितु जैन, हर्ष बिल्ला, फ्लावर नर्सरी, राकेश कुमार, केशव गुप्ता, नीरज मैसी, मो. कैफ, आदित्य सिंह, आरिफ हुसैन, सीओ ऑफिस, विवाह, रितु जैन, डॉ. शोभना टंडन, निकिता अग्रवाल। तीन दिन तक चली पुष्प प्रदर्शनी में शहर की विभिन्न संस्थाओं व लोगों ने सालों से सहेजे गए रंग-बिरंगे फूलों को सजाया। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। इसके बाद बारी आई विजेताओं के चयन की। रविवार की शाम निर्णायक मंडल ने इसका परिणाम घोषित किया। शाम को शहर के गण्यमान्य लोग पहुंचे। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. आलोक खरे, डॉ. संजय कुमार गर्ग, डॉ. आलोक श्रीवास्तव ने कहा, इस बार पिछले वर्ष से अधिक पुष्प प्रदर्शनी में आए हैं। मौसम अनुकूल होने के चलते पुष्प तीन दिन बाद भी खिले रहे।

इसके बाद महापौर उमेश गौतम पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन मंच पर पहुंचीं। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी के पहले, दूसरे व तीसरे विजेता की घोषणा की। इसमें पहला पुरस्कार बरेली छावनी परिषद को मिला। उन्होंने अलग-अलग श्रेणी में 48 पुरस्कार जीते। दूसरा पुरस्कार जेएलए बरेली ने 19 श्रेणियों में और तीसरा गंगाशील ग्रुप ऑफ नर्सिंग ने 11 श्रेणियों में जीता।

### मार्च में चावल से ज्यादा दिया जाएगा मोटा अनाज

- एफसीआई गोदामों से कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचना शुरू

**अलीगढ़ , एजेंसी।** घुन लगे चावल और गेहूं, राशन के खाद्यान्न की कालाबाजारी पर घिरने के बाद राशन में मोटे अनाज की मात्रा बढ़ा दी गई है। मार्च माह में राशन में चावल कम दिया जाएगा, बाजरा अधिक दिया जाएगा। अलीगढ़ में गेहूं और चावल में घुन लगने का मामला सुर्खियों में है। हाल में शासन की टीम ने निरीक्षण भी किया। इसके बाद बदलाव किया गया है। मार्च माह में उपभोक्ताओं को चावल से ज्यादा मोटा अनाज (बाजरा) मिलेगा। एफसीआई के गोदामों से कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचना शुरू हो गया है। होली के त्योहार को देखते हुए तीन–चार मार्च तक खाद्यांन दुकानों तक पहुंच जाएगा। पांच मार्च से कोटे की दुकानों से उपभोक्ताओं को राशन का वितरण शुरू हो जाएगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी



## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी में आम चुनाव- चांसलर शोल्ज हारे विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी सबसे आगे

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज आम चुनाव हार गए हैं। उनकी सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी (SDP) 630 सीटों में से सिर्फ 121 सीटें ही जीत पाई है। उसे सिर्फ 16.5% वोट ही मिले हैं। चांसलर शोल्ज ने हार स्वीकार कर ली है। उनकी पार्टी चुनावी नतीजों में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (CDU) पार्टी के गठबंधन ने 208 सीटों पर जीत दर्ज की है। उसे 28.5% वोट हासिल हुए हैं। चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी जीत कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी (AFD) को मिली है। इस पार्टी को 151 सीटों पर जीत मिली है। पार्टी को 20.8% वोट मिले हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार जर्मनी में किसी कट्टरपंथी दक्षिणपंथी पार्टी ने इतनी सीटें जीती हैं। जर्मनी में बहुमत के लिए 315 सीटें चाहिए, और कोई भी पार्टी अकेले यह आंकड़ा छूती नहीं दिख रही है। इसलिए गठबंधन सरकार बनना तय माना जा रहा है। AfD ने गठबंधन करने की पेशकश की AfD पार्टी की चांसलर उम्मीदवार एलिस वीडेल ने अपने समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाया है। हालांकि पार्टी चांसलर वीडेल ने कहा कि उन्हें और बेहतर रिजल्ट की उम्मीद थी। AfD के नेता टीनो क्रूपाला ने कहा कि उनकी पार्टी CDU के साथ गठबंधन के लिए बातचीत करने को तैयार है। हालांकि CDU के चांसलर उम्मीदवार फ्रेडरिक मर्ज ने कट्टरपंथी पार्टी AfD के साथ किसी भी तरह के गठबंधन से साफ इनकार कर दिया है।

### बांग्लादेश में एयर बेस पर अफसरों और स्थानीय लोगों में झड़प, फायरिंग में व्यापारी की मौत



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के कॉक्स बाजार स्थित एयरफोर्स बेस पर अफसरों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। इस झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एयरफोर्स हालात संभालने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशन की डायरेक्टर आएशा सिद्दीकी ने बताया कि यह टकराव दोपहर 12 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक झड़प में कई लोग घायल भी हुए हैं। इस झड़प की वजह साफ नहीं है। सिद्दीकी ने बताया कि दोनों पक्षों के पूछताछ के बाद वजह सामने आ पाएगी। कॉक्स बाजार पुलिस के मुताबिक, झड़प के दौरान फायरिंग भी हुई। इसमें लोकल व्यापारी शिहाब कबीर (30) की गोली लगने से मौत हो गई। इसके बाद सुरक्षा बल किसी को भी घटनास्थल पर नहीं जाने दे रहे हैं।

### पोप की हालत गंभीर, किडनी फेल होने के लक्षण, ऑक्सीजन दी जा रही, प्लेटलेट्स भी घटीं



**रोम।** पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर बनी हुई है। कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन के मुताबिक पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे हैं। साथ ही प्लेटलेट्स की कमी का भी पता चला है। वेटिकन प्रेस ऑफिस ने कहा कि पोप को शनिवार रात से अस्थमा का कोई अटैक नहीं आया है, लेकिन अभी भी ऑक्सीजन का हाई फ्लो दिया जा रहा है। दुनियाभर में पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार के लिए प्रार्थना जारी है। पोप ने X पर पोस्ट करके प्रार्थनाओं के लिए उनको धन्यवाद किया। कैथलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस (88 साल) फेफड़ों में इन्फेक्शन के कारण 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा है। डॉक्टरों ने 21 फरवरी को उन्हें खतरे से बाहर बताया था और कहा था कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। अगले दिन अस्थमा अटैक के बाद पोप की हालत गंभीर हो गई थी।

### तेलंगाना टनल हादसा, अंदर 11km पानी भरा, सिलक्यारा ऑपरेशन टीम भी 8 लोगों के रेस्क्यू में जुटी




**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इसमें 8 कर्मचारी फंस गए। इन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन में आर्मी, NDRF, SDRF के अलावा राज्य सरकार की अन्य एजेंसी भी जुटी हुई हैं। उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में फंसे लोगों को निकालने वाली टीम को भी इसमें शामिल किया गया है। 2023 में सिलक्यारा टनल का एक हिस्सा गिर गया था। 17 दिन बाद 41 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था। तेलंगाना सरकार के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि हादसा सुरंग के मुहाने से करीब 13 किलोमीटर दूर हुआ है। रेस्क्यू टीम फंसे हुए लोगों से 100 मीटर दूर है, लेकिन पानी और कीचड़ की वजह से ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। मजदूरों के बचने की संभावना कम है। हमारी कोशिश जारी है। टनल में एंडोस्कोपिक और रोबोटिक कैमरे लगाए गए सोमवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए टनल में एंडोस्कोपिक और रोबोटिक कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही NDRF डॉग स्क्वाड की मदद भी ली जा रही है। L&T के एंडोस्कोपिक ऑपरेटर दोवदीप ने कहा, एंडोस्कोपिक कैमरे से हम देख सकते हैं कि टनल के अंदर क्या हो रहा है। हमने उत्तराखंड में भी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान ऐसा किया था। रेस्क्यू में NDRF-SDRF और आर्मी के जवान रेस्क्यू के लिए NDRF के 145 और SDRF के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है। हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 13 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है। इस दौरान टनल के अंदर करीब 60 लोग काम कर रहे थे।

### पंजाब BJP अध्यक्ष को इंडिगो फ्लाइट में टूटी सीट मिली

**मोहाली।** पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने इंडिगो एयरलाइंस की सर्विस पर सवाल उठाए हैं। चंडीगढ़ से दिल्ली की यात्रा में जाखड़ की सीट के कुशन ढीले मिले। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर टूटी सीटों की तस्वीरें शेयर कर जाखड़ ने कहा, 'जब उन्होंने इसे लेकर क्रू मेंबर्स से बात की तो उन्होंने कंपनी की वेबसाइट पर जाकर शिकायत करने को कहा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) को देखना चाहिए कि प्रमुख एयरलाइंस का यह 'चलता है' वाला रवैया सुरक्षा मानदंडों तक न बढ़े।' इससे पहले, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एअर इंडिया की सुविधाओं पर सवाल उठाए थे। शिवराज को फ्लाइट में टूटी सीट पर बैठकर यात्रा करनी पड़ी थी। सुनील जाखड़ ने अपनी पोस्ट में कहा- ऐसा लगता है कि टूटी हुई सीटें, जैसा कि शिवराज सिंह चौहान जी ने बताया है, एअर इंडिया का विशेष अधिकार क्षेत्र नहीं हैं। 27 जनवरी को इंडिगो चंडीगढ़-दिल्ली उड़ान की कुछ तस्वीरें यहां दी गई हैं, जिसमें कई सीटों पर ढीले कुशन लगे हुए हैं, जबकि नियमित रूप से फिट की गई सीटें सुरक्षा नियमों के अनुरूप नहीं हैं। केबिन क्रू ने हमेशा की तरह विनम्र होने के बावजूद इस बारे में कुछ भी करने में असमर्थता जताई और कहा कि मुझे कंपनी की वेबसाइट पर शिकायत करनी चाहिए। मुझे ढीले कुशन या सीटों के आराम की चिंता नहीं है।

# ट्रम्प ने 1600 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

एजेंसी, वॉशिंगटन




♦ बाकी को छुट्टी पर भेजा, संस्था ने भारतीय चुनाव में 182 करोड़ की फंडिंग दी थी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि वे विदेश में मदद मुहैया कराने वाली एजेंसी USAID के 1600 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रहे हैं। इसके अलावा बाकी कर्मचारियों को पेड लीव पर भेजा रहा है। यानी वे काम पर नहीं आएंगे लेकिन उन्हें सैलरी मिलती रहेगी। USAID (यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) में सिर्फ कुछ लीडर्स और दुनियाभर में मौजूद बेहद जरूरी स्टाफ को ही रखा जाएगा। ये वही संस्था है जिसने भारत में चुनाव के दौरान वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए की फंडिंग दी थी। इसे लेकर ट्रम्प बीते एक हफ्ते में पांच बार सवाल उठा चुके हैं। 10 दिन पहले इलॉन मस्क के DoGE विभाग ने भारत को दी जा रही फंडिंग समेत दुनियाभर में दी जा रही 15 अन्य फंडिंग को बंद कर दिया था।

**केंद्र सरकार बोली- USAID ने देश में 6.5 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट फंड किए:** इधर, भारत के वित्त मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में सामने आया है कि USAID ने 2023-2024 के बीच 6,505 करोड़ रुपए से सात प्रोजेक्ट्स फंड किए थे। ये प्रोजेक्ट्स भारत सरकार की पार्टनरशिप में देश में काम कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि USAID ने इन्हीं सात प्रोजेक्ट्स के लिए वित्त वर्ष 2023-2024 में करीब 825 करोड़ रुपए का फंड दिए देने की बात कही थी। वित्त मंत्रालय के तहत डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स ने अपनी रिपोर्ट में 2023-24 में फंड किए गए प्रोजेक्ट्स की डिटेल शेयर की है। इस दौरान वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए कोई फंडिंग नहीं की गई। जिन प्रोजेक्ट्स के लिए फंडिंग की गई वे कृषि और फूड सिक्योरिटी प्रोग्राम, पानी, सफाई और हाईजीन, रिन्यूएबल एनर्जी, डिजास्टर मैनेजमेंट और स्वास्थ्य से जुड़े हैं।

**अमेरिका-भारत के बीच डेवलपमेंट फंडिंग 1951 से जारी:** अमेरिका की द्विपक्षीय विकास सहायता भारत के लिए 1951 में शुरू हुई थी। यह मुख्य रूप से USAID के जरिए से भेजी जाती है। इसके शुरू होने के बाद से USAID ने भारत में 555 से अधिक परियोजनाओं के लिए 1.47 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की आर्थिक मदद दी है।

## युवक की परिवार से बात करते हार्टअटैक से मौत

एजेंसी, कुरुक्षेत्र



♦ 8 साल पहले पुर्तगाल गया, कुरुक्षेत्र लौट रिश्ता देखना था, दोस्त पहुंचे तो मोबाइल हाथ में था

परिवार ने पहले कर्ज लेकर बेटे को कमाने के लिए पुर्तगाल भेजा और अब दोबारा 20 से 22 लाख रुपए का कर्ज लेकर उसकी डेडबॉडी मंगानी पड़ी। कुरुक्षेत्र के पिहोवा के रहने वाले संटी मेहरा का शव सोमवार सुबह उसके घर पहुंचा। आज ही उसका अंतिम संस्कार होगा। संटी 8 साल से पुर्तगाल में रह रहा था। 21 जनवरी को परिवार से फोन पर बात करते हुए हार्टअटैक से उसकी मौत हो गई। 4 दिन बाद ही उसे भारत लौटना था। घर में संटी की शादी की बात चल रही थी। उसे घर आने के बाद लड़की देखने के लिए जाना था। घर में इकलौते कमाने वाले संटी की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

**8 साल पहले पुर्तगाल गया था संटी:** पिहोवा के टली फार्म के रहने वाले बंटी मेहरा ने बताया कि 2016 में उसका छोटा भाई संटी पुर्तगाल गया था। उसे पुर्तगाल की नागरिकता मिल चुकी थी। कुछ समय में उसे रेड पासपोर्ट मिलने वाला था। पुर्तगाल जाने के बाद संटी एक बार भी घर नहीं आया। 24 जनवरी को उसका भारत लौटने का प्लान था। 21 जनवरी को वह परिवार के लोगों के लिए शॉपिंग करने ऑस्ट्रिया गया था।

**परिवार से बात करते हुए चीख निकली:** भाई बंटी ने बताया कि संटी फोन पर मां सोमा देवी, भाभी हर्षदीप कौर और भतीजी रहमतप्रीत कौर से बात कर रहा था। बात करते-करते अचानक संटी के हाथ और पैर सुन्न हो गए। उसकी चीख निकली और फोन में आवाज आनी बंद हो गई। परिवार के लोगों ने उसके दोस्तों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने करीब 23 बार लगातार संटी को कॉल की, लेकिन किसी ने कॉल नहीं उठाई। उन्होंने मैसेज भी भेजे, लेकिन कोई रिप्लाई नहीं आया।

## कोलकाता में 3 लाश मिली, नसें कटीं, गर्दन पर घाव

एजेंसी, कोलकाता



पुलिस बोली- पतियों ने खबर दी, हमें इन्हीं पर शक, बचने के लिए अपना एक्सीडेंट करवाया

कोलकाता में 19 फरवरी को एक ही परिवार की 14 साल की लड़की और दो महिलाओं की लाश मिली। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इनकी हत्या की साजिश की आशंका जताई गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि दोनों महिलाओं की नसें कटी हुई थीं और गर्दन पर घाव के गहरे निशान थे। नाबालिग की मौत जहर खाने से हुई थी। तीनों की मौत पुलिस के लिए मिस्ट्री बनी हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इसे हत्या का मामला बता रही है और उसी आधार पर जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जिस दिन तीनों की लाश मिली, उसी दिन दोनों महिलाओं के पतियों की कार का एक्सीडेंट हुआ। एक्सीडेंट में 3 लोग घायल हुए। फिलहाल तीनों अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें दोनों मृत महिलाओं के पति प्रणय डे और प्रसून डे शामिल हैं। रिश्ते में दोनों भाई हैं। पुलिस को शक है कि दोनों भाइयों ने ही अपनी पत्नियों का मर्डर किया है। एक्सीडेंट से पहले इन्ही लोगों ने महिलाओं की मौत की जानकारी पुलिस को दी थी। भारी कर्ज के बावजूद आलीशान जिंदगी जी रहा था परिवार पुलिस का कहना है कि डे परिवार चमड़े का कारोबार करता है। उस पर भारी कर्ज था।

## आतिशी बोलीं- CM दफ्तर से भगत सिंह-अंबेडकर की तस्वीरें हटाईं, भाजपा सिख-दलित विरोधी

एजेंसी, नई दिल्ली

सत्र के पहले दिन दिल्ली विधानसभा में हंगामा



दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान सोमवार को विपक्ष (AAP) ने हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा के सत्ता में आते ही सीएम ऑफिस से बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें हटाई गई हैं। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा की मानसिकता सिख और दलित विरोधी है। उन्होंने कहा- अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के हर दफ्तर में बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें लगाई थीं। दरअसल, सोमवार सुबह आतिशी ने CM रेखा गुप्ता से उनके चैंबर में मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने ये आरोप लगाया और मुद्दा सदन में उठाया है।

**AAP के आरोपों पर क्या बोली BJP नेता:** प्रवेश वर्मा ने कहा- आप दा वालों का एक ही काम है दिल्ली में विकास नहीं करना। उनके पास 10 साल का समय था। लेकिन उन्होंने दिल्ली में हालात खराब कर दिए। आज भी उन्होंने सदन की पवित्रता को ठेस पहुंचाई। AAP विधायकों का CM ऑफिस के बाहर प्रदर्शन इधर, सोमवार को विपक्ष की नेता आतिशी के साथ AAP विधायकों ने CM ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान आप विधायकों ने कहा- भाजपा ने पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली की महिलाओं को 2500 देने का जो वादा किया था, उसे पूरा करें। CM रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि विधानसभा के इसी सत्र में CAG की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश की जाएंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि AAP सरकार की गलत शराब नीति से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एलजी सक्सेना 25 फरवरी को विधानसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट पेश की जाएगी। फिर LG के संबोधन पर धन्यवाद प्रस्ताव के लिए विधानसभा में चर्चा होगी। दिल्ली विधानसभा सत्र 27 फरवरी तक चलेगा।

## वेस्ट बैंक में 23 साल बाद घुसे इजराइली टैंक, 40 हजार शरणार्थी कैंप छोड़कर भागे, नेतन्याहू बोले- फिर जंग शुरू करने को तैयार

एजेंसी, तेल अवीव



इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में इजराइली सेना ने रविवार को टैंक तैनात कर दिए। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब सेना के टैंक वेस्ट बैंक में घुसे हैं। ऐसा आखिरी बार 2002 में हुआ था। जेनिन में पिछले कई सालों से इजराइल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष होते रहे हैं। इजराइली डिफेंस फोर्स (IDF) ने कहा कि हमने जेनिन के पास एक टैंक डिवीजन तैनात की है। एक डिवीजन में 40 से 60 टैंक होते हैं। इजराइल ने फिलिस्तीन के जेनिन, तुलकरम और नूर शम्स में शरणार्थी शिविरों को खाली करा लिया है। इन शिविरों में फिलिस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी थी। इन तीनों शिविरों से 40 हजार फिलिस्तीनियों को निकाला गया है। इजराइल ने इन्हें 21 जनवरी से निकालना शुरू कर दिया था। 1967 की इजराइल-अरब जंग के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी नागरिक विस्थापित हुए हैं।

यहां संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था UNRWA को भी काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सेना को अगले कुछ साल वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए यह जरूरी है। 58 सालों से इजराइल का वेस्ट बैंक पर कब्जा वेस्ट बैंक, जॉर्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजराइल जंग के बाद जॉर्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जॉर्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया।

1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजराइल ने इस इलाके को जॉर्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजराइल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फिलिस्तीनी हैं। इजराइल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाईं। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजराइली बस्तियां अवैध हैं। इजराइल ने वेस्ट बैंक में टैंक क्यों भेजे? दरअसल, इजराइल हमास जंग के बीच वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है।

इजराइल में वेस्ट बैंक की तरफ से होने वाले हमले भी बढ़े हैं। इजराइल में 20 फरवरी की देर रात तीन खाली खड़ी बसों में विस्फोट हुए थे। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक से ही इजराइल की बसों में हमले की प्लानिंग की गई थी। इसके बाद ही नेतन्याहू ने इस इलाके पर एक्शन लेने का आदेश दिया। हालांकि, इजराइल-हमास जंग के दौरान भी इजराइली सेना यहां कई ऑपरेशंस को अंजाम दे चुकी है।

## महाकुंभ-अक्षय-कैटरीना प्रयागराज पहुंचे, गंगा में डुबकी लगाई

एजेंसी, प्रयागराज



शहर में जगह-जगह जाम की स्थिति, संगम पर सुबह के मुकाबले भीड़ कम

महाकुंभ का आज 43वां दिन है। मेला खत्म होने में 2 दिन और बचे हैं। आज 4 बजे तक 1.05 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम स्टेशन से लेकर संगम तक भीड़ ज्यादा थी। दोपहर तक भीड़ कम होना शुरू हो गई। 13 जनवरी से अब तक 62.97 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने संगम स्नान किया। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ भी महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती का आशीर्वाद लिया। इस बीच आज प्रयागराज में एंट्री पॉइंट पर पार्किंग के आसपास जाम की स्थिति है। शहर के अंदर चौराहों पर भी बीच-बीच में जाम लग रहा है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10 किमी पहले पार्किंग में रोका जा रहा है। उसके बाद मेला क्षेत्र तक ऑटो, ई-रिक्शा या शटल बसों से जा सकते हैं। हालांकि, भीड़ के मुताबिक ये साधन बहुत कम हैं। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज शहर में 16 किमी लंबी शोभायात्रा निकाली जाती है। कई मंदिरों से भी जुलूस निकाले जाते हैं। पुलिस ने कमेटी से बात करके शोभायात्रा न निकालने पर राजी कर लिया है। शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने फैसला लिया है कि 24 फरवरी को 10वीं-12वीं बोर्ड के एग्जाम नहीं कराए जाएंगे।

## दिल्ली आ रही अमेरिकी फ्लाइट में बम की धमकी फर्जी

एजेंसी, रोम



न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट में बम होने की धमकी फर्जी निकली। रविवार को फ्लाइट AA292 में बम की खबर मिलने के बाद उसे रोम की ओर डायवर्ट कर दिया गया था। फ्लाइट में 199 यात्री और 15 क्रू मेंबर मौजूद थे। रविवार को जांच के बाद उसे फिर से उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई। हालांकि, अभी फ्लाइट दिल्ली नहीं आएगी। एक दिन और उसे रोम के फ्यूमिसीनो एयरपोर्ट पर रोका जाएगा। दरअसल, एयरलाइंस ने सोमवार को कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट के प्रोटोकॉल के मुताबिक उसे लैंड करने से पहले कहीं और जांच की जानी जरूरी है। इतालवी वायु सेना ने फ्लाइट को एस्कॉर्ट किया फ्लाइट ने 22 फरवरी को न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। कैस्पियन सागर पार करने के बाद इसे अचानक रास्ता बदलकर यूरोप की ओर लौटाया गया। बयान में कहा कि चालक दल के सिक्योरिटी इश्यू की सूचना देने पर रविवार, 23 फरवरी को स्थानीय समयानुसार शाम 5:30 बजे रोम एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। भारत में भी मिल चुकी बम की फर्जी धमकियां अक्टूबर-नवंबर, 2024 में देश में हफ्तों तक फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली थीं।

## यूक्रेन में जेलेंस्की राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार कहा- शांति के लिए कुछ भी कर सकता हूं

एजेंसी, कीव



रूस-यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि वे शांति की खातिर कुछ भी करने को तैयार हैं। अगर इस्तीफा देने से शांति आती है या यूक्रेन को NATO की सदस्यता मिलती है, तो वे इस्तीफा देने को तैयार हैं। उन्होंने कीव में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ट्रम्प हमेशा के लिए नहीं हैं, लेकिन रूस का खतरा हमेशा रहेगा। हमें इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि पुतिन हम पर तब तक हमला नहीं करेंगे जब तक ट्रम्प सत्ता में हैं। हमें शांति और ऐसी गारंटी चाहिए जो ट्रम्प और पुतिन के जाने के बाद भी बनी रहे। जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को संदेश दिया कि हम अमेरिका की तरफ से मिले 500 बिलियन डॉलर को कर्ज नहीं मानते हैं। मैं तो 100 अरब डॉलर को भी कर्ज नहीं मानता। बाइडेन और मैं इस बात पर सहमत हुए थे कि उन्होंने हमें मदद दी थी। मदद को कर्ज नहीं कहते।

**ट्रम्प ने कहा था- जेलेंस्की बिना चुनाव वाले तानाशाह:** ट्रम्प ने पिछले हफ्ते जेलेंस्की को तानाशाह कहा था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में जेलेंस्की को एक मामूली कॉमेडियन और बिना चुनाव वाला एक तानाशाह बताया था। ट्रम्प ने ये भी कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4% रह गई है। इसे लेकर जेलेंस्की ने कहा था कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं।

**युद्ध के 3 साल पूरे होने पर रूस ने 267 ड्रोन से हमला किया:** एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन पर एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया था। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव समेत कम से कम 13 शहरों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। रूस के हमले के बाद जेलेंस्की ने एक बयान में लिखा- जंग जारी है। उन्होंने क्षेत्र में शांति लाने में मदद मांगी। उन्होंने दावा किया कि इस सप्ताह रूस ने यूक्रेन पर 1,150 ड्रोन, 1,400 बम और 35 मिसाइलें दागी हैं

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025



# चैंपियंस ट्रॉफी: पाकिस्तान के खिलाफ कोहली का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, बनाए कई ऐतिहासिक मुकाम

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में एकदिवसीय क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। अपनी 287वीं पारी में कोहली 14,000 एकदिवसीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज़ बल्लेबाज बन गए। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले इस ऐतिहासिक आंकड़े से महज 15 रन दूर थे और भारत के 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया। कोहली ने नाबाद शतक जड़ते हुए टीम को जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में उनका 51वां शतक था। उन्होंने विजयी रन स्पिनर खुशदिल शाह की गेंद पर शानदार कवर ड्राइव चौके के रूप में बनाया और इसी के साथ अपना शतक भी पूरा किया।



**गेंदों के हिसाब से सबसे तेज़ 14,000 रन** : कोहली ने इस रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए महज 14,984 गेंदों का सामना किया, जो सचिन तेंदुलकर (16,292) और कुमार संगकारा (17,789) की तुलना में काफी कम है। इसके अलावा, 14,000 रन बनाने तक उनका औसत 57 से अधिक है, जबकि तेंदुलकर (44.19) और संगकारा (41.73) का औसत 40 के दशक में था।

**हर 1,000 रन का मील का पत्थर सबसे तेज़** : कोहली ने जून 2017 में 8,000 वनडे रन पूरे करने के बाद से हर 1,000 रन का मील का पत्थर सबसे तेज़ समय में पूरा किया है। अब वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान से छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने संगकारा (14,234) को पीछे छोड़ा, जबकि सचिन तेंदुलकर 18,426 रनों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

**वनडे में सबसे ज्यादा शतक और पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक उपलब्धि** : कोहली अब वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 2023 विश्व कप के दौरान सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके साथ ही, वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

**क्षेत्ररक्षण में भी नया रिकॉर्ड** : इस मुकाबले में कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच (158) लेने वाले फील्डर बन गए, इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया।

## पाकिस्तान के खिलाफ मैच विनिंग पारी के बाद कोहली ने कहा- महत्वपूर्ण मुकाबले में इस तरह से बल्लेबाजी करना शानदार रहा

एजेंसी, दुबई

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एकदिवसीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी छाप छोड़ी। कोहली ने 111 गेंदों में नाबाद 100 रनों की पारी खेलते हुए भारत को एक महत्वपूर्ण जीत दिलाई और अपना 51वां वनडे शतक पूरा किया। इस जीत के साथ पाकिस्तान के चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने की संभावना और बढ़ गई है। अगर न्यूजीलैंड सोमवार (24 फरवरी) को बांग्लादेश को हरा देता है, तो पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो सकता है। भारत ने 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा (20) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन कोहली ने शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर के साथ साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गिल ने शाहीन अफरीदी के शुरुआती स्पैल का शानदार सामना करते हुए 46 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे भारत ने पहले 10 ओवरों में 64/1 का स्कोर बना लिया। मैच के बाद कोहली ने कहा, "महत्वपूर्ण मुकाबले में इस तरह से बल्लेबाजी करना शानदार रहा।



हमारा लक्ष्य था कि बीच के ओवरों में ज्यादा जोखिम न लेकर स्पिनरों के खिलाफ नियंत्रण बनाए रखें। श्रेयस ने अंत में तेजी लाई और मुझे भी कुछ बाउंड्री लगाने का मौका मिला।" पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने रोहित शर्मा (20) को जल्दी पवेलियन भेजकर भारत को झटका दिया, लेकिन गिल और कोहली ने सुनिश्चित किया कि टीम पर कोई दबाव न आए। कोहली की स्ट्राइक रोटेशन और गिल की आक्रामक बल्लेबाजी ने भारत को पावरप्ले में मजबूत स्थिति में ला दिया। कोहली ने कहा, "स्पष्टता जरूरी है, खासकर जब तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाने की बात हो। शुभमन ने शाहीन के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया, यही कारण है कि वह दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज हैं। पावरप्ले में तेजी से रन बनाना अहम था, ताकि बाद में दबाव न बढ़े।" भारत इस जीत के बाद टूर्नामेंट में दो जीत के साथ मजबूत स्थिति में है और अगले रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम को आराम करने का मौका मिलेगा। कोहली ने कहा, "36 साल की उम्र में, कुछ दिनों का ब्रेक वास्तव में राहत देने वाला है। हर मैच में इस तरह का प्रदर्शन करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है।" अब भारत अपने अगले मुकाबले के लिए तैयारी करेगा, जबकि पाकिस्तान को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

## इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

एजेंसी, नई दिल्ली

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट इंडियन वेल्स में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने एक्स पर लिखा, "एक दिग्गज रेगिस्तान में लौट आया है", जिससे इस बात की चिंता समाप्त हो गई कि वह खेलेंगे या नहीं। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता पिछले महीने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल से हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण रिटायर्ड हो गए थे।वह पिछले हफ्ते कतर ओपन के पहले दौर में हार गए थे। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने दोहा में बिना दर्द के खेला, लेकिन उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने प्रशंसकों के बीच चिंता पैदा कर दी कि वह दक्षिणी कैलिफोर्निया के इस आयोजन में नहीं खेलेंगे। पांच बार के इंडियन वेल्स विजेता जोकोविच का लक्ष्य पेशेवर युग में जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के बाद 100 एकल खिताब जीतने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा।



## भारत से हार के बाद मोहम्मद रिजवान ने माना, टूर्नामेंट में पाकिस्तान का सफर समाप्त

एजेंसी, दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। रविवार को भारत के खिलाफ छह विकेट से हार झेलने के बाद पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम का सफर लगभग समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा, "फिलहाल, हम कह सकते हैं कि यह खत्म हो गया है। यह सच्चाई है।"

हालांकि, पाकिस्तान अभी आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच से पहले उसे अन्य मैचों में कुछ अनुकूल परिणामों की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से, उसे न्यूजीलैंड पर बांग्लादेश की अप्रत्याशित जीत की



उम्मीद होगी। रिजवान ने कहा कि वह किसी और के प्रदर्शन पर निर्भर रहकर आगे बढ़ना पसंद नहीं करते। उन्होंने स्पष्ट किया, "एक कप्तान के रूप में, मुझे यह पसंद नहीं है। अगर आप जीत सकते हैं, तो ऐसा करें। यदि आप नहीं कर सकते, तो इसके बारे में चिंता न करें। अगर आप किसी और की छाया में बैठे हैं, तो मुझे इसकी परवाह नहीं है।" भारत ने इस मुकाबले में तीन स्पिनरों के साथ मैदान संभाला, जबकि पाकिस्तान ने सिर्फ एक विशेषज्ञ स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। इस फैसले पर सफाई देते हुए रिजवान ने कहा, "आप यह नहीं कह सकते कि हमने सिर्फ एक स्पिनर चुनकर गलती की। भारतीय टीम के पास कुलदीप यादव एक फ्रंटलाइन स्पिनर हैं, जबकि रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल ऑलराउंडर हैं। हमारे पास भी सलमान अली आगा और खुशदिल शाह थे, जिन्होंने अतीत में अच्छी गेंदबाजी की है।"

रिजवान ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान का मध्यक्रम उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्होंने कहा, "हमारी योजना 270-280 रन बनाने की थी, क्योंकि पिच और आउटफील्ड दोनों धीमी थीं। अगर हमने 280 रन बनाए होते, तो शायद नतीजा कुछ और होता।"

## मुंबई के निखिल पाटिल ने जीता 2025 का भारतीय खेल फोटोग्राफी पुरस्कार

एजेंसी, बेंगलुरु

मुंबई के जाने-माने फोटोग्राफर निखिल पाटिल ने भारतीय खेल फोटोग्राफी पुरस्कार (आईएसपीए) 2025 जीतकर देश में खेल फोटोग्राफी के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री के 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच के ऐतिहासिक क्षण को शानदार तरीके से कैद करने के लिए प्रदान किया गया। आईएसपीए 2025 का आयोजन बेंगलुरु इंटरनेशनल सेंटर में हुआ, जहां देश के बेहतरीन खेल फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला खेल श्रेणी में नेहा गनेरीवाल और क्रिकेट श्रेणी में संदीप परशुराम पंगेरकर को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए प्रविष्टियों का मूल्यांकन ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग की अध्यक्षता में किया गया। हालांकि वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन प्रसिद्ध खेल पत्रकार शारदा उग्रा ने उनकी ओर से विजेताओं की घोषणा की। गगन नारंग ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा, "खेल फोटोग्राफी सिर्फ़ एक्शन को कैप्चर करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन पलों को संजोने का जरिया है जो एक कहानी कहते हैं, पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं और खेल भावना का जश्न मनाते हैं। इस साल के विजेताओं ने अपनी तस्वीरों के माध्यम से यही दिखाया है – हर फ्रेम एक गहरी कहानी बयां करता है।" उन्होंने विजेता छवियों पर चर्चा करते हुए कहा, "सुनील छेत्री द्वारा भीड़ को धन्यवाद देने का पल समर्पण और जुनून को दर्शाता है। क्रिकेट की तस्वीर में सभी विषयों को हवा में दिखाया गया है, जो खेल की गति और ऊर्जा को खूबसूरती से उकेरती है। साइमन बाइल्स की तस्वीर कठिन पलों को कैद करते हुए हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि एक खिलाड़ी अपने करियर में कितनी मेहनत और संघर्ष करता है।"



## आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने विराट कोहली को 14 हजार वनडे रन पूरे करने पर दी बधाई

एजेंसी, नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को अपना 51वां एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (ओडीआई) शतक बनाने और 50 ओवर के प्रारूप में 14000 रन पूरे करने पर बधाई दी। कोहली ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान वनडे क्रिकेट में 14,000 रन पूरे किए, ऐसा करने वाले वे केवल तीसरे क्रिकेटर बन गए। जय शाह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कोहली के कवर ड्राइव की प्रशंसा की, जिसने उन्हें 14000 मील के पत्थर तक पहुंचाया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ




चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान 14,000 वनडे रन पार करने पर विराट कोहली को बधाई और मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए क्या शानदार कवर ड्राइव थी।" कोहली ने 111 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए, जिसे देखना वाकई शानदार था। उनकी पारी 90.09 की स्ट्राइक रेट से आई, जिससे भारत ने पाकिस्तान के 241 रनों के स्कोर को आसानी से हासिल कर लिया। यह कोहली का आईसीसी वनडे मुकाबलों में छठा और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पहला शतक था। वह सचिन तेंदुलकर (463 वनडे में 18,426 रन) और कुमार संगकारा (404 मैचों में 14,234 रन) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। 299 वनडे में कोहली ने 58.20 की औसत से 51 शतकों और 73 अर्द्धशतकों के साथ 14,085 रन बनाए हैं। भारत-पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## युगांडा ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की

एजेंसी, कंपाला

युगांडा टीन क्रेन्स के मुख्य कोच शेरिल बोट्स ने आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2025 क्वालीफायर के लिए टीम की घोषणा कर दी है। युगांडा की टीम 8 मार्च को क्वालीफायर के दूसरे दौर में केन्या की मेजबानी करेगी, जबकि रिटर्न लेग आठ दिन बाद नैरोबी में खेला जाएगा। युगांडा ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को 18-1 के बड़े अंतर से हराया था। यदि टीन क्रेन्स अगले चरण में आगे बढ़ती है, तो तीसरे दौर में उसका मुकाबला कैमरून और इथियोपिया के बीच विजेता से होगा। इस चरण की विजेता टीमों में से चार को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि मोरक्को, जो



इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, पहले ही स्वचालित रूप से विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। यह प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से 8 नवंबर, 2025 तक आयोजित होगी।

**युगांडा की घोषित टीमः**
**गोलकीपरः** हेयर नबोसा, शरीफा नामुतेबी किजिटो, ब्रेंडा अंगुडेयो, जेमिमा टेंडो बायनम।

**डिफेंडर्सः** मार्था बबिरिये, रीता अनिता नंबूसी, जिदाह असिमवे, मैकलिन निवांडिंदा, शबेला अबाहवेरा, चैरिटी कटुसीमे, इवास तुशेमेरिरवे, हलीमा मुपयांगा, जॉयस कैन्ज़ा, अशांति इमुरिंडे उवेयो, एलिजाबेथ एपेचो।


**मिडफील्डर्सः** बुशिरा नालुनकुमा, शमीरा नामुकाबिरये, नुसिफा नंद्योवा, हदीजाह बालिनाब्यो, ईस्टर एनेमाबाज़ी, धैर्य असान्यो, डोरिन औजात, मरियम नामाताका, लोयस कोमुगिशा, जस्टिन अयेरंगो, जोन किज़्ा नामुलिंदवा, शादिया नाबिरये, पीस अयियोरवोथ।

**फॉरवर्ड्सः** एग्नेस नाबुकेन्या, रिना अरिहो, एंजेल एनेमाबाज़ी, नुसुलाह नाकिंतु। युगांडा की टीम इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है और घरेलू मैदान पर जीत दर्ज कर मजबूत स्थिति बनाने का प्रयास करेगी।

## डच फुटबॉल क्लब फेयेनोर्ड के मुख्य कोच बने रॉबिन वैन पर्सी

एजेंसी, द हेग

डच फुटबॉल क्लब फेयेनोर्ड ने अपने पूर्व खिलाड़ी रॉबिन वैन पर्सी को तत्काल प्रभाव से मुख्य कोच नियुक्त किया है। 42 वर्षीय वैन पर्सी, एससी हीरेनवीन से ब्रायन प्रिस्के की जगह लेंगे, जिन्हें 10 फरवरी को बर्खास्त कर दिया गया था। अंतरिम रूप से पास्कल बॉसचार्ट टीम का नेतृत्व कर रहे थे। नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर वैन पर्सी ने 2027 के मध्य तक फेयेनोर्ड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। क्लब ने सहायक कोच के रूप में रेने हेक को भी शामिल किया है, जिन्होंने पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड में एरिक टेन हाग के सहायक के रूप में काम किया था। फेयेनोर्ड के महाप्रबंधक डेनिस ते क्लोसे ने कहा, "हमें खुशी है कि



हम क्लब के एक सच्चे आइकन को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त कर रहे हैं। रॉबिन क्लब को अच्छी तरह से जानते हैं और सफलता के लिए आवश्यकताओं को समझते हैं।" रॉटरडैम में जन्मे वैन पर्सी ने फेयेनोर्ड की युवा अकादमी से आगे बढ़ते हुए 2001-02 सीज़न में पहली टीम में अपनी शुरुआत की और उसी वर्ष टीम को यूईएफए कप जिताने में मदद की। 2004 में वे आर्सेनल गए, जहां उन्होंने दुनिया के शीर्ष स्ट्राइकरों में अपनी पहचान बनाई। इसके बाद उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ प्रीमियर लीग जीती और तुर्की के फेनरबाश में अपने खेल करियर का समापन किया। 2019 में वे फेयेनोर्ड में लौटे और वहां सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद वैन पर्सी ने फेयेनोर्ड में कोचिंग करियर की शुरुआत की और विभिन्न युवा टीमों को प्रशिक्षित किया। 2024 की गर्मियों में, उन्होंने एससी हीरेनवीन में मुख्य कोच के रूप में अपनी पहली बड़ी जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन मिश्रित रहा, लेकिन उनकी आक्रामक खेल शैली ने ध्यान आकर्षित किया। फेयेनोर्ड के नए मुख्य कोच के रूप में वैन पर्सी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। क्लब वर्तमान में इरेडिविसी में अजाक्स और पीएसवी के पीछे तीसरे स्थान पर है। वहीं, मार्च में टीम का मुकाबला चैंपियंस लीग के 16वें दौर में इंटर मिलान से होगा।



# स्टाइलिश दिखने के लिए सेलेब्रिटी लुक्स को करें री-क्रिएट

**स्टाइलिश दिखने के लिए आपको बॉडी टाइप के हिसाब से ही सूट के डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक्स को री-क्रिएट करें।**

सलवार-सूट पहनना हम सभी को पसंद होता है। वहीं इसमें आपको कई तरह के डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। बदलते फैशन के दौर में आपको और खासकर गर्मी के मौसम में हम स्किन फ्रेंडली फैब्रिक और डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं।ज्यादातर ऑफिस जाने के लिए हम सिंपल और मिनिमल डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं ऑफिस में पहनने के लिए सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन लुक्स को आकर्षक बनाने के कुछ आसान टिप्स

## ए-लाइन सूट

खासकर प्लस साइज इस तरह की स्ट्रैट फिटिंग वाले सलवार-सूट को पहनना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए यह आपकी बॉडी को फ्लेयर के साथ परफेक्ट और स्लिम लुक देने में सहायता करते हैं। बदलते दौर में इस तरह में आजकल घुटने तक और फ्लोर लेंथ सूट को पसंद किया जा रहा है।

## लूज डिजाइन सूट

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल लूज डिजाइन के सलवार-कमीज काफी चलन में हैं। इसमें आपको धोती व एंकल लेंथ वाली पैन्ट्स के साथ में कई डिजाइन के सूट देखने को मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो इसमें आलिया कट और नायरा कट सूट के डिजाइन को काफी पसंद किया जा रहा है।

## अंगरखा डिजाइन सूट

फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के फ्रंट डोरी यानी अंगरखा डिजाइन के सूट को वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आजकल फ्लोर टच लेंथ को काफी ज्यादा सराहा जा रहा है। वहीं डोरी को हैवी और फैंसी लुक देने के लिए आप इसमें लटकन भी लगवा सकती हैं।




# बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटाने के लिए कर सकते हैं इन तरीकों का इस्तेमाल

**AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफिकेशन करके, माइक्रो-एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है। इससे बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटा सकते हैं।**

बैंक से जुड़े किसी भी काम कराने के लिए कई बार हमें लंबी लाइनों में लगना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, बिना लाइन में खड़े हुए भी आप बैंक से जुड़े किसी भी काम को सिर्फ आधार कार्ड के जरिए कर सकते हैं।

### आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम = बैंकों की लंबी लाइन से मिलेगी आजादी

नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा शुरू किया गया आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों में खास तौर से फायदेमंद है, जहां बैंक शाखाएं कम हैं और लोगों को बुनियादी बैंकिंग कार्यों के लिए लंबी लाइन खड़ी करनी पड़ती हैं। यह एक डिजिटल लेन-देन प्रणाली है, जो आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल करके वित्तीय लेन-देन की सुविधा देती है। AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफ़िकेशन करके, माइक्रो एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है।

### AePS क्या है?

AePS एक बैंक-आधारित मॉडल है, जो आधार कार्ड और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन का इस्तेमाल करके कस्टमर को अलग-अलग बैंकिंग लेनदेन करने की सुविधा देता है। इसका मतलब है कि आपको बैंक शाखा में जाने या एटीएम का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाकर लेनदेन कर सकते हैं।

### AePS की खासियत

- यह आधार कार्डधारकों को आसानी से लेनदेन शुरू करने और खत्म करने की सुविधा देता है।
- यह बैंकों को अपने शाखा नेटवर्क से बाहर के ग्राहकों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में मदद करता है।
- यह वंचित क्षेत्रों में बुनियादी बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मददगार है।
- यह सरकारी हकदारियों, जैसे कि मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और विकलांग वृद्धावस्था पेंशन का वितरण भी करता है।

### इस्तेमाल कैसे करें

- AePS का इस्तेमाल करने के लिए, सबसे पहले अपने बैंक खाते को आधार नंबर से लिंक करें। फिर, अपने बैंक से संपर्क करके बताएं कि आप AePS का इस्तेमाल करना चाहते हैं। भुगतानकर्ता या लाभार्थी के पास AePS होना जरूरी नहीं है।
- किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाएं। अपना आधार कार्ड दर्ज करें। अपनी बायोमेट्रिक जानकारी (आमतौर पर फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन) प्रदान करें। लेनदेन का प्रकार चुनें (जैसे नकद निकासी, फंड ट्रांसफर)। जरूरी जानकारी दर्ज करें (जैसे राशि, प्राप्तकर्ता का अकाउंट नंबर)। लेनदेन की पुष्टि करें।

### क्या है के लाभ

- आधार कार्ड धारक अपने आधार-सक्षम बैंक खाते तक पहुंच सकते हैं।
- शेष राशि की जांच की जा सकती है।
- नकद निकासी की जा सकती है।
- पैसे ट्रांसफर किए जा सकते हैं।
- जमा किए जा सकते हैं।
- विदेश में पैसा भेजा जा सकता है।
- बैंक से जुड़े दूसरे काम किए जा सकते हैं।
- किसी भी बैंक के बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के जरिए पीओएस (माइक्रो एटीएम) पर ऑनलाइन लेन-देन किए जा सकते हैं।
- कैशलेस भुगतान और पैसे के लेनदेन को बढ़ावा मिलता है।
- AePS भारत में वित्तीय दर को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान कर रहा है और उन्हें बैंक शाखाओं पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद कर रहा है। इसके जरिए, आधार ऑथेंटिकेशन के जरिए पेमेंट किया जा सकता है।

### AePS के जरिए ये काम किए जा सकते हैं

नकद जमा, नकद निकासी, बैलेंस पूछताछ, मिनी स्टेटमेंट, आधार से आधार फंड ट्रांसफर।





# प्रोडक्ट डिफेक्टिव निकलने पर भी हो सकता है स्कैम इन बातों का रखें ध्यान

**ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ने के साथ-साथ, खराब प्रोडक्ट या गलत प्रोडक्ट मिलने पर रिफंड या रिप्लेसमेंट के नाम पर स्कैम होने का खतरा भी बढ़ गया है। इन बातों का ध्यान रखें।**

अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग के बाद डिलिवर हुए डिफेक्टिव प्रोडक्ट का कंपनी के कस्टमर केयर से कंप्लेंट कर के सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। या फिर सोशल मीडिया पर कंपनी को टैग कर के स्टोरी लगाते हैं, तो सावधान हो जाइए, आपके साथ स्कैम हो सकता है। असल में जब कोई कस्टमर सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट करता है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर के आपके साथ धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में तेजी से बढ़ोतरी के साथ, फ्रॉड के मामले भी बढ़ रहे हैं। प्रोडक्ट डिफेक्टिव यानी फॉल्टी प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर भी स्कैम हो रहे हैं, इसके लिए स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। ये स्कैमर्स, फेक ब्रांड कस्टमर बनकर लोगों से बात करते हैं। फिर, ग्राहक को प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर मैसेज पर लिंक भेजते हैं। इस लिंक में ग्राहक से बैंक डिटेल्स भरवाई जाती हैं और फिर अकाउंट खाली कर दिया जाता है।

### रिफंड और रिकवरी घोटालों से बचने के लिए, इन बातों का ध्यान रखें -

गाइडलाइन के मुताबिक कभी भी बैंक ट्रांजैक्शन की डिटेल सोशल मीडिया पर नहीं डालनी चाहिए। इसके अलावा ब्रांड के ही कस्टमर केयर या हेल्पलाइन नंबर पर ही कंप्लेंट करें।

- अगर कंप्लेंट करने पर भी कार्रवाई न हो तो, कंज्यूमर फोरम में शिकायत करें।
- ऐसी किसी भी कार्रवाई के लिए मामले का निवारण न हो जाने तक कस्टमर और कंपनी के बीच बात रखें, गोपनीयता बनाए रखने से स्कैम होने का डर कम हो जाता है।
- अपनी खोई हुई रकम से ज़्यादा रकम का रिफंड चेक न जमा करें।
- कुछ घोटालेबाज कहेंगे कि उन्होंने चेक भुनाने, बकाया राशि अपने पास रखने और बाकी रकम लौटाने में गड़बड़ी की है। इससे अक्सर घोटाला हो सकता है।
- किसी बैंक को यह पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं कि उसके द्वारा क्लीयर किया गया चेक नकली था।
- इस बीच, अगर आप घोटालेबाज को पैसे लौटाते हैं, तो बैंक आपसे वह पैसा चुकाना चाहेगा।

### इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर भी स्कैम होते हैं। ऐसे में, इन बातों का ध्यान रखें

- अनचाहे मैसेज
- अर्जेंट रिक्वेस्ट
- संदिग्ध लिंक
- निजी जानकारी के लिए रिक्वेस्ट
- सोर्स को वेरीफाई करें
- पर्सनल डिटेल्स साझा करने से बचें
- सेफ प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें

### ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित खरीदारी

- केवल पहचानें वेबसाइटों और विक्रेताओं से खरीदारी करें।
- खरीदने से पहले उत्पाद समीक्षाएं और रेटिंग जरूर पढ़ें।
- क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करते समय, इस बात का ध्यान रखें कि वेबसाइट HTTPS सुरक्षित है।
- अपनी निजी जानकारी शेयर करने में सावधानी बरतें, किसी भी विक्रेता के साथ अपनी बैंक अकाउंट जानकारी या अन्य जानकारी शेयर करने से पहले सावधान रहें।
- अगर कोई ऑफर या छूट बहुत अच्छी लगती है, तो कई बार यह सच नहीं भी होता है।
- अपने बैंक स्टेटमेंट और क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को नियमित तौर पर जांचें और किसी भी अनऑथराइज्ड लेनदेन की रिपोर्ट करें।



# बच्चों का ब्रेन शार्प के लिए अभी से कराएं ये एक्टिविटी

## फ्यूचर संवारने में मिलेगी मदद

हर माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ाई-लिखाई में होशियार होने के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। बच्चों को फ्यूचर के लिए हमेशा तैयार और ऊंचे पोजीशन पर देखने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें सही गाइडेंस मिले। सिर्फ खेल-कूद या फिजिकली ही नहीं बल्कि जीवन के हर पड़ाव पर आने वाली मुश्किलों से लड़ने के लिए भी बच्चों को मेंटली मजबूत होना चाहिए। इसके लिए बेहद जरूरी है कि पैरेंट्स टीनएज से ही अपने बच्चों में कुछ एक्टिविटीज की आदत डालें, जिससे वह अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से फोकस करने में सक्षम हो सके। ऐसा करने से फ्यूचर में सफलता प्राप्त करने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए जानते हैं कि पैरेंट्स को बच्चों में वो कौन सी आदत डालनी चाहिए, ताकि उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार होने में मदद मिल सके।

### रोजाना योग की आदत

बच्चों को रोजाना कुछ यागासन या मेडिटेशन आदि करवाते रहना चाहिए। इससे न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली स्ट्रॉन्ग होने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा उनमें बचपन से ही एरोबिक्स एक्टिविटी करने की आदत डलवाएं। यह बच्चे को लाइफटाइम के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है।

### ब्रेन एक्सरसाइज

बच्चों की मेमोरी शार्प करने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें ब्रेन एक्सरसाइज करवाते रहें। इसके लिए मार्केट में मिलने वाले गेम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग पजल, सुडोकु का इस्तेमाल करवाएं। इससे बच्चे में क्रिएटिविटी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, आपका बच्चा मुसीबत आने पर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी आसानी से ढूंढ पाएगा।

### टीम वर्क की आदत

टीम वर्क में काम करना हर व्यक्ति को आना चाहिए। तभी जीवन में सफलता मिलती है। सिर्फ खुद से मतलब रखने वालों को कभी भी सोशल बिहेवियर के बारे में समझ नहीं आता है। इसलिए जरूरी है कि बचपन से ही बच्चों में टीम वर्क की आदत डाल देनी चाहिए।

### बच्चों में स्किल भी है जरूरी

आज की तारीख में स्किल की बहुत डिमांड है। सिर्फ किताबी कीड़ा होने से अब जीवन में आगे बढ़ पाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों के इंटरेस्ट के अनुसार, उन्हें कोई न कोई स्किल जरूर होनी चाहिए। फिर चाहे वह कुकिंग की स्किल हो या फिर म्यूजिक या डांसिंग की। बच्चे में कोई न कोई स्किल की आदत जरूर होनी चाहिए।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 25 फरवरी, 2025





# कंगना की बहन रंगोली की टिप्पणी पर वर्षों बाद तापसी ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री कंगना रनौत की बहन रंगोली चंदेल और अदाकारा तापसी पन्नू के बीच लड़ाई किसी से छिपी नहीं है। सोशल मीडिया पर दोनों कई बार आमने-सामने आ चुकी हैं। साल 2019 में रंगोली ने तापसी पन्नू को कथित तौर पर कंगना रनौत की सस्ती कॉपी तक कह डाला था। उनकी इस टिप्पणी के कई वर्ष बाद हाल ही में तापसी पन्नू ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

## मुझे कंगना जितनी फीस नहीं मिलती

तापसी पन्नू ने अपनी आलोचना पर काफी संयमित तरीके से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गुस्सा जाहिर करने के बजाय शांत रहकर और परिपक्वता से जवाब दिया। हाल ही में एबीपी न्यूज से बातचीत में अभिनेत्री ने पुराने विवाद पर अपनी बात रखते हुए अपना नजरिया बताया। तापसी ने कहा, शायद मैं सस्ती हूं, क्योंकि मुझे कंगना रनौत जितनी फीस नहीं मिलती। अगर मुझे इतनी प्रतिभाशाली अभिनेत्री की कॉपी कहा जाता है, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है।

हमारे शब्द हमारी परवरिश को दिखाते हैं तापसी पन्नू ने इसके अलावा यह भी कहा कि कोई इंसान किस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करता है, वह उसकी परवरिश को दिखाता है। उन्होंने कहा, हम जैसे बोलते हैं, वही हमारे व्यक्तित्व को दिखाता है। मैं किसी भी महिला के बारे में ऐसी बातें कभी नहीं कह सकती, जिसने अपनी मेहनत से अपना सफर तय किया हो। तापसी ने इसके अलावा बॉलीवुड के भी कई मसलों पर बात की। उन्होंने बॉलीवुड में लगातार होने वाले पक्षपात पर बोलते हुए कहा कि उन्होंने महिला-केंद्रित फिल्मों के साथ अक्सर गलत व्यवहार किए जाने के तरीके के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की।

## सोशल मीडिया फॉलोअर्स नहीं, प्रतिभा को महत्व मिले

अभिनेत्री ने फिल्मों में कास्टिंग के फैसलों में और ब्रांड एंडोर्समेंट पर सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि किसी को केवल उसकी प्रतिभा से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी सोशल मीडिया उपस्थिति से। वह चाहती हैं कि निर्माता सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या के बजाय व्यक्तित्व और प्रतिभा को महत्व दें।



# खुद को इस बंधन में नहीं बांधा है कि टीवी बहुत हो गया, अब फिल्में ही करूंगी

रजिया सुलतान, क्या कसूर है अमला का और गुड़ से मीठा इश्क जैसे शोज में पंखुड़ी अवस्थी ने मुख्य भूमिका निभाई है। ऐक्ट्रेस को इंफ्लूएंसर की जिंदगी काफी इंफ्लूएंस करती हैं क्योंकि वह ऐक्टिंग के साथ स्क्रिप्ट राइटिंग, विडियो शूट और एडिटिंग भी करते हैं। ट्विन्स मॉम बनकर एक तरफ वह दोहरी जिम्मेदारी निभा रही हैं तो जल्द एक बार फिर से छोटे पर्दे पर नई पारी शुरू करने जा रही हैं।

## जिंदगी 360 डिग्री घूम जाती है

जुलाई 2023 में मेरे ट्विन्स हुए थे। उनके आने के बाद पूरी जिंदगी ही बदल गई। जब पहली बार पता चलता है कि मां बनने वाले हो, तभी से जिंदगी बदलने लगती है। हालांकि, जब आप बच्चे को जन्म देते हो, तब तो जिंदगी 360 डिग्री घूम जाती है। आपके सोचने, काम करने के तरीके सब बदल जाते हैं। आपकी जिंदगी बस बच्चों के इर्द-गिर्द ही हो जाती है। आपका सारा ध्यान उनकी परवरिश पर होता है। यह एक फुल टाइम जॉब है। दो बच्चों की परवरिश करना कठिन टास्क है लेकिन नामुमकिन नहीं।

## जल्द ही टीवी पर नजर आने वाली हूं

मैं जब प्रेग्नेंट हुई थी, उस वक्त वैसे भी 10 महीने का लंबा गैप हो गया था। मैं चाहती थी कि फिर से काम पर लौट जाऊं। डिलिवरी के एक महीने बाद ही मैंने एक ऐड शूट कर लिया था। उसके बाद मेरे पास कई टीवी सीरियल्स को लेकर कॉल आए लेकिन बच्चे बहुत छोटे थे और मैं अपना सारा समय काम को नहीं दे सकती थी। इस वजह से कुछ ब्रैंड एंडोर्समेंट ही किए, ताकि ऐक्टिंग से मेरा हल्का-फुल्का जुड़ाव रहे। अब डेढ़ साल हो गए हैं तो मैं फिर से टीवी में लौटने के लिए तैयार हूं। अब मैं थोड़े लंबे समय तक चलने वाले किरदार करूंगी। अभी जल्द ही एक मेरा शो आने वाला है।

## काम को लेकर खुद को किसी बंधन में नहीं बांधा

मैंने 2019 में फिल्म की थी, जो कि 2020 में रिलीज हुई थी। उसके बाद ही लॉकडाउन लग गया था। फिर दो साल तक कुछ नहीं हुआ। यह मेरी पहली फिल्म थी लेकिन उसके बाद मेरे पास बहुत सारी फिल्मों और वेब शोज के लिए कॉल आए। हालांकि, उनसे इतना संतुष्ट नहीं थी इसलिए मैं वापस टीवी करने लगी क्योंकि वहीं से आई थी। मैं अपने काम को लेकर रिजिड नहीं हूं कि यही करना है, ये नहीं करना है। बस अच्छा कैरेक्टर और कहानी होनी चाहिए। मैंने खुद को इस तरह के बंधनों में नहीं बांधा है कि टीवी बहुत हो गया, अब फिल्में ही करूंगी। मुझे लगता है कि मैं ऐक्टर हूं और मुझे लगातार काम करते रहना पड़ेगा, ताकि मैं अपने हुनर को और निखार सकूं।

## काम ही आपको ऊपर ले जा सकता

सोशल मीडिया अब बहुत बड़ा हो चुका है। यह अच्छा है। अब तो कई लोग इस पर निर्भर हैं। यहां तक कि ऐक्टर्स के प्रमोशन में भी यह बहुत काम आता है। पहले ऐसा नहीं था। सिर्फ आपका काम ही आपको ऊपर ले जा सकता था। आजकल तो बहुत सारे इंफ्लूएंसर भी ऐक्टिंग करने लगे हैं। ऐसा नहीं कि वो ऐक्टिंग नहीं कर पा रहे हैं। वो भी अच्छा काम कर रहे हैं, बस इसकी प्रैक्टिस चाहिए। मुझे लगता है कि थोड़ा डिसएडवांटेज है कि ऐक्टर सिर्फ ऐक्टिंग पर ही फोकस कर पाता है और सेट पर ही एंजॉय कर पाता है। इंफ्लूएंसर बहुत सारे काम कर लेते हैं। वो विडियो शूट करते हैं, उसे एडिट करते हैं, स्क्रिप्ट बनाते हैं।

# एक्टर रणदीप हुड्डा ने 'जाट' की डबिंग शुरू की




सरबजीत, सुल्तान, जन्नत 2, एक्सट्रैक्शन, लाल रंग और हाईवे में अपने काम के लिए मशहूर एक्टर रणदीप हुड्डा ने बुधवार को अपनी अगली फिल्म जाट के लिए डबिंग शुरू कर दी। फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है और यह एक रोमांचकारी सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म में सनी देओल, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी हैं। सभी एक्टर अपनी भूमिकाओं में अपनी यूनीक इंटेंसिटी और डेप्थ लाते हैं, जिससे एक मनोरम सीन देखने का अनुभव सुनिश्चित होता है। फिल्म की एक्शन कोरियोग्राफी अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने की है, जो रोमांचक युद्ध के सीन प्रदान करती है। फिल्म में थमन एस. द्वारा रचित साउंडट्रैक और फोटोग्राफी के निर्देशक के रूप में कैमरे के पीछे ऋषि पंजाबी हैं। यह फिल्म एक उच्च-स्तरीय प्रोडक्शन के लिए मंच तैयार करती है, जिसे सटीकता और जुनून के साथ तैयार किया गया है। इसका संपादन नवीन नूली द्वारा किया गया है, जबकि अविनाश कोला का प्रोडक्शन डिजाइन दर्शकों को फिल्म की मनोरंजक दुनिया के दिल में ले जाएगा। मैथरी मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा बनी यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। पिछले साल की शुरुआत में, रणदीप ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता वी.डी. सावरकर पर आधारित ऐतिहासिक बायोपिक 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर' के साथ निर्देशन में कदम रखा था।

# जूनियर एनटीआर प्रशांत नील की फिल्म की शूटिंग शुरू

निर्देशक प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग आज (20 फरवरी) हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शानदार तरीके से शुरू हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस शेड्यूल में बड़े पैमाने पर एक एक्शन सीन फिल्माया जाएगा, जिसमें 2,000 से अधिक जूनियर कलाकार हिस्सा लेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म का प्रोडक्शन इतना भव्य होगा कि यह दर्शकों को दंग कर देगा। वहीं, रिपोट्स के मुताबिक एनटीआर जूनियर अगले शेड्यूल में शूटिंग में शामिल होंगे। उनके किरदार को लेकर फैंस की उत्सुकता हर दिन के साथ अब आसमान छूती जा रही है। सेट से फिल्म के पहले दिन की शूटिंग की तस्वीर सामने आई है। फोटो में देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा कि सीन किसी विरोध प्रदर्शन का है। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। इसके जरिए मेकर्स अगले साल संक्रांति के मौके पर दर्शकों को एक शानदार तोहफा देने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में प्रशांत नील के पहले की टीम के सदस्य जुड़े रहेंगे। प्रशांत नील अपनी पिछली फिल्मों के लिए लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने केजीएफ, केजीएफ चैप्टर 2 और सलार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से लोगों का दिल जीता है।अपनी आगामी फिल्म में वह एनटीआर को एक नए अवतार में दर्शकों के सामने पेश करेंगे।






# इब्राहिम अली-खुशी कपूर स्टारर नादानियां 7 मार्च को रिलीज होगी

इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर स्टारर फिल्म 'नादानियां के निर्माताओं ने रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म 7 मार्च को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। नादानियां' इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म है। वहीं, खुशी कपूर की यह 'द आर्चीज', 'लवयापा' के बाद तीसरी फिल्म है। नेटफ्लिक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने गुरुवार को इसकी घोषणा की और लिखा, कुछ कुछ होता है ऐसी नादानियां देखकर, 7 मार्च को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर नादानियां रिलीज हो रही है। 'नादानियां' में इब्राहिम अली के किरदार का नाम अर्जुन मेहता है। वहीं, खुशी कपूर के किरदार का नाम 'पिया जय सिंह' हैं। 'नादानियां' जेन जेड के रोमांस, प्यार और उसमें आने वाले मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'नादानियां' के दूसरे ट्रैक 'गलतफहमी' को रिलीज किया है। फिल्म का गाना प्यार के बीच आने वाली मुश्किलों को दिखाता है। इंस्टाग्राम हैंडल पर गाना शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, उन लोगों के लिए जिन्होंने प्यार किया, खोया और कभी समझा नहीं पाए! 'गलतफहमी' गाना रिलीज हो चुका है। 'गलतफहमी' गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने गाने के बोल लिखे हैं। ट्रैक को आवाज तुषार जोशी और मधुबंती बागची ने दी है। इब्राहिम ने कहा, 'गलतफहमी' में कुछ ऐसा है जिससे आप जुड़ सकेंगे। यह वास्तविक है और दिल टूटने के दर्द को दिखाता है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। यह प्यार और नुकसान का एक ऐसा पहलू है जो भरोसेमंद है। खुशी ने कहा, 'गलतफहमी' ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया और यह 'नादानियां' एल्बम के मेरे पसंदीदा ट्रैक में से एक है। मुझे विश्वास है कि दर्शक गलतफहमी के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं लोगों के बीच इसे पेश करके काफी खुश हूं। शौना गौतम के निर्देशन में बनी 'नादानियां' को धर्मा एंटरटेनमेंट के तहत करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने तैयार किया है। यह फिल्म प्यार के कॉन्सेप्ट को एक नए मोड़ के साथ पेश करती है। इस फिल्म इब्राहिम अली खान, खुशी कपूर के साथ अभिनेत्री महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज भी अहम भूमिकाओं में हैं।



# रॉकेट..., बर्लिन जैसी सीरीज के बाद हीरो ही नहीं, विलन के रोल भी करने हैं

**इश्वाक सिंह ने पाताल लोक, बर्लिन और रॉकट बॉयज जैसी वेब सीरीज और फिल्मों से खास पहचान बनाई। खास बातचीत में उन्होंने अपने करियर, इंडस्ट्री में आए बदलाव और आगे की योजनाओं पर खुलकर बात की।**

## पाताल लोक 2 और बर्लिन की सफलता के बाद करियर में क्या बदलाव पा रहे हैं?

जब लोग आपके काम को पसंद करते हैं तो अच्छा लगता है। जब सिर्फ परफॉर्मेंस ही नहीं, बल्कि पूरी फिल्म या शो सराहा जाता है तो खुशी बढ़ जाती है। यह अहसास धीरे-धीरे गहराता जा रहा है। जब काम में बिजी होते हैं तो पूरा मजा लेने का मौका नहीं मिलता, जो शायद अच्छा ही है। वरना इंसान हवा में उड़ने लगे लेकिन इस पल को एंजॉय कर रहा हूं। इस इंडस्ट्री में हर सफलता आपको अगले मुकाम तक ले जाती है। मैं इस सफर को पूरी तरह जी रहा हूं।

## मेकर्स की तरफ से क्या अब अलग तरह की अप्रोच आपको देखने को मिल रही है?

बदलाव तो आया है। अब जो ऑफर मिल रहे हैं, वो पहले से काफी अलग हैं। जब कोई प्रोजेक्ट सफल होता है तो मेकर्स को भरोसा हो जाता है कि मैं अलग-अलग तरह के रोल कर सकता हूं। जो भी किरदार मिले, वो मेकर्स की सोच और भरोसे की वजह से ही हैं। पाताल लोक के बाद बर्लिन की जो पूरी तरह अलग थी। चाहता हूं कि लोग मुझे सिर्फ हीरो के रूप में न देखें, बल्कि विलन के रूप में भी पहचान बनाऊं।

## क्या कभी डर लगा कि एक ही तरह के किरदार करने से टाइपकास्ट न हो जाएं?

ऐसा तो कभी नहीं लगा। अच्छे फिल्ममेकर्स जानते हैं कि अगर कोई एक्टर एक रोल बखूबी निभा सकता है तो वह और भी किरदार उतनी ही शिद्दत से कर सकता है। थिएटर से शुरुआत की थी। थिएटर में यह आम बात है कि 17 साल का लड़का 60 साल के व्यक्ति का रोल कर सकता है लेकिन जब फिल्मों में काम शुरू किया तो देखा कि यहां लुक को बहुत अहमियत दी जाती है। यह मेरे लिए नया था लेकिन अब समझ आया कि यह कितना जरूरी है।

## किन निर्देशकों के साथ काम करना चाहेंगे?

इंडस्ट्री के सभी दिग्गज निर्देशकों के साथ काम करना चाहूंगा। जैसे करण जौहर, अनुराग कश्यप, राम गोपाल वर्मा। हालांकि नए डायरेक्टर्स के साथ भी काम करने में उतना ही मजा आता है। नए फिल्ममेकर्स की सोच और अप्रोच अलग होती है। अनुभवी निर्देशकों के साथ काम करके अनुशासन और सीखने का मौका मिलता है, जबकि नए निर्देशकों के साथ काम करने में अलग तरह का रोमांच होता है। वो एक्सपेरिमेंट करने की आजादी देते हैं।

## खलनायक के गाने पालकी में होके सवार के नए वर्जन का अनुभव कैसा था?

जब इस गाने का ऑफर मिला तो शुरुआत में इसे हल्के में लिया लेकिन जब ऑफर एक्सेप्ट करके सेट पर पहुंचा और पूरा गाना सुना तब समझ आया कि यह कितना पेपी और एनर्जेटिक सॉन्ग है। इसका निर्देशन, कोरियोग्राफी और सेटअप शानदार था। पूरी टीम में जबरदस्त जोश था।

# फिल्म दीवानियत में दिखाई देंगे हर्षवर्धन राणे

साल में 2016 हुई रिलीज हर्षवर्धन राणे की फिल्म सनम तेरी कमस को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म पर दर्शक खूब प्यार बरस रहे हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर खूब अच्छा परफॉर्म कर रही है।

सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता के बाद हर्षवर्धन एक अन्य प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। दरअसल उनकी नई फिल्म का एलान हो गया है, जिसका नाम दीवानियत है। इसकी जानकारी हर्षवर्धन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा... दीवानियत फिल्म कहानी है, प्यार और हार्टब्रेबेक की ये कहानी साल 2025 में सिनेमाघरों में आने वाली है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जावेरी ने संभाली है, वहीं अमूल मोहन और अंशुल मोहन इसके निर्माता हैं। एक्ट्रेस को लेकर भी कोई खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है।

